सुविचार
शिक्षा पद्धति किसी भी देश का भविष्य तय करती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 31 January 2024 ● Year : 02 ● Issue : 14 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com   E-Paper : epaper.thephotonnews.com


12
प्रियामणि-यामि एक साथ आएंगी नजर

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 71,139.90 |
| निफ्टी | : | 21,522.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,960 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बीआइटी मेसरा के छात्र पीयूष ने किया सुसाइड

**RANCHI :** राज्य के सबसे बड़े इंजीनियरिंग कॉलेज बीआइटी मेसरा में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेसर थाना थाना प्रभारी सुमित कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस छात्र ने सुसाइड किया है] उसका नाम पीयूष राज है। वह पतरातू का रहने वाला था। बीआइटी मेसरा में वह हॉस्टल नंबर 3 के रूम नंबर 91 में रहता था। छात्र चादर से फंदा बनाकर सुसाइड किया है। छात्र के रूम से सुसाइड नोट मिला है। इसके साथ ही पुलिस को घटनास्थल से और भी कुछ चीजे मिली हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**RANCHI :** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी जोहन डांग को 20 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर जोहन डांग को एक साल की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। जोहन डांग इस मामले में एक नवंबर 2022 से जेल में है। इससे पूर्व अदालत ने जोहन को 25 जनवरी को दोषी करार दिया था। जोहन डांग रांची में सदर थाना क्षेत्र में किराये के घर में रहता था। उस पर मकान मालिक की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप है। लड़की के परिजनों ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले में अभियोजन की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### लेह-लद्दाख से किर्गिस्तान तक भूकंप से डोली धरती

**NEW DELHI :** भारत के लेह-लद्दाख से लेकर सात समंदर पार किर्गिस्तान में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 05:39 बजे लेह और लद्दाख में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज की गई है। फिलहाल कहीं से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है। उधर, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज के अनुसार किर्गिस्तान-झिंजियांग सीमा क्षेत्र में मंगलवार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई। भूकंप के कारण जानमाल की कोई क्षति हुई या नहीं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

## झारखंड में सियासी हलचल तेज : सीएम आवास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144

# हेमंत से आज एक बजे पूछताछ करेगी ईडी

# गठबंधन की बैठक में नहीं पहुंचे 7 विधायक

**CRIME REPORTER RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन से ईडी बुधवार की दोपहर एक बजे पूछताछ करेगी। सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने ईडी द्वारा 20 जनवरी को पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया। साथ ही बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद 31 जनवरी को अपने आवास पर ही बयान दर्ज कराने पर सहमति देते हुए ईडी को ई-मेल भेजा था। अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया है। विधी व्यवस्था को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में, राजभवन की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगाई गई है। इधर, मंगलवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास में हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की हुई बैठक में महागठबंधन के सात विधायक नहीं पहुचे। उधर, मंगलवार को झामुमो ने प्रेस कांफ्रेंस कर राज्यपाल पर भी जमकर निशाना साधा।

संबंधित खबर पेज 03 पर भी।


सीएम आवास में सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन व मंत्री आलमगीर आलम।

- बैठक से निकले मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा- हेमंत पर पूरा भरोसा है
- कांग्रेस विधायक प्रदीप बोले- हम एकजुट हैं
- महुआ माजी बोलीं- ये सरकार गिराने की साजिश
- सीएम ने ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया
- 20 जनवरी को पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया
- पूछताछ के दौरान सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

## सीएम आवास में राजनीतिक हालत व आगे की रणनीति पर हुआ मंथन

**RANCHI :** सियासी हलचल के बीच मंगलवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास में हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। करीब दो घंटे तक हुई इस बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालत और आगे की रणनीति पर मंथन किया गया। हालांकि बैठक में क्या निर्णय लिये गये यह स्पष्ट रूप से बाहर नहीं आ पाया है। बुधवार दिन के साढ़े 11 बजे से सत्ता पक्ष के विधायकों की फिर बैठक होगी। बैठक खत्म होने के बाद सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बाहर निकले। मीटिंग से निकले मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि प्लान बी की कोई बात नहीं। प्लान बी तब होगा, जब प्लान ए में गड़बड़ होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ है। पूरी पार्टी एकजुट है। आत्मरक्षा का अधिकार सभी को है। बैठक से निकलने के बाद विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के तमाम विधायक, वाम दल के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं। नेतृत्व परिवर्तन की बात केवल प्रोपेगेंडा है। इसमें कहीं कोई सच्चाई नहीं है। हमलोगों ने और राज्य की जनता ने 5 साल के लिए हेमंत सोरेन को चुना है, इसलिए भाजपा जितना भी कोशिश कर ले हमलोग भाजपा को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक न तो पहुंचने देंगे और ना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छूने देंगे।

## सीएम हेमंत सोरेन के आवास से ईडी ने 36 लाख रुपये और दो गाड़ियां जब्त की

**RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची के बड़गाईं लैंड स्कैम मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित ठिकानों से 36 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं। साथ ही उनकी दो कार को जब्त कर लिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। ईडी ने बताया है कि उसकी टीमों ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित तीन ठिकानों पर दबिश दी थी। इसमें उनके आवास से 36 लाख रुपए नकद और दो कार जब्त की है। ईडी की टीम जमीन घोटाला से जुड़े धनशोधन मामले में जांच करने उनके आवास पर गई थी। लेकिन, हेमंत सोरेन वहां नहीं मिले। जांच टीम झारखंड भवन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सरकारी आवास पर भी गई, लेकिन झारखंड के सीएम वहां भी नहीं मिले। जांच के दौरान हेमंत सोरेन के घर से कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली में तीन जगहों पर छापेमारी की थी।



### हेमंत की गुमशुदगी का अरगोड़ा थाना में दिया गया आवेदन

**RANCHI :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लापता होने के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा अरगोड़ा थाना में आवेदन दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के नेता रोमित सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में यह कहा गया है कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन लापता हैं, उनकी कोई जानकारी नहीं है। यह गंभीर विषय है। भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वारा दिए गए आवेदन में यह कहा गया है कि पिछले 40 घंटे से झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन लापता है उनकी कोई जानकारी नहीं है। हालांकि सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को लौट गए।

## दिल्ली में मिले ₹36 लाख बाबूलाल या ईडी ने किया प्लांट : झामुमो

**RANCHI :** दिल्ली में हेमंत सोरेन के सरकारी आवास से 36 लाख रुपए मिलने की खबर पर झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मीडिया में खबर आई है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपए बरामद हुए हैं। क्या किसी व्यक्ति की अनुपस्थिति में उसके घर की तलाशी ली जा सकती है? सुप्रियो भट्टाचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि किसके हैं वो 36 लाख रुपए? क्या ईडी या बाबूलाल के द्वारा इसे प्लांट नहीं किया गया? झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ एक अपराधी की तरह व्यवहार हो रहा है। खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। सीएम हेमंत सोरेन के रांची पहुंचने और सीएम हाऊस की बैठक में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की उपस्थिति को लेकर लगाये जा रहे कयासों को पार्टी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मीडिया का दायित्व है कि वह इस तरह की खबरों से बचे और प्रोपगेंडा न फैलाये। झामुमो ने राज्यपाल पर भी निशाना साधा। झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आप राज्य में पैनिक उत्पन्न करना चाहते हैं? बैठा लीजिए अपने आवास में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को।

## सर्वदलीय बैठक : जोशी ने कहा- सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार

# आज से संसद का बजट सत्र, 146 विपक्षी सांसदों का सस्पेंसन रद्द, ले सकेंगे हिस्सा

**AGENCY NEW DELHI :** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमने पहले ही कहा था कि इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है। गठबंधन की मौत तो करीब हो ही गई है। इसका ब्रेन डेड है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हुए हमले और राज्य सरकार की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया। साथ ही हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद समेत विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग का भी जिक्र किया। मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में 30 पार्टियों के 45 नेता शामिल हुए। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलबंन को रद्द करने का अनुरोध किया था।

- बीजेपी बोली- इंडिया गठबंधन का ब्रेन डेड
- राहुल गांधी की यात्रा पर हुए हमले और राज्य सरकार की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का मुद्दा उठा
- सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग का भी हुआ जिक्र



### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 9 से, 16 को पेश होगा बजट

**रांची :** झारखंड विधानसभा का पंचम बजट सत्र नौ से 29 फरवरी तक होगा। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने मंगलवार को बजट सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दिया है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ नौ फरवरी को बजट सत्र की शुरूआत होगी। हेमंत सोरेन सरकार 16 फरवरी को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेगी। 19 से 26 फरवरी तक प्रश्नकाल, 27 से 29 फरवरी तक प्रश्नकाल, गैर सरकारी संकल्प, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य संपादित किये जायेंगे। नौ से 29 फरवरी के बीच शनिवार, रविवार और सरस्वती पूजा के दिन सत्र नहीं चलेगा। नौ से 29 फरवरी तक झारखंड विधानसभा का बजट सत्र होगा। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दिया।

### पीएम का चार फरवरी का धनबाद दौरा रद्द

**RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद दौरा रद्द हो गया है। पीएम चार फरवरी को धनबाद में दो कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे। पीएम पहले हर्ल प्लांट सिंदरी का उद्घाटन करने वाले थे। इसके बाद बरवाअड्डा एयरपोर्ट पर एक आम सभा को संबोधित करने वाले थे। धनबाद के विधायक सह कार्यक्रम के प्रभारी राज सिन्हा ने मंगलवार (30 जनवरी) को बताया कि अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम स्थगित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 4 फरवरी के कार्यक्रम के लिए 3 फरवरी को ही रांची पहुंच जाने का कार्यक्रम था। तय हुआ था कि वह राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। 4 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर से धनबाद जिले के सिंदरी स्थित हर्ल प्लांट के लिए रवाना होंगे। पीएम की यात्रा के मद्देनजर सिंदरी में अस्थायी हेलीपैड बनाया गया है। प्लांट का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी को यहां काम करने वालों से मुलाकात करनी थी। फिर सुबह 10 बजे यहां से बरवाअड्डा में भाजपा की जनसभा को संबोधित करना था। पीएम मोदी के आगमन की तैयारियों में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जुटे हुए थे।

### प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा भी टला

**PATNA :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा एक बार फिर से टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी चार फरवरी को बिहार आने वाले थे। प्रधानमंत्री को बेतिया में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। इसके साथ बेतिया लोकसभा क्षेत्र में उनकी जनसभा थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा आगे बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेतिया के सुगौली में 6500 करोड़ रुपये के इंडियन ऑयल की परियोजना का शुभारंभ करने का कार्यक्रम था। परियोजना के शुभारंभ के बाद वह बेतिया के रमना मैदान में जनसभा को भी संबोधित करते। इसके लिए बिहार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय कार्यकर्ता तक तैयारी में जुट गए थे।

## तेजस्वी से ईडी का सवाल आपके करोड़ों रुपये की आमदनी का स्रोत क्या है


पूछताछ के बाद बाहर निकले तेजस्वी, कार्यकर्ताओं का बढ़या हौसला।

**AGNECY PATNA :** नौकरी के बदले जमीन के मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव के छोटे बेटे और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से ईडी की पूछताछ खत्म हो गई है। ईडी के अधिकारियों ने तेजस्वी यादव से करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ की है। ईडी ने तेजस्वी यादव से सुबह 11:30 बजे से 7:50 बजे करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने तेजस्वी से उनके करोड़ों रुपए की आमदनी का स्त्रोत पूछा। सुबह जब तेजस्वी यादव के साथ उनकी बड़ी बहन व राजद सांसद मीसा भारती समेत कई विधायक और विधान पार्षद समेत अन्य बड़े नेता ईडी कार्यालय पहुंचे थे। उनके ईडी दफ्तर पहुंचने से पहले ही सैकड़ों राजद समर्थक की भीड़ भी वहां जुट गई थी। जो पूरे दिन ईडी की कार्रवाई का विरोध जताते रहे और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते रहे।

**दिल्ली से आयी ईडी के अधिकारियों की टीम ने की पूछताछ :** तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय से 12 अधिकारियों की एक टीम आयी हुई है। इस टीम ने सोमवार को राजद सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे पूछताछ की थी।

- तेजस्वी से साढ़े आठ घंटे ईडी ने की पूछताछ
- 12 अधिकारियों ने मांगे 60 सवाल के जवाब
- तेजस्वी के ईडी दफ्तर पहुंचने से पहले ही सैकड़ों राजद समर्थक की जुट गई थी भीड़
- पूरे दिन ईडी की कार्रवाई का जताते रहे विरोध, केंद्र सरकार के खिलाफ करते रहे नारेबाजी

**तेजस्वी से पूछे गए सवाल**

- जिस कंपनी के आप मालिक हैं वह कैसे और कब बनी ?
- जब आप नाबालिग थे तो कंपनी बनाने का विचार कैसे आया?
- कंपनी चार करोड़ की थी, कंपनी के बनने के कुछ साल में ही करोड़ों का ट्रांजैक्शन कैसे?
- आपकी कमाई की स्रोत क्या रहा है?
- नाबालिग से बालिग होते ही 21-22 साल की उम्र में आपकी कंपनी का मुनाफा कैसे करोड़ों रुपए हो गया?

## कोबरा कमांडो अग्रिम अभियान शिविर एफओबी बना रहे थे, तभी नक्सलियों ने किया हमला

# छत्तीसगढ़ में CRPF कैंप पर नक्सली हमला, 3 जवान शहीद

**AGENCY BIJAPUR :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को नक्सलियों ने सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया। नक्सलियों ने कैंप पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में सीआरपीएफ के 3 जवान शहीद हो गए, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। जब कोबरा कमांडो अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहे थे, तभी घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। बता दें कि एफओबी एक दूरस्थ शिविर है जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जब गोलीबारी हुई तब 201वीं कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन इलाके में काम कर रही थी। अधिकारियों ने कहा कि कमांडो ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायलों की संख्या ज्यादा हो सकती है।

**2021 में नक्सली हमले में 23 जवान हुए थे शहीद :** आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया, बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ गोलीबारी हुई है। जिसमें जवान घायल हुए हैं। उन्होंने बताया, यह वही जगह है जहां 2021 में 23 जवान शहीद हुए थे।



### दंतेवाड़ा में साजिश नाकाम, बड़ी घटना टली

इससे पहले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बरामद होने से मंगलवार को एक बड़ी घटना टल गई। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई खोज के दौरान जिला आरक्षित बल (डीआरजी), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ), जिला बल और बम निरोधक दस्ते के संयुक्त दल को किरनडुल थानांतर्गत हिरोली गांव के निकट पांच और तीन किलोग्राम के दो आईईडी मिले। उन्होंने कहा, गश्त के दौरान इलाके से गुजरने वाले सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए रास्ते में विस्फोटक लगाए गए थे। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने बाद में बमों को निष्क्रिय कर दिया। एक बड़ी त्रासदी टल गई। सात जिलों वाले बस्तर संभाग में नक्सली अक्सर नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक लगाते रहते हैं।

BRIEF NEWS

### गिरिडीह में बीते चार महीनों में 183 साइबर ठग धराए

**GIRIDIH :** जिले में विगत चार महीनों में 183 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर साढ़े चार लाख नकदी बरामद की गई है। इसके अलावा नामी-गिरामी कंपनियों सहित अन्य ब्राडों के 400 मोबाईल सेट, 500 से अधिक एटीएम/सिमकार्ड जब्त किये गये हैं। यह जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर पुलिस एवं संबंधित थाना पुलिस की और से की गई है।

### शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन

**LOHARDAGA :** मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के निदेश पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमण्डल दण्डाधिकारी अमित कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कोडरमा के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**KODERMA :** हैदराबाद में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जामताड़ा जिले में ट्रायल कैंप के जरिए झारखंड टीम का चयन किया गया था। इसमें कोडरमा से भदोडीह निवासी बालक वर्ग में नवाज दिलशान , बालिका वर्ग में गांधी स्कूल रोड निवासी डॉली कुमारी एवं उरवां निवासी शिम्पी कुमारी का चयन झारखंड टीम में हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एक फरवरी से चार फरवरी तक अपना प्रदर्शन दिखाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को कोडरमा जिला कबड्डी संघ के समस्त सदस्यों ने मंगलवार को अपने आशीर्वाद एवं शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

### झारखंड पार्टी की जिलाध्यक्ष ने हाथी प्रभावित गांवों में बांटे टॉर्च

**KHUNTI :** झारखंड पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष असीमा टोपनो और समाजसेवी और बांदू डॉक्टर के रूप में प्रसिद्ध डॉ मनीष मुंडा ने मंगलवार को हाथियों के आतंक से प्रभावित कई गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने डिगरी मुंडा टोली, सदान टोली, बरटोली और पाहन टोली में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मौके पर असीमा टोपनो और डॉ मनीष ने गव वालों के बीच टॉर्च का वितरण किया। ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष को बताया कि रनिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाथी किसानों के मकान को तोड़कर तथा अनाज को खाकर क्षति पहुंचा रहे हैं। मौके पर असीमा टोपनो ने बताया कि जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण बुरी तरह डरे-सहमे हैं। उन्होंने कहा कि गामीणों के दर्द से जिला प्रशाासन को अवगत कराया जाएगा और हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की जाएगी।

### 750 सुरक्षा जवान व 250 सुपरवाइजर की बहाली के लिए विभिन्न थानों में लगेगा शिविर

**KHUNTI :** सेक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सेक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा खूंटी जिले के विभिन्न थाना में 28 जनवरी से भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नौ फरवरी तक आयोजित होगा। संस्था के भर्ती अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में 750 सुरक्षा जवान एवं 250 सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को रीजनल ट्रेंनिंग एकाडमी जमशेदपुर में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वास्थ्य सुरक्षा जवान की उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलोग्राम निर्धारित है।

# प्रेम-प्रसंग में स्कूल के दो टीचर की हत्या, आरोपी ने खुद को मारी गोली

## अलग-अलग रिवॉल्वर से चलायी गयी तीन गोलियां, तीनों हथियार बरामद

**PHOTON NEWS GODDA :** त्रिकोणीय प्रेम-प्रसंग में एक शिक्षक और एक शिक्षिका की हत्या कर दी गई। वहीं दोनों को गोली मारने वाले आरोपी शिक्षक ने भी खुद को गोली मार ली। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मामला गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित उत्क्रमित विद्यालय चतरा की है। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है।



घटना स्थल पर लगी भीड़। • फोटोन न्यूज

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि स्कूल के सभी शिक्षक लाइब्रेरी भवन में बैठे हुए थे। अचानक शिक्षक रवि रंजन ने अपने पास से देसी पिस्तौल निकाल कर सबसे पहले शिक्षिका सुजाता कुमारी के ऊपर गोली चलाई। गोली लगते ही सुजाता कुमारी कुर्सी से लुढ़क कर नीचे गिर गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि दूसरी गोली आदर्श सिंह पर चलायी गयी। आदर्श सिंह ने कुर्सी पर बैठे-बैठे ही दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी शिक्षक रवि रंजन ने खुद के सिर में भी गोली मार ली। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना की खबर फैलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण स्कूल में जमा हो गए। सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान रवि रंजन की भी मौत हो गई। घटना में मृत शिक्षिका सुजाता कुमारी ग्राम दांडे की निवासी है। जबकि रवि रंजन पोड़ैयाहाट के निवासी हैं। वहीं मृतक आदर्श सिंह यूपी के बताए जा रहे हैं।

**जानें क्या है पूरा मामला**

बताया जा रहा है कि रवि रंजन का पहले से सुजाता कुमारी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बाद में सुजाता की नजदीकियां आदर्श सिंह के साथ बढ़ने लगी। यह बात रवि को नागवार गुजरी और उसने पूरे खेल को ही समाप्त कर देने का बड़ा फैसला ले लिया। इसके लिए योजना बनाकर तीन नए-नए देसी रिवॉल्वर की व्यवस्था की और तीनों गोली अलग-अलग रिवॉल्वर से चलायी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीनों रिवॉल्वर को बरामद कर लिया है। एक साथ तीन शिक्षकों की लाश स्कूल से निकलने के बाद शिक्षा महकमा में मातम छा गया है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही है। आखिर शिक्षा के मंदिर में ऐसा घिनौना खेल कैसे खेला जा रहा था। स्कूल प्रबंधन पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल इस विभत्स घटना की सर्वत्र निंदा हो रही है।

# लातेहार : जंगल से पांच किलो का केन बम बरामद



बरामद केन बम। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LATEHAR :** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदुप जंगल में छापामारी कर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के द्वारा लगाए गए पांच किलो के केन बम को बरामद किया। सुरक्षा बलों ने बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया।

इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों के द्वारा सैदुप जंगल में बम लगाया गया है। सूचना के आधार पर सीआरपीएफ की एक टीम गठित की गई और जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के क्रम में ही जंगल में लगाए गए लगभग पांच किलोग्राम का एक केन बम बरामद किया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### डीसी की अध्यक्षता में हुई नार्को कॉ ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक

# अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलायें अधिकारी : उपायुक्त

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नार्को कॉ ऑर्डिनेशन सेंटर की हुई बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जागरूकता लाने और नशामुक्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस संबंध में सभी तरह के निर्देश उत्पाद, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग को उपलब्ध कराते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



बैठक करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी। • फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर उन्हें उचित निर्देश दें। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं मुखिया की उपस्थिति में ग्रामसभा की बैठक कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

# गैस टैंकर में लगी आग, मची अफरा तफरी

**PHOTON NEWS BOKARO :** बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के उत्तासारा एनएच किनारे मंगलवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एक गैस टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे टैंकर में आग लग गयी। जानकारी के अनुसार घटना उस वक्त घटी, जब अमोनिया गैस से भरा टैंकर एक ऑटो को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे पलट गया।



**प्रशासन ने एनएच के दोनों छोर पर गाड़ियों को रोक दिया**

टैंकर के पलटते ही सड़क से घर्षण के कारण उसमें आग लग गयी। विस्फोट के साथ आग की तेज लपटें उठने लगी। घटना के बाद प्रशासन ने एनएच के दोनों छोर पर गाड़ियों को रोक दिया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के वाहनों के साथ दर्जनों दमकलकर्मी वहां पहुंचे और आग पर काबू करने के प्रयास में लग गये।

समाचार लिखे जाने तक घटना के तीन घंटे बीत जाने के बाद भी आग की लपटें उठ रही थी। टैंकर पूरी तरह से जल गया था, लेकिन केमिकल का प्रभाव रहने के कारण आग की धीमी लपटें उठ रही थी।

**पुलिस ने सड़क पर वाहनों का आवागमन शुरू करवाया**

लगभग दो घंटे के बाद पुलिस ने सड़क पर वाहनों का आवागमन शुरू करवाया। जले हुए गैस टैंकर के बारे अभी कोई सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही है। कहा जा रहा है कि घटना के बाद अगर चालक-उपचालक किसी तरह कूदकर निकल गये होंगे तो संभवतः उनकी जान बच गयी होगी। टैंकर कहां से कहां जा रहा था। इसका कोई पता नहीं चल पाया है।

# जनजातियों ने जनवितरण प्रणाली के राशन के लिए डीसी व डीएसओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS PALAMU :** भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय नौजवान सभा के जिला सचिव अभय कुमार भुइयां ने जिले के रामगढ़ एवं चैनपुर प्रखंड के दर्जनों आदिम जनजाति जाति महिलाओं के साथ जनवितरण प्रणाली का राशन की कालाबाजारी को लेकर उपायुक्त एवं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष मंगलवार को प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

जिला सचिव ने कहा कि अक्टूबर से ही चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंडों के आदिम जनजाति लोगों का राशन बंद है लेकिन इस ओर किसी भी पदाधिकारी का ध्यान नहीं है। भाजपा के विधायक जो अपने आप को गरीबों का बेटा कहते हैं, उनको भी इन गरीब लोगों से कोई मतलब नहीं रह गया है। समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी सही समय पर राशन नहीं उपलब्ध हो पा रहा है तो इसका जवाबदेह खाद आपूर्ति पदाधिकारी चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं। इससे पहले भी आदिम जनजातियों को राशन उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने के बाद उपलब्ध हो पाया था।

जिला सचिव ने सवालिया निशान में पदाधिकारी से पूछा कि क्या पदाधिकारी तब तक नहीं सुनेंगे जब तक उनके समक्ष प्रदर्शन नहीं होगा? खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्को ने टेलीफोन से वार्ता में कहा कि एक फरवरी को नावाडीह गांव में राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद सभी महिलाएं वहां से गई और सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि एक फरवरी को राशन नहीं मिलता है तो अगले दिन हजारों की संख्या में आदिम जनजाति आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे और गेट को जाम करेंगे।

प्रदर्शन में सुषमा मुर्मू, कमोदा कुंवर, शांति कुमारी, रोशनी कुमारी, जगबानी देवी, सेलमणि कुमार, कालू देवी, सोमारी देवी, मेलामेट कोरवा, विधु कोरवा, सुकन कोरबा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सेना भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित

# भारतीय सेना में भर्ती होना देश सेवा के लिए एक बेहतर मौका : उपायुक्त

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** सेना भर्ती कार्यालय, रांची ने आज भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए लोहरदगा नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। • फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है। जो भारतीय थल सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है। सेना में आप जाकर अपने समाज, जिला व राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। आप सभी में प्रतिभा है और आपका भविष्य उज्ज्वल है।

कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय ने क्विज व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भारतीय सेना से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी। कर्नल विकास भोला ने अग्निवीर स्कीम के जरिये सेना में बहाली की प्रक्रिया, अभ्यर्थी की योग्यता, आवेदन की प्रक्रिया, सेवाकाल के दौरान मिलने वाले लाभ आदि की जानकारी दी। क्विज में सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सेना भर्ती कार्यालय ने उपायुक्त को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन व परिवहन रोकने पर चर्चा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पिछले एक माह के दौरान अवैध खनन के रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य। • फोटोन न्यूज

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अबतक कुल 144 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसमें 173 वाहनों को जब्त किया गया है। और 111 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, 57 वाहनों को राजसात के लिए प्रेषित किया गया है एवं 52 वाहनों से नियमानुसार दंड की राशि वसूल की गई है। इस वित्तीय वर्ष में अबतक बालू के 85 प्राथमिकी में 59 अभियुक्तों एवं 98 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# बैटरी मांगने गए पंसस पति पर टांगी से हमला, जख्मी

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के आदर गांव में गाड़ी की बैटरी मांगने गए चोरहट की पंचायत समिति सदस्य गुड्डी देवी के पति संजय सिंह पर मंगलवार को टांगी से हमला किया गया। इस घटना में संजय का सिर गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। उसे बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हमला करने वाले लोगों के परिवार को थाना ले आई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दोषियों को जेल भेजा जाएगा।



घायल युवक। • फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि संजय सिंह पर आदर गांव के ही अभिषेक सिंह, प्रवीण सिंह, कमलेश सिंह ने हमला किया। संजय इनके घर गाड़ी की बैटरी मांगने के लिए गए हुए थे। इसी क्रम में उन पर टांगी से हमला किया गया। सिर पर मारकर गंभीर जख्म बना दिया गया और फिर उन्हें पड़कर कमरे में बंद कर दिया गया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो वे संजय सिंह को मुक्त करने गए, लेकिन हमलावर परिवार ने किसी ग्रामीण को वहां सटने नहीं दिया।

सूचना मिलने के बाद रामगढ़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और कमरे में जख्मी हालत में संजय सिंह को निकाल कर बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। साथ ही हमला करने वाले लोगों को पकड़कर थाना ले आए। थाना प्रभारी ने कहा कि संजय सिंह पर हमला करके उसे कमरे में बंद करके ताला लगा दिया गया था।

### उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का किया गया आयोजन

# चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर लगाये जाएं रंबल स्ट्रिप : डीसी

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपायों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले के सभी चिह्नि ब्लैक स्पॉट के समीप आवश्यकतानुसार रंबल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही जिला के घनी आबादी वाले क्षेत्र में सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से संबंधित साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग चाईबासा के कार्यपालक अभियंता को मार्ग में दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण कर रंबल स्ट्रिप एवं साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया।



अभियान के तहत हस्ताक्षर करते उपायुक्त। • फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान सिविल सर्जन को गुड समरिटन का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया । सड़क दुर्घटना के मामले में मुआवजा प्रदत्त करने के उद्देश्य से सभी थाना प्रभारी को आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिला में वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है, जिसके द्वारा सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में सघन जांच अभियान चलाया जाना आवश्यक है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में अभियान चलाया जाए साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर आवश्यक कारवाई की जाए। सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया विशेष हस्ताक्षर अभियान सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को समाहरणालय में विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

# JSSC परीक्षा पेपर लीक मामले की हो सीबीआई जांच : नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** जेएसएससी अभ्यर्थियों के साथ अगर न्याय नहीं हुआ तो संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी झारखंड बंद का आह्वान करेगी। ये बातें मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने बताया कि जेएसएससी द्वारा संचालित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने पर छात्रों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र का बार-बार लिक होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नायक कहा कि प्रश्न पत्र लिक होने के मामले में सर्वप्रथम एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए व इसकी जांच तत्काल सीबीआई कराई जानी चाहिए। परीक्षा कंडक्ट करने वाले एजेंसी को तुरंत ब्लैकलिस्ट करते हुए जेएसएससी के अध्यक्ष को अपनी नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए।



विजय शंकर नायक।

# बाबूलाल व निशिकांत पर झामुमो दर्ज कराएगा आपराधिक मुकदमा

## कहा- बाबूलाल का दिमागी इलाज करानेवाले को 11 लाख रुपये देंगे

- बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने सीएम को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह शर्मनाक
- सीआरपीसी की धारा 499 (मानहानि) का केस करेगी पार्टी
- भाजपा राजनीतिक तौर पर हेमंत सोरेन से नहीं सकी तो खुलेआम गुंडागर्दी करने लगी


प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रियो भट्टाचार्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झामुमो ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी तथा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। कैंप कार्यालय, रांची में मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उन्होंने 29 जनवरी को ही मीडिया को बताया था कि सीएम हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे अब लौट भी आये हैं। इस बीच, भाजपा के बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने सीएम को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह शर्मनाक है। नीचता की पराकाष्ठा है। उनके खिलाफ पार्टी अब सीआरपीसी की धारा 499 (मानहानि) का केस करेगी। सीएम कोई व्यक्ति भर नहीं, अपने आप में एक संस्थान हैं। उनके खिलाफ दोनों ने नीच तरीके से आचरण दिखाया है। वे सीएम को मिसिंग बताते हैं, 11 हजार रुपये ईनाम की बात करते हैं। बाबूलाल का संगठन सीएम को लेकर थाना तक चला जाता है। सुप्रियो ने इसी दौरान बाबूलाल का दिमागी इलाज करानेवाले को पार्टी की ओर से 11 लाख रुपये मदद करने की भी बात कही। जब भाजपा राजनीतिक तौर पर हेमंत सोरेन से नहीं सक पा रही तो जांच एजेंसियों के जरिये खुलेआम गुंडागर्दी करने पर लग गयी है। सीएम के मिसिंग होने की बात करनेवाले मुख्य विपक्षी दल और उनके नेता बतायें कि क्या सीएम भाजपा ऑफिस में बायोमेट्रिक अटेंडेंस देंगे? क्या सीएम के नहीं रहने से उनका राशन खत्म हो गया था। सुप्रियो ने कहा कि यह साल सही समय है जब सीएम के बारे में नीचतापूर्ण आचरण करनेवाले को चिन्हित किया जाये और उसे आइसोलेट किया जाये। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का सीएम हाउस में विधायक संग बैठक में शामिल होने के मसले पर सुप्रियो ने कहा कि दोपहर में हुई बैठक एक साथ जुटने और बापू वाटिका जाने को लेकर थी। लोगों की कल्पना से राजनीति नहीं चलती।

### घुटने के बल आए रांची

मीडिया के इस सवाल पर कि आखिर सीएम रांची कैसे लौटे, सुप्रियो ने भड़कते हुए कहा कि मीडिया का ऐसा सवाल भ्रम पैदा करता है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि जो कोई भी जिस साधन (ट्रेन, प्लेन, बस) से कहीं जाये तो उसी से लौटे। कोरोना काल में महाराष्ट्र से हजारों लोग 2500 किमी पैदल चल कर यहां आए। सीएम भी आ गये, यही बहुत है। भले वे घुटने के बल चल कर आए हों। राजभवन को भी निशाने पर रखते कहा कि यह कौन सा पैनिक क्रिएट किया जा रहा, वे मुख्य सचिव, डीजीपी को अपने ही यहां रख लें।

**चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामला : हाईकोर्ट ने पूछा**

# गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए गए



### क्या है मामला

दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के दिशा निर्देश पर दिल्ली गई अनुसंधान की टीम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बीते दिनों 20 बच्चियों को बरामद किया है। इनमें से 16 बच्चिया नाबालिग है, जबकि चार बच्चिया बालिग है। इस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अनुसंधानकर्ता से मौखिक कहा कि तलाश जारी रखें गुमशुदा दोनों बच्चे भी मिल जाएंगे, इसके अलावे ट्रैफिकिंग के शिकार अन्य बच्चे भी बरामद हो सकेंगे। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि, गुमशुदा दोनों बच्चों की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा ।

## BRIEF NEWS

### रांची में कई जगहों पर लागू हुई निषेधाज्ञा

**RANCHI :** लैंड स्कैम मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बीच राजधानी रांची में कई जगहों पर निषेधाज्ञा लगा दी गई है। अनुमंडल कार्यालय सदर रांची की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि कई संगठनों की ओर से धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि की सूचना है। इसकी वजह से सरकारी कार्यक्रमों में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। साथ ही यातायात की व्यवस्था भी बाधित हो सकती है। इतना ही नहीं, धरना-प्रदर्शन, जुलूस और रैली के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। किसी भी सूरत में शहर में शांति भंग न हो, इसलिए अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने धारा-144 लगाने की घोषणा की है। आदेश में कहा गया है कि रांची सदर अनुमंडल में कम से कम तीन जगहों पर धारा-144 लगाई गई है। आदेश के मुताबिक, कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में, राजभवन की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगाई गई है।

### रांची-आरा में लगाए गए अतिरिक्त कोच

**RANCHI :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को मद्देनजर रखते हुए रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी तौर पर अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध की गई है। ट्रेन 18640/18639 रांची झ आरा झ रांची एक्सप्रेस में एक फरवरी से 29 अप्रैल तक एवं आरा से दो फरवरी से 30 अप्रैल तक अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच लगाया जाएगा । ट्रेन 18603/18604 रांची-गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में एक फरवरी से 30 अप्रैल तक एवं गोड्डा से 2 फरवरी से 01 मई तक 01 अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच लगाया जाएगा । 18619/18620 रांची-गोड्डा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में रांची से एक फरवरी से 30 अप्रैल तक एवं गोड्डा से 02 फरवरी से एक मई तक एक अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच लगाया जाएगा ।

### राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन: चंद्रशेखर

**RANCHI :** शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को सचिवालय के विभिन्न विभागों सहित ग्रामीण विकास विभाग सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखा। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर हर वर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारी कृतज्ञता तभी सार्थक होगी, जब हम सभी उनके बताये मार्ग पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

### हेमंत सरकार को गिराने का षडयंत्र : वामदल

**RANCHI :** झारखंड के राजनीतिक हालात पर वामदलों की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया। यह बयान माकपा, भाकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी की ओर से जारी किया। जिसमें नेताओं ने कहा कि 2024 चुनाव के लिए भाजपा अनिश्चितता की स्थिति में है। इसी डर से वह बड़े ही निर्लज्ज और आक्रामक तरीके से केंद्रीय एजेंसी ईडी और धन की शक्ति का इस्तेमाल कर रही है। जिससे भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को कमजोर कर सके। इसके लिए वह दलबदलुओं को तोड़ कर लोकसभा चुनाव में कैसे जीता जाये, इसके लिए पूरी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। हाल ही में भाजपा ने महाराष्ट्र में उसके बाद कर्नाटक में और अब बिहार में यह हथकंडा अपनाया है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776




**हेमंत ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

# बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर बापू वाटिका, मोरहाबादी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं। हम सभी को गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे शख्सियत हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया। इस मौके पर मंत्रियों एवं विधायकों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बापू के पदचिन्हों पर चलने का लेते हैं संकल्प

गांधी की पुण्यतिथि पर सभी विधायक-मंत्री ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गर्व है कि ऐसे लोग हमारे बीच में जन्मे और हमें मार्गदर्शन दिया। बापू के कदमों पर हम ही नहीं देश-दुनिया भी आचार-विचार का अध्ययन करती है। हम सब निश्चित रूप से इसके लिए संकल्पित हैं। महात्मा गांधी के विचार दबे नहीं और जिस तरीके से आजादी से लेकर आज तक उनको याद किया जाता है। उनके विचारों को आगे बढ़ाया जाता है। हम सब मिलकर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं। सीएम से पहले सत्ता पक्ष के विधायक-मंत्री बापू वाटिका पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान इरफान अंसारी ने कहा कि सत्यमेव जयते। खेला भी बाकी है।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को निशाने पर लिया**

# झारखंड में नियुक्ति की भी लूट, चोरों को होटवार जेल पहुंचा कर ही दम लेगी भाजपा : बाबूलाल



प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी।

- विधानसभा में बेरोजगार युवाओं को 5-7 हजार रुपये मासिक भत्ता देने की बात कही थी
- सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को पैसा कमाने का जरिया बना लिया

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जेएसएससी (झारखंड कर्मचारी चयन आयोग) को निशाने पर लिया। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन पर भी गंभीर आरोप लगाये। प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वर्तमान सरकार में बालू, जमीन, लोहा, कोयला और अन्य खनिज संसाधनों की लूट तो है ही, अब नियुक्ति की भी लूट शुरू है। पिछले दिनों चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा और उससे पहले प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना उनके पास आयी थी। कैंडिडेट्स तो बता रहे थे कि इसके एवज में उनसे 35-50 लाख रुपये की भी मांग की जा रही थी। उनके संज्ञान में जब बात आयी तो उन्होंने तत्काल इसकी सीबीआइ जांच की भी मांग की। अब यह तो तय हो गया है कि करप्शन इस लेवल पर है कि नौकरियां देने में लूट का खेल हो रहा। जो कैंडिडेट 35-50 लाख रुपया देकर नियुक्ति प्रक्रिया में लाभ उठायेंगे, वे आगे तो करप्शन की ही बुनियाद डालेंगे। इस सरकार में अभी पहली बार नियुक्ति प्रक्रिया या परीक्षा रद्द नहीं हुई है।

### यहां नौकरियों को बेचा जा रहा, बच्चों का भविष्य दांव पर

बाबूलाल के मुताबिक यहां नौकरियों को बेचा जा रहा है। बच्चों का भविष्य दांव पर है। पिछले दिनों सीएम के करीबियों के यहां छापे पड़े। करोड़ों मिले। इसके बाद जांच एजेंसियों ने केस करने को लिखा पर कुछ नहीं हुआ। अब तो हद हो गया है। इस राज्य के सीएम ईडी, सीबीआई से भागते फिरते हैं। राज्य ऐसे में कहां जा रहा है, यह सोचने लायक है। ऐसा लगता है कि यहां सरकार ने अपराधियों का गिरोह खड़ा कर रखा है। बीजेपी ऐसा होने नहीं देगी। जिसकी जहां अंतिम जगह है, वहां पहुंचा कर ही विश्राम लेगी। एक दिन सभी चोरों को होटवार जेल जाना ही होगा। बाबूलाल मरांडी के अनुसार जब झामुमो प्रमुख और हेमंत सोरेन के पिता कोयला मंत्री थे तो वो भी जांच एजेंसियों के डर से भाग गये थे। संसद में किसी एमपी ने कोयला मंत्री के खिलाफ एक पत्रिका में छपी खबर को लहराया था तो मंत्री पीछे से चुपचाप भाग गए थे। उस समय ना भाजपा, ना मोदी, ना शाहजी की सरकार थी, उस समय मनमोहन सिंह पीएम थे। मनमोहन सिंह खुद कई दिनों तक कोयला मंत्री का पता लगाते रहे, अंततः मंत्री को ससुराल (जेल) जाना ही पड़ा था। अब कल्पना करें कि वह दृश्य कैसा रहा होगा जब अभी के यहां के सीएम सीबीआई, ईडी, पुलिस के डर से चुपके से इधर से उधर भाग रहे होंगे। जो खुद ईडी, पुलिस से डर रहा हो, वह जनता को कैसे सुरक्षा देगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को सुनाई तीन साल की सजा, दो लाख रुपये जुर्माना भी

**CRIME REPORTER RANCHI :** साइबर क्राइम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी संतोष यादव के मामले में ईडी कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने संतोष यादव को 3 साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 2 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने यह आदेश दिया है कि संतोष यादव के आवास से बरामद 15 लाख 24 हजार 500 रुपए को केंद्र सरकार के खाते में जमा किया जाए। मामले में ईडी की ओर से 7 गवाह एवं बचाव की ओर से तीन गवाह प्रस्तुत किया गया था। ईडी की ओर से अभियुक्त के खिलाफ 24 दस्तावेज अदालत में प्रस्तुत किया गया था।

### लैंड स्कैम: विष्णु अग्रवाल ने ईडी कोर्ट में लगाई हाजिरी



**RANCHI :** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदने के मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल ने ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में हाजिरी लगाई। इस दौरान विष्णु अग्रवाल को अदालत द्वारा पुलिस पेपर सौपा गया। बता दें की विष्णु अग्रवाल अभी जमानत पर हैं, उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिली थी। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

# ईडी के एक्शन के बाद सुरक्षा चाक-चौबंद मुख्यालय ले रहा पल-पल की जानकारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** ईडी के एक्शन के बाद झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस मुख्यालय जिलों से पल-पल की जानकारी ले रहा है। विधि व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्कता बरत रहा है। साथ ही जिलों को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ईडी जैसे अन्य केन्द्रीय ब्यूरो के कार्यालयों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बलों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। रोड जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में पालीवार डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्त की गई है। जोनल आईजी को निगरानी रखने और पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में सूचना देने के लिए कहा गया है। राज्य के सभी थानों को अपने जिलों के कन्ट्रोल रूम से संपर्क के लिए कहा गया है। पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में प्रत्येक एक-एक घंटे स्थिति की जानकारी मांगी गई है। रेंज के आईडी और डीआईजी को इसकी जिम्मेवारी दी गई है। वर्तमान में देवघर एसपी का पद रिक्त रहने के कारण चंदन कुमार झा प्रभार दिया गया है। पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली है कि ईडी की कार्रवाई के विरोध में लोहरदगा, रामगढ़, दुमका और बोकारो में स्थिति बिगड़ने की संभावना है। खुफिया विभाग ने इसकी पुष्टि की है। ईडी की कार्रवाई की सूचना प्राप्त होती है तो सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता सबसे पहले इन जिलों में धरना प्रदर्शन करेंगे। बस आदि से कार्यकताओं का सैलाब राजभवन के घेराव के लिए रांची पहुंच सकता है।

**परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बैठक, प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का मिलेगा अतिरिक्त समय**

# ओएमआर शीट पर नहीं होगी मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा


परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बैठक करते अधिकारी।

**PHOTON NEWS RANCHI :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में मंगलवार को झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक बोर्ड) रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, सभी माध्यमिक केंद्र अधीक्षक एवं सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। आपको बता दें कि छह फरवरी से 26 फरवरी तक मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। परीक्षा एक ही टर्म में होगी। मैट्रिक की पहली पाली की परीक्षा सुबह 09:45 बजे से 01:00 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। मैट्रिक परीक्षा प्रश्न सह उत्तरपुस्तिका के माध्यम से होगी। इंटरमीडिएट परीक्षा 24 पृष्ठों की सादी उत्तरपुस्तिका के जरिए होगी। ओएमआर शीट के माध्यम से निर्धारित परीक्षा प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है। मैट्रिक के लिए 09:45 में पहली घंटी होगी। परीक्षार्थी सुरक्षित दूरी के साथ अपने कक्ष में जायेंगे। इसके बाद प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की जायेंगी। 15 मिनट तक परीक्षार्थी प्रश्नपत्र पढ़ेंगे। 10:00 बजे फिर घंटी बजते ही उत्तर लिखना प्रारंभ कर देंगें और परीक्षा 01:00 बजे समाप्त होगी। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा 02:00 से शुरू होगी और 05:15 बजे समाप्त होगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या के बराबर ही प्रश्न पत्र सह उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जायेंगी।

### मैट्रिक व इंटर के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र

मैट्रिक परीक्षा के लिए रांची जिला में कुल 100 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें कुल 38041 परीक्षार्थी शामिल होंगे। ये परीक्षा केन्द्र जिला मुख्यालय, अनुमण्डल मुख्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड मुख्यालयों में निर्धारित किये गये हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा के संचालन के लिए रांची जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें कुल 43175 परीक्षार्थी शामिल होंगे। ये सभी परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय एवं बुण्डू अनुमण्डल (साथ ही खलारी एवं सिल्ली प्रखण्ड) में बनाये गये हैं। झारखंड अधिविद्य परिषद् (रांची) के सचिव निदेशानुसार मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन के संबंध में दिये गये दिशा-निदेर्शों से सभी केन्द्राधीक्षकों को अवगत कराया गया।

# बूंदाबांदी के बाद मिलेगी ठंड से राहत, तापमान में होगी वृद्धि

**PHOTON NEWS RANCHI :** पिछले एक दो दिनों से राज्यवासियों को ठंड से राहत मिली है। न्यूनतम तापमान में वृद्धि के साथ ही लोगों को कनकनी से राहत मिलनी शुरू हो गयी है। इस संबध में मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में और वृद्धि दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। लेकिन 31 जनवरी और एक फरवरी को राज्य के कुछ हिस्से में बूंदाबांद की संभावना है। बूंदाबांदी मुख्य रूप दक्षिणी, उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में होने की संभावना है। इसमें पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, चतरा, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, बोकारो, रांची, खूंटी, रामगढ़ में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। वहीं, दो फरवरी से सुबह और शाम के वक्त बादल छाये रहेंगे। जबकि दिन के समय आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। लोगों को धूप मिलेगी। लेकिन दो फरवरी से फिर से न्यूनतम तापमान में वृद्धि की जानकारी दी गयी है। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 31 जनवरी और एक फरवरी को राजधानी में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है।

BRIEF NEWS

## धीरेन सेनापति बीजेपी प्रवक्ता नियुक्त



**ROURKELA :** भारतीय जनता पार्टी ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने प्रदेश भाजपा की एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पार्टी के विभिन्न मुद्दों को राज्य की जनता के सामने रखने के लिए प्रदेश प्रवक्ताओं के नामों की घोषणा की है। जिले और पानपोस संगठनात्मक जिले के वरिष्ठ नेता,बीजेपी पार्टी के लि धीरेन सेनापतिको प्रवक्ता बनाया गया है। वे राउरकेला शहर मंडल के पूर्व अध्यक्ष, दो बार के जिला भाजपा अध्यक्ष और बाद में राज्य भाजपा सचिव रहे है। बीजेपी जिला संगठन के नेतृत्व द्वारा धन्यवाद दिया।

## पांच जिलों के 10 हजार भक्तों ने श्री मंदिर परिक्रमा की



**ROURKELA :** पांच जिलों के 10,000 से अधिक भक्तों ने श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का दिव्य अनुभव प्राप्त किया है। राज्य सरकार ने सभी जिलों के भक्तों को भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन के साथ परियोजना का सुंदर अनुभव देने के लिए परिक्रमा परियोजना दर्शन की व्यवस्था की है। पहले दिन, गंजम, मयूरभंज, बालेश्वर, कटक और केंद्रपाड़ा जिलों की 500 पंचायतों और वार्डों से भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए। श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना और अन्य आध्यात्मिक क्षेत्रों के परिवर्तन और भक्तों के लिए भगवान के दर्शन की व्यवस्था से हर कोई बहुत खुश है।

## सुंदरगढ़ छात्रों के साथ वीके पांडियन ने खिचाई सेल्फी



**SUNDARGARH :** नवीन ओडिशा के अध्यक्ष वीके पांडियन ने सुंदरगढ़ के भवानीपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को प्रोत्साहित किया। वीके पांडियन सेल्फी मोड में दिखे। सुंदरगढ़ दौरे के मौके पर उन्होंने छात्रों के साथ सेल्फी ली। यहां तक कि उन्होंने छात्र के हाथ से मोबाइल फोन लेकर सेल्फी के लिए पोज दिया। छात्रा इस अवसर पर बहुत खुश थे।अपने भाषण में वीके पांडियन ने सुंदरगढ़ में छात्रों से कहा कि गहरा आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत ही सफलता की मूल मंत्र है।

## खंडाधार महोत्सव का हुआ उद्घाटन, कलाकारों ने प्रस्तुत किया ओडिसी नृत्य



**ROURKELA :** 14वें खंडाधार महोत्सव का उद्घाटन सुंदरगढ़ जिले के बणई बहुउद्देशीय खेल मैदान में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रंजीत चौधरी, सत्यनारायण मिश्र, राजेंद्र प्रधान, खगेश्वर बारिक, प्रदीप मिश्र, बिरजा मोहंती शामिल हुए। कला और कलाकारों की प्रतिभा को जनता के सामने लाना ही अतिथियों द्वारा खंडाधार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बताया गया। ओडिसी नृत्य के साथ बारमासी नृत्य, संबलवारी नृत्य आदि का प्रदर्शन किया गया।

## गुवा थाना में शहीद दिवस पर 2 मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**CHAIBASA :** गुवा थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में शहीद दिवस पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने पुलिस कर्मियों को संबोधित कर कहा कि देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को मेरा शत-शत नमन है। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# JSSC CGL पेपर लीक होने से अभ्यर्थी आक्रोशित, परीक्षा रद्द करने की मांग

## तांबो चौक में किया सांकेतिक प्रदर्शन, जेएसएससी के खिलाफ की नारेबाजी



प्रदर्शन करते छात्र। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने की घटना के बाद चाईबासा के अभ्यर्थियों में भी आक्रोश व्याप्त है। हालांकि जेएसएससी ने तृतीय पाली की परीक्षा रद्द कर दी है। इसके बाद भी यह आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब अभ्यर्थी बाकी पाली की परीक्षाओं को भी रद्द कर नए सिरे से परीक्षा लिये जाने की मांग करने लगे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को तांबो चौक में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा लिखनेवाले जिले के अभ्यर्थियों की बैठक हुई और पूरी परीक्षा रद्दकर नये सिरे से परीक्षा आयोजित किये जाने की मांग उठायी गयी।

साथ ही सड़क पर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए जेएसएससी के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छात्र नेता रेयांस सामड ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। 28 जनवरी को संपन्न सभी पालियों की परीक्षा और 5 फरवरी को होनेवाली परीक्षा भी रद्द की जाये। साथ ही परीक्षा लेनेवाली एजेंसी जेएसएससी के खिलाफ सख्त सीबीआई जांच हो। श्री सामड ने कहा कि झारखंड सरकार तथा जेएसएससी की लापरवाही के कारण आज करीब आठ लाख अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर आ गया है। इस अनियमितता के खिलाफ अब चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। यह तब तक चलता रहेगा जब तक पूरी परीक्षा रद्द कर दुबारा नहीं हो जाता है।

**अभ्यर्थियों ने आंदोलन के लिये बनाया कोल्हान स्टूडेंट यूनियन**

अभ्यर्थियों ने आंदोलन के लिये कोल्हान स्टुडेंट यूनियन चाईबासा का गठन किया। इसमें मनोज कालुंडिया को पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह हरीश बोदरा को सचिव, बिरसा बोयपाई को कोषाध्यक्ष तथा सुरेश बिरुवा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। यूनियन की अगली बैठक 2 फरवरी को आहूत की गयी। बैठक में प्रकाश लागुरी, शिशिर बिरुवा, मासूम चातर, रंजीत होनहागा, बबलू पिंगुवा, गिरेंदर कुंकल, दीपक बास्के, कृष्ण बोदरा, जमदार पुरती, सत्यजीत बानरा, मार्शल टुडू, अमित होनहागा, इंद्रजीत नायक, वीरेंद्र देवगम, मंगल सोरेन समेत बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद थे।

**जेकेएस कॉलेज में करियर काउंसिलिंग का आयोजन**

## करियर विकास एक आजीवन प्रक्रिया है : डॉ मोहित कुमार



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो स्थित जेकेएस कॉलेज मंगलवार को एनजीओ निर्माण की ओर से विशेष रूप से छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार ने की। एक्सएलआरआई जमशेदपुर की राशि, अर्पिता एवं मुरली की टीम ने छात्राओं को अपने करियर, शैक्षिक और जीवन संबंधी निर्णय लेने के लिए आवश्यक टिप्स दिये।

उन्होंने छात्राओं को करियर जानकारी के संसाधनों और स्त्रोतों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक योजना विकसित करने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ मोहित कुमार ने कहा कि करियर विकास एक आजीवन प्रक्रिया है इसलिए यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए लाभदायक है। कार्यक्रम का संचालन प्रो जी रम तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो लक्ष्मी मुर्मू ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज की अनेक छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक प्रो ईशा, प्रो रिंकू कुमार, प्रो गोराई, प्रो जी रमा, प्रो अनिता देवगम, शिक्षकेत्तर कर्मचारी अवधेश पांडेय, मुकेश शर्मा, शंकर रजक समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## मुखी समाज का यूथ फेस्टिवल चार को, कई गणमान्य होंगे शामिल




बैठक में शामिल मुखी समाज के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आगामी 4 फरवरी को मुखी समाज यूथ फेस्टिवल सह मिलन समारोह का आयोजन होगा। इसी तैयारी को लेकर मंगलवार को जुबली पार्क स्थित जेएन टाटा की मूर्ति के समक्ष मुखी समाज यूथ कमेटी ने बैठक की। इसमें मुख्य रूप से समाजसेवी शंभू मुखी डूंगरी एवं मुखी समाज युवा समिति अध्यक्ष देवेन मुखी, संयोजक आशीष मुखी और धनराज मुखी से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से यह प्रयास था कि मुखी समाज के सभी लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए एवं युवाओं को अपने सामाजिक संस्कृति दायित्व को समझाने के लिए ऐसा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसके माध्यम से मुखी समाज झारखंड प्रदेश में अपनी एकता का परिचय देगा।

इस कार्यक्रम में पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां के अलावे राउरकेला, सिनी, चाईबासा, घाटशिला, मुसाबनी, पोटका, जादूगोड़ा के विभिन्न क्षेत्र से मुखी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा कला संस्कृति ढोल नगाड़े के साथ शिरकत करेंगे। इसमें शामिल युवा पारंपरिक, सांस्कृतिक और लोक कला के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, विधायक और समाज के मुखिया गण, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारी जोर शोर से चल रही है। इसे सफल बनाने में मुख्य रूप से मुखी समाज यूथ कमेटी अध्यक्ष देवेन मुखी, उपाध्यक्ष नेहा मुखी, महामंत्री विक्रम मुखी, कोषाध्यक्ष रात्रि मुखी, कोर कमेटी अध्यक्ष धनराज मुखी, अंगरक्षक कार्तिक मुखी एवं सदस्य जोशना मुखी, रानी मुखी, ईशा मुखी, जोती मुखी, भूमि मुखी इत्यादि लगे हुए है।

## पैरलल ग्रामसभा का गठन, दो गुटों में बंटा छोटानागरा गांव

**CHAIBASA :** सारंडा का चर्चित छोटानागरा गांव दो गुटों में बंटा। इस गांव के ग्रामीणों ने एक-दूसरे के खिलाफ अलग-अलग दो ग्रामसभा का गठन किये। दोनों ग्राम सभा कमिटी के अध्यक्ष मुंडा बिनोद बारीक हैं। 30 जनवरी को छोटानागरा के मुंडा बिनोद बारीक की अध्यक्षता में छोटानागरा का धर्मरगुटू-बढुईया टोला के बीच मैदान में नया ग्राम सभा का गठन हेतु ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से मुंडा बिनोद बारीक को ग्राम सभा का अध्यक्ष, मोहन हंसदा को सचिव एवं जेमा चेरोवा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। दूसरी तरफ गांव का दूसरा गुट ने बीते दिनों पुराने ग्राम सभा कमिटी के सचिव मोहन हंसदा व कोषाध्यक्ष रीना मुर्मू को हटाकर अविनाश खण्डाईत को सचिव एवं प्रकाश गोप को कोषाध्यक्ष बना दिया था। इसी से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज छोटानागरा गांव में दूसरा ग्राम सभा कमिटी का गठन कर गुटबाजी को मेघाहातुबुरु खदान के प्रशासनिक व कार्मिक विभाग के उच्च अधिकारी सूत्रों ने बताया की सेलकर्मियों के शिकायत के बाद रजनीश कुमार को शो-कौज नोटिस दिया गया है और निलम्बन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। बढा. दिया है। आज की बैठक में उप मुखिया रमेश हंसदा, गोपाल टुडू, नाबिन हंसदा, उगीराम बहंदा आदि दर्जनों ग्रामीण थे।

# आजसू छात्र संघ की कोल्हान, जिला व नगर कमेटी भंग, 10 को सम्मेलन



कार्यक्रम में शामिल आजसू के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आजसू छात्र संघ के कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने संघ की टीम के साथ मंगलवार को आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के साथ भेंट वार्ता की। इस दौरान उन्होंने श्री सहिस के साथ छात्र संघ की मजबूती और आगामी 10 फरवरी को आजसू छात्र संघ के सम्मेलन पर विशेष चर्चा की। इस दौरान संघ की नई कोल्हान कमेटी, जिला कमेटी और नगर कमेटी का किस तरह पुनर्गठन किया जाए, ताकि संगठन मजबूत हो। इन सब बिंदुओं को रखते हुए रामचंद्र सहिस ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। भेंट वार्ता हेमंत पाठक के निर्देश पर कोल्हान महासचिव बिमलेश मंडल ने कोल्हान विश्वविद्यालय कमेटी ,पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी और जमशेदपुर नगर कमेटी भंग कर दी।

**दूसरे छात्र संगठनों से आए छात्र नेताओं को भी उचित सम्मान : हेमंत**

इस दौरान हेमंत पाठक ने कहा आजसू छात्र संघ कमेटी को पूरे कोल्हान में मजबूत करना है। छात्र संघ से निरंतर दूसरे छात्र संघ के छात्र नेताओं का जुड़ाव हो रहा है। हमारी कमेटी भंग कर दी गई है। अब अगले महीने नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें हमारी यह प्राथमिकता रहेगी कि नए चेहरे को सामने लाया जाय। दूसरे छात्र संगठनों से आए छात्र नेताओं को भी उचित सम्मान देने के साथ ही नये आंदोलन की राह तैयार करने की आवश्यकता है। प्रभारी होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है कि नयी कमेटी किस प्रकार मजबूत बने। तीनों जिला से मिलाकर कोल्हान कमेटी और सभी प्रखंड से मिलाकर जिला कमेटी का गठन हो, इसके लिए विशेष तैयारी चालू हो चुकी है।

# राउरकेला-कोलकाता विमान सेवा शुरू




**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला-कोलकाता हवाई सेवा आज से शुरू हो गयी है। फ्लाइट कोलकाता से उड़ान भरकर राउरकेला होते हुए भुवनेश्वर पहुंची। इसी तरह, भुवनेश्वर से कोलकाता तक की हवाई सेवा राउरकेला वासियों को सप्ताह में तीन दिन मिलेगी। दूसरी ओर, राउरकेला-भुवनेश्वर उड़ान सेवा डेढ़ महीने तक निलंबित रहने के बाद फिर से शुरू हो गई है। राउरकेला से 46 यात्री भुवनेश्वर गये हैं। हालांकि यात्रियों ने इस हवाई सेवा को नियमित करने का अनुरोध किया है।

दूसरी ओर, राउरकेला हवाई अड्डे पर विशेष वीएफआर प्रणाली अभी तक चालू नहीं हुई है। एलायंस एयर को इस प्रणाली में उड़ानें संचालित करने के लिए अभी तक डीजीसीए की मंजूरी नहीं मिली है। यदि विमान वीएफआर सिस्टम में नहीं उतर सका तो विमानन नियमित चलाचल में अनिश्चितता रहेगी। इस व्यवस्था को जल्द लागू करने की मांग की जा रही है।

राउरकेला से भुवनेश्वर उड़ान सेवा 50 दिनों के बाद फिर से शुरू हो गई है। लेकिन यह संभावना जताई गई है कि विभागीय अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए कि इसे कैसे नियमित किया जा सके।

# राउरकेला में छह सुरक्षा गार्डों की छंटनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** एसटीपीआई अधिकारियों द्वारा एक जनवरी को एसटीपीआई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया में स्थायी सुरक्षा के रूप में कार्यरत छह सुरक्षा गार्डों को अस्थायी रूप से नौकरी से हटाने की योजना का हिंद मजदूर सभा ने मंगलवार को विरोध किया। बर्खास्त सुरक्षा गार्डों ने हिंद मजदूर सभा के नेतृत्व में एसटीपीआई पार्क के सामने अनिश्चितकालीन शांतिपूर्वक धरना दिया गया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व हिंद मजदुर सभा के राज्य संपादक दिगंबर मोहंती, महिला संपादक मीनती बिस्वाल, निखिल ओडिशा आंगनवाड़ी कर्मचारी सभा के महासचिव दीप्तिरानी दास, महानदी कोलफील्ड के एमसीएल एसोसिएशन के संपादक कुलमणि परिडा प्रमुख ने किया। अन्य लोगों में, जगबंधु जेना के परिवार के सदस्यों, दिलीप जेना, हरि नारायण साहा, अजन कुमार नयाक, सरोज कुमार बारिक, ब्रजबंधु स्वाई, सोट गोचरायत, उषा बिशोई, भरत नाग ने भाग लिया। इस प्रदर्शन को लेकर कल आंचलिक श्रम आयुक्त संतोष कुमार साहू के के कार्यालय में बर्खास्तगी की सुनवाई के लिए दोपहर 12 बजे समय निर्धारित हुआ है।

## करनडीह में निकाली गई स्वच्छता सह ट्रैफिक जागरूकता रैली

**JAMSHEDPUR :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को करनडीह में स्वच्छता सह ट्रैफिक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत दक्षिण करनडीह द्वारा आयोजित इस रैली में काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी। इस दौरान महिलाओं ने करनडीह दक्षिण पंचायत भवन से लेकर प्रखंड कार्यालय तक रैली निकाली और जगह-जगह सफाई अभियान भी चलाया। दुकानदारों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की गई, साथ ही कचड़ा फैलाने वालों पर जुमार्ना लगाने का निर्णय लिया गया। महिलाओं ने कई स्थानों को नो पार्किंग जोन के रूप में भी चिन्हित किया और टेंपो व बस चालकों को उक्त स्थान पर वाहन न खड़ा करने के निर्देश दिए।

# रांची में किसानों को दिया गया तीन दिवसीय खेती का प्रशिक्षण




प्रशिक्षण में शामिल लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) की ओर से नोवामुंडी एवं कटामाटी क्षेत्र के कई गांवों के किसानों को रांची में तीन दिनों तक उन्नत कृषि की ट्रेनिंग दी गई। महुदी, सरबील, जामपानी, बड़ा बलजोड़ी, गुंडीजोड़ा, सानबड़बिल, पुटुगांव, नया कृष्णापुर, पुरुषोतमपुर, कुटुरपोसी, जुगुदीधारा, कांडरा, दामपुर, सियालीजोड़ा, महादेवनासा सहित कुल 15 गांव के 60 किसानों को कृषि ग्राम विकास केंद्र (केजीवीके), रुक्का, रांची में उन्नत कृषि पद्धतियों और पशुधन पर एक्सपोजर विजिट करवा कर ट्रेनिंग दी गई।

पहले दिन किसानों ने सब्जियों की नर्सरी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम), पोषण वाटिका, और जैविक खाद जैसे कि जीवामृत, घंजीवमृत, बीजामृत, नाडेप खाद इत्यादि तैयार करने के बारे में जानकारी हासिल किया। आईपीएम में लाभदायक और नुकसानदायक कीट, नीला- पीला स्टिकी ट्रैप के बारे में भी जानकारी दिया गया।कीट और बीमारियों के बारे में भी बतलाया गया।साथ में उसका जैविक प्रबंधन का भी जानकारी दिया गया।

दूसरे दिन, किसानों ने जीविक कीटनाशक जैसे कि गोबर हिंग, नीमस्त्र, अग्नियास्त्र, और कट्टा मट्टा फफुंदनासक, के बारे में जानकारी दिया गया और विभिन्न प्रकार के जैविक कीटनाशकों और उर्वरकों पर प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। जो उन्होंने थ्योरी कक्षा के दौरान सीखे थे।

**कांग्रेस ने शहादत दिवस के रूप में मनाया महात्मा गांधी की पुण्यतिथि**

# अभी भी अमर हैं महात्मा गांधी के विचार कांग्रेस



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रुप में मंगलवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में मनाया गया। मौके पर उनके चित्र के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना सभा व महात्मा गांधी के विचारों पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा कि महात्मा गांधी की काया नहीं है, लेकिन उनके विचार ऐसे है, जो अभी भी अमर है। गांधी एक राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने देश में स्वतंत्रता की लड़ाई आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ा। इनके संघर्ष का औजार सत्य और अहिंसा था।

उन्होंने कहा कि सत्य को इन्होंने भगवान माना और अहिंसा इनका अस्त्र था। उनका प्रिय भजन वैष्णव जन को जिसका मतलब है कि अच्छा इंसान वही होता है, जो दूसरे की पीड़ा को समझता हो। हमें गांधी का अनुयायी बनना है। उनके आदर्शों पर चलना है। आजादी की लड़ाई में जितनी आवश्यकता महात्मा गांधी की थी, उनके विचारों-आदर्शों की ज्यादा जरुरत आज महसूस होती है। उनका यह वचन ईश्वर अल्ला तेरे नाम, सबको सनमती दे भगवान, महात्मा गांधी का यह संदेश आज भी अत्याधिक प्रासंगिक है।

कांग्रेसियों ने कहा कि पहले बापू बने, फिर महात्मा बने और फिर राष्ट्रपिता बने। उनका असहयोग आंदोलन चम्पारण से अंग्रेजों के खिलाफ अत्याचार का सबसे बड़ा आंदोलन बना था। नमक सत्याग्रह, सवज्ञा आंदोलन और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन ने अंग्रेजो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। गांधी के द्वारा चलाया गया आंदोलन काफी अनुशासित था और ब्रिटिश सरकार जो कि उस समय दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र उनके खिलाफ अहिंसा के ताकत लड़ना सदी के सबसे बड़ा आंदोलन का हथियार बना।

मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास , कांग्रेस नेता त्रिशानु राय, जितेन्द्रनाथ ओझा, कैरा बिरुवा, रंजीत यादव, डॉ। नंदलाल गोप, लियोनार्ड बोदरा, दिकु सावैयां, संतोष सिन्हा, गुरुचरण सोनकर, यशवीर बिरुवा, सकारी दोंगो, महिला नेत्री अनिता सुम्बरुई, जामबी कुदादा, जया सिंकु, जगदीश सुंडी, क्रांति प्रकाश, सुरेश सावैयां, जुरिया बोयपाई, विक्रमादित्य सुंडी, शरण पान, गणेश कोड़ाह, सिद्धेश्वर कालुण्डिया, सुशील दास, फरदीन करीम आदि उपस्थित थे।

# सुंदरगढ़ जिले में 82 परिवर्तित विद्यालय का हुआ लोकार्पण



**PHOTON NEWS ROURKELA :** 5टी हाई स्कूल रूपांतरण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को कालाहांडी, भद्रक, कोरापुट कंधमाल और सुंदरगढ़ जिलों में 343 परिवर्तित हाई स्कूलों का उद्घाटन किया। इसमे सुंदरगढ़ जिले में 82 परिवर्तित उच्च विद्यालयों का उद्घाटन किया गया।


इस अवसर पर स्थानीय सेंट मेरी हाई स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नाइक शामिल हुए। पूर्व विधायक योगेश सिंह, विशेष विकास परिषद के अध्यक्ष विनय टोप्पो, जिला परिषद अध्यक्ष कुंती प्रधान उपस्थित थे। कार्यक्रम जिलाधिकारी पराग हर्षद गभली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सुंदरगढ़ जिले में पहले चरण में 67, दूसरे चरण में 180, तीसरे चरण में 49 और आज चौथे चरण में 82 स्कूलों को रूपांतरित किया गया है।

# चेहरा नीतीश का, ताकत में रहेगी बीजेपी

## यूपी-एमपी मॉडल पर चलेगी बिहार सरकार, सबसे पहले ये 3 काम करेगी

एजेंसी

**पटना ।** भाजपा 17 महीने चीखती रही- बिहार में फिर जंगलराज आ गया है। नीतीश जंगलराज लाने वाले लालू की गोद में बैठे हैं। अब वही बीजेपी सरकार में है। सबसे बड़ी चुनौती यही दिखाने की होगी कि जंगलराज था और अब इसे खत्म किया जा रहा है। इसके लिए नई सरकार बनने के साथ पहली प्राथमिकता क्राइम कंट्रोल है। स्टाइल यूपी और एमपी वाला होगा। सामने लोकसभा चुनाव फिर अगले साल विधानसभा चुनाव है। इसलिए सरकार का इस पर सबसे ज्यादा फोकस होगा। क्राइम कंट्रोल के लिए गृह विभाग होना जरूरी है, इस बार बीजेपी गृह विभाग अपने पास चाहती है। अभी तक यह विभाग नीतीश अपने पास ही रखते रहेबिहार में कानून की रक्षा करने वाली पुलिस पर साल 2023 में 100 से अधिक हमले हुए हैं। पिछले 6 महीने में तीन-तीन दरोगा को रेत और बालू माफिया ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस मुख्यालय के आंकड़े बताते हैं, 2022 में बिहार पुलिस पर 450 से अधिक बार हमले हुए हैं। यह आंकड़ा 2020 और 2021 मिलाकर 340 था। पुलिस पर हुए हमले पर ठोस कार्रवाई करने के बजाए पुलिस 6 हजार से अधिक लोगों को जेल भेजने की बात कहकर अपनी पीठ थपथपाती रही।बुलडोजर और एंटी माफिया - लूट, डकैती, हत्या जैसे अपराधों में शामिल अपराधियों की संपत्ति की कुर्की, अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवा देना। बड़े माफिया को जेल में डालना।एनकाउंटर- योगी सरकार का क्राइम पर रोक लगाने



का यह बड़ा हथियार है।भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंसः भ्रष्टाचारियों पर तत्काल एक्शन लेना। बड़े अफसरों पर भी एक्शन।अफसरों पर तत्काल एक्शनः गैर जिम्मेदाराना बयान देने वाले या काम न करने वाले अफसरों पर तेजी से कार्रवाई।साल 2017 तक यूपी भी बिहार की तरह क्राइम वाला स्टेट माना जाता था। यहां भू माफिया और भ्रष्टाचार के साथ गुंडाराज चरम पर था। योगी आदित्यनाथ के हाथ में यूपी की बागडोर आने के बाद सरकार की यह छवि बनी कि एनकाउंटर, बुलडोजर स्टाइल से अपराध कम हो गए हैं। इसका फायदा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिला। बिहार में भाजपा शुरू से ही माफियाओं पर बुलडोजर और अपराधियों के एनकाउंटर की मांग करती आ रही है। इन दोनों एक्शन से नई सरकार को दो फायदे होंगे। पहला- अपराधियों में खौफ बढ़ेगा और क्राइम कंट्रोल जल्दी हो जाएगा। दूसरा- ठऊअ सरकार को यह साबित करने में कामयाबी मिलेगी कि तेजस्वी की वजह से क्राइम बढ़ा था।एक्सपर्ट बताते हैं, पब्लिक तो लॉ एंड ऑर्डर से ही खुश हो जाती है। आम जनता की तो हर सरकार से बस एक ही अपेक्षा रहती है, बिहार क्राइम फ्री हो जाए। यह ऐसा मुद्दा है जो हर एक व्यक्ति को प्रभावित करता है। इसलिए यूपी में योगी सरकार ने अपनी अलग छवि बनाई। बुलडोजर मॉडल लाया तो उसकी चर्चा पूरे देश में हुई। ऐसे ही मॉडल पर अब एमपी में भाजपा हिट कर रही है। इससे दोनों राज्यों में भाजपा की छवि काफी बदली है।महागठबंधन की सरकार में समाज से ज्यादा जातियों पर फोकस रहा है। जातीय जनगणना कराकर ओबीसी, ईबीसी और महादलित में बांटकर बीजेपी के हिंदुत्व से लड़ने की तैयारी हो रही थी, नई सरकार में यह बदल जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बिना सड़क स्कूल भवन भी जर्जर



**दरभंगा ।** दरभंगा के घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय का हाल बेहाल है। निर्माण के कुछ ही दिनों में स्कूल का भवन की छत का प्लास्टर गिर गया है। किसी तरह बरामदे, या प्रांगण में बच्चों को बैठाया जाता है। इस स्कूल की स्थापन 2007 में हुई है और 2008 में इसकी बिल्डिंग बनी थी।इस स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरि शंकर प्रसाद ने बताया कि स्कूल आने का कोई रास्ता भी नहीं है। पगडंडियों के सहारे आना पड़ता है। बरसात में भयानक समस्या होती है। बाढ़ में पूरा स्कूल डूब जाता है। यहां तक आने का कोई सरकारी रास्ता नही है।लोगों के घर के आगे से फिर खेत से होकर आना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया की इस विद्यालय में कुल 74 बच्चे पढ़ते हैं। इसमे से रोज औसतन 50 बच्चे उपस्थित रहते हैं। इन सभी बच्चों पांच शिक्षक पढ़ाते हैं।इसमें से 3 महिला और 2 पुरुष शिक्षक हैं। जिसमें से 2 महिला बीपीएससी के जरिए हाल ही में आई हैं।और बाकी सब नियोजित है शिक्षा विभाग के आदेश पर भवन का निरीक्षण करने पहुंचे जेई जमील अख्तर ने इस भवन को खंडहर घोषित कर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंप दी है। स्कूल के एचएम ने भी कई बार ऊपर के अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायत की गई लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकला है।

### पूर्व उपमुखिया की 3 गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में बदमाशों ने उप मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अशोक राय (45) के रूप में हुई है। अशोक राय किसी काम से बोडिंग चौक गए थे। इस दौरान घात लगाए बदमाशों ने अशोक राय पर ताबड़तोड़



फायरिंग कर दी। अशोक राय को छाती, पीठ और पेट में तीन गोली लगी। बदमाशों ने इस दौरा 6 राउंड फायरिंग की और बाइक से भाग निकले।स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने अशोक राय को मृत घोषित कर दिया। घटना बरूराज थाना के बखरी धूम इलाके की है।घटना की जानकारी के बाद पुलिस एसकेएमसीएच पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। बड़ा बेटा 20 वर्ष और छोटा बेटा 17 वर्ष का है।मौके पर पहुंचे बरूराज थाना के सब इंस्पेक्टर जग्गू कुमार ने बताया कि थाना से सूचना मिली कि एक व्यक्ति घायल हो गया है। उसको एसकेएमसीएच भेजा गया है। सूचना मिलने के बाद हम एसकेएमसीएच पहुंचे। यहां आने पर पता चला की गोली लगने के कारण उनकी मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही

## पूर्व मुखिया के घर में घुसकर गोलीबारी 4 महिलाएं जख्मी




एजेंसी

**नालंदा।** नालंदा में पूर्व के विवाद को लेकर बदमाशों ने मंगलवार को पूर्व मुखिया के घर में घुसकर गोलीबारी की। हमले में एक ही घर की 4 महिलाएं जख्मी हो गईं। घायलों में स्वर्गीय सुशील प्रसाद की पत्नी चंद्रकांति देवी, पप्पू प्रसाद की पत्नी वीभा देवी, विजय कुमार की पत्नी फूला देवी और राजेश प्रसाद की पत्नी रीता देवी हैं। चारों आपस में सास-बहू लगतीं हैं। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन्हें हाथ-पैर में चोट लगी है। घटना के संबंध में जख्मी रीता देवी ने बताया कि घर के आंगन में बैठकर सभी आग ताप रहे थे। तभी वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश उर्फ बल्ली गोप अपने गुर्गों के साथ आया और राजेश प्रसाद को खोजने लगा। जब बताने से मना किया तो बल्ली गोप के गुर्गों ने फायरिंग कर दी। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के कान्धु पीपर गांव का है।पंचायत में किसी योजना पर कार्य कराया गया था। जिसमें गड़बड़ी की शिकायत राजेश ने संबंधित विभाग से की थी। इसी बात को लेकर वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश उर्फ बल्ली गोप ने पहले फोन कर पूर्व मुखिया राजेश प्रसाद को जान मारने की धमकी दी, इसके बाद घर पहुंच कर अपने गुर्गों के साथ गोलीबारी कर दी।चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व के विवाद को लेकर घटना हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटनास्थल पर पीड़ित ने एक खाली कारतूस दिया। आसपास के लोगों ने गोलीबारी की घटना से इनकार किया है।

## सन्दिग्ध हालत में मिली महिला की लाश

**न्नालंदा।** में सोमवार को सन्दिग्ध हालत में एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। मामला पटना जिला के धनरूआ थाना के कुशवन करडूआ नदी के पास का है।मृतका की पहचान चिकसौरा थाना के बेचू बीघा गांव निवासी शिवप्रसाद की पत्नी संगीता देवी(25) के रूप में की गई है। देर शाम परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक



के भाई कहना है कि दहेज के लिए गला दबाकर हत्या की गई है। भाई ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी बहन के पति का अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है।थरथरी थाना के रूपसपुर गांव निवासी मृतका के भाई दीपक गोप ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि ससुराल वालों ने संगीता देवी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के प्रयास में है। जैसे ही वे लोग बहन के ससुराल पहुंचे तो घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। आसपास के लोगों से पता चला कि शव को पास के नदी में ले जाकर फेंक दिया गया है।

## मुंगेर की बेटी बनी यंग मॉडल ऑफ द इयर

एजेंसी

**मुंगेर ।** मुंगेर की बेटियां उड़ान भर रही है। चाहे खेल के क्षेत्र में हो संगीत के क्षेत्र में या एक्टिंग मॉडलिंग के क्षेत्र में मुंगेर की बेटियां जिले का नाम रोशन कर रही है। इसी में शहर के बड़ी बाजार रहने वाले जीव विज्ञान के शिक्षक अभिजीत सेन गुप्ता एवं मे नेटरोडेम जमालपुर की अंग्रेजी विषय की शिक्षिका रिया की आईआईटीएन बेटी श्रीजा सेन गुप्ता का नाम जुड़ गया है। श्रीजा सेन गुप्ता को 27 जनवरी 2024 को दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित राइजिंग भारत 2024 के ग्रैंड फिनाले में बेस्ट यंग मॉडल अवार्ड मिला।श्रीजा 2500 प्रतिभागियों में सबको पीछे छोड़ते हुए अव्वल




आई। यह पुरस्कार श्रीजा को भारत के पद्म भूषण से विभूषित भारत की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी के हाथों दिया गया। मौके पर एक्टिंग मॉडलिंग के कई दिग्गज मौजूद थे। इससे पहले भी श्रीजा सेन गुप्ता को राजस्थान में आयोजित 2023 में फॉरएवर मिस इंडिया का अवार्ड मलाइका अरोड़ा के हाथों मिल चुका है।इस संबंध में श्रीजा ने बताया कि वह पटना में आईआईटी की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह कंप्यूटर एंड डाटा एनालिसिस से आईआईटी की पढ़ाई करते हुए भी मॉडलिंग के क्षेत्र में अग्रसर है। साथ ही उन्हें संगीत से रुचि है। अपने माता-पिता को अपना रोल मॉडल मानती है। साथ ही सुष्मिता सेन गुप्ता के जैसी बनकर वह अनाथ बच्चों की सेवा करना चाह रही है। उनका अगला पड़ाव अंतर्राष्ट्रीय मॉडलिंग अवार्ड जितना है। जिसके लिए वह दुबई भी जा रही है ।

## 88 पुलिस अधिकारियों को रिलीव करने के आदेश



**नवादा ।** जिले से स्थानांतरित 29 पुलिस इंस्पेक्टर समेत 88 पुलिस अफसरों को विरमित (रिलीव) करने का आदेश जारी कर दिया गया है। विरमित अफसरों में 59 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। नवादा के एसपी अम्बरीष राहुल के जारी जिलादेश के मुताबिक सभी पुलिस अफसरों को 01 फरवरी 2024 से स्थानांतरित जिले अथवा इकाई में योगदान के लिए विरमित कर दिया गया है।इन अफसरों को नव पदस्थापन वाले जिलों और इकाई में 5 फरवरी तक निश्चित रूप से योगदान कर लेने का आदेश दिया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पुलिस मुख्यालय स्तर और आईजी स्तर पर गठित कमेटियों की अनुशंसा पर इनका स्थानांतरण किया गया था। इनमें से अधिकांश पुलिस अफसर क्षेत्रांतर्गत निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके हैं।14 थानाध्यक्षों का हो चुका तबादलानिर्वाचन विभाग के निदेशानुसार जिले के 14 थानाध्यक्षों का अब तक तबादला किया जा चुका है। इनमें नगर थानाध्यक्ष, मुफस्सिल, रजौली, पकरीबरावां, काशीचक, कौआकोल, हिसुआ, रोह, परना डाबर, नारदीगंज, यातायात, नरहट, वारिसलीगंज व कादिरगंज ओपी के थानाध्यक्ष शामिल हैं। पकरीबरावां, वारिसलीगंज, रजौली व हिसुआ सर्किल के इंस्पेक्टरों का भी तबादला दूसरे जिलों और इकाई में किया गया है। इनकी जगह पर दूसरे जिलों और इकाई से पुलिस अफसरों को जिले में भेजा गया है।

## गलत मीटर लगाने पर 12 हजार 500 का जुमार्ना

एजेंसी

**सीतामढी ।** सीतामढी में दूसरे के नाम पर बिजली मीटर लगाना भारी महंगा पर गया। बिजली विभाग का भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आने के बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने विभाग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आदेश निर्गत किया है। इसमें उपभोक्ता पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना को लेकर जुमार्ना लगाए गए हैं।निर्गत विद्युत विपत्र को निरस्त करते हुए उपभोक्ता से सुलहनामा नहीं लगाए जाने पर मुकदमा चलाने की बात कही गयी है। मामला विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन ,आवश्यक शुल्क जमा करने के




बाद भी विभाग से निर्गत मीटर कर्मी द्वारा दूसरे उपभोक्ता के घर लगाने एवं विद्युत विपत्र दोनों उपभोक्ता के नाम से निर्गत करने संबधित है।परिवादी द्वारा लगातार विभाग में आवेदन देने के बाद भी इसमें सुधार नहीं किया गया। पारित आदेश शकुन्तला देवी रिंग बांध सीतामढ़ी बनाम कार्यपालक अभियंता व सहायक अभिंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सीतामढ़ी से संबधित है।पांच साल बाद विभाग ने की कार्रवाई इसमें परिवादनी के नाम से उपभोक्ता संख्या 401112044 का निर्गत मीटर बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ता संख्या 401112072 रामपृत साह के यहां लगाकर विद्युत विपत्र दोनों जगहों पर बिना कनेक्शन के ही निर्गत किया जा रहा था। जिसके सुधार के लिए उपभोक्ता पांच वर्षों तक बिजली विभाग में दौड़ते रहे। लेकिन पांच वर्षों में मुकदमा का नोटिस जारी करने के बाद भी त्रुटि की सुधार नहीं की जा सकी।

## जवान के घर नगद और जेवरातों की चोरी

नवादा नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय के ऊपर बाजार निवासी रिटायर्ड आर्मी सह सैप जवान दिनेश कुमार जब अपने ड्यूटी पर थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी कर ली। चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर कमरे में प्रवेश किया और गोदरेज-बक्स को तोड़कर आभूषण और नगद की चोरी कर ली। चोरी के बारे में पता तब चला जब वे धर आए। चोरी की घटना की जानकारी पीड़ित ने थाने को दी। एसआई ललन कुमार व एएसआई सुधीर कुमार तिवारी ने स्थिति का जायजा लिया। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।छुट्टी पर घर आए रिटायर्ड आर्मी सह सैप जवान दिनेश कुमार



ने कहा कि 2010 में आर्मी से रिटायर्ड कर सैप में बहाल हुआ था। वर्तमान में गया जिले के डोभी थाना में पदस्थापित हूं। 25 दिसंबर को अपनी पत्नी सरिता देवी के साथ घर से ड्यूटी पर गया था और 28 जनवरी को छुट्टी में घर आने के बाद पाया कि कमरा खुला पड़ा है और अंदर रखे बक्से और गोदरेज का लॉक टूटा हुआ है।

## रैन बसेरा बेसहारों के लिए बना सहारा कंबल, तकिया

**मुंगेर।** मुंगेर नगर निगम और समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मुंगेर शहर में तीन ओर जमालपुर में एक रैन बसेरा गरीब, बेसहारा, ओर बाहर से आने वाले निम्न स्तर के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। रेन बसेरा में प्रशासनिक स्तर पर रहने वाले लोगों के लिए निशुल्क कंबल तकिया चादर बेड मच्छरदानी और अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे मनोरंजन के लिए टीवी भी लगाया गया है रैन बसेरा में 75 बेड लगाएमुंगेर शहर में तीन जगहों पर रैन बसेरा बनाए गए हैं। जिसमें एक बस स्टैंड, दूसरा लाल दरवाजा मछली तालाब के सामने और तीसरा अड़गड़ा रोड लल्लू पोखर में हैं। जबकि एक जमालपुर में आदर्श थाना के सामने जमालपुर



सफियासराय रोड में है। ठंड में रैन बसेरा लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है।मुंगेर ओर जमालपुर मिलाकर चार रैन बसेरा बनाए गए है। जिसमे एक रैन बसेरा में 75 बेड लगाए गए हैं। इसमें बेसहारा लोगों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। रात्रि में सुरक्षा के लिए नाइट गार्ड की भी व्यवस्था की गई हैबस स्टैंड के समीप अलाव की व्यवस्था थी ।

## राहुल गांधी नवोदय स्कूल के बच्चों से मिले

एजेंसी

**पूर्णिया ।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बिहार में आज दूसरा दिन है। राहुल गांधी मंगलवार की सुबह 10.15 बजे के करीब पूर्णिया पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने गढबनैली नवोदय विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की है।इससे पहले राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अररिया में उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि न्याय की यह महायात्रा गांधी जी के विचारों से ही प्रेरित है और जो भी उनकी विचारधारा को कुचलने की कोशिश करेंगे, वहां हम खड़े मिलेंगे।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 76 साल पहले आज ही के दिन नफरत फैलाने वाली शक्तियों ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। उन्हें याद करने के लिए आज सुबह बिहार के अररिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कैंप स्थल पर प्रार्थना सभा आयोजित की गई।उन्होंने कहा कि उस विचारधारा और उसे मानने वालों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जिन्होंने महात्मा के जीवनकाल में तो उनका विरोध किया, उन्हें नकारा और अंत में उनकी हत्या की, लेकिन अब उनकी विरासत को हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। जो लोग गोडसे का महिमामंडन करते हैं, उन्हें 'आईडिया ऑफ इंडिया' को परिभाषित करने की इजाजत न तो दी जानी चाहिए और न ही दी जाएगी।आज न्याय यात्रा अररिया से पूर्णिया के रंगभूमि मैदान पहुंचेगी। यहां राहुल एक घंटे तक सभा को संबोधित करेंगे। सोमवार (29 जनवरी) को उन्होंने आरएसएस



और बीजेपी पर तो हमला बोला, लेकिन सीएम नीतीश कुमार को लेकर कुछ नहीं कहायात्रा और जनसभा को मिलाकर राहुल गांधी करीब साढ़े तीन घंटे तक पूर्णिया में रहेंगे। दैनिक भास्कर से बात करते हुए बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि राहुल गांधी सुबह करीब 9 बजे अररिया से पूर्णिया के लिए यात्रा की शुरूआत करेंगे। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा अररिया के अंबेडकर चौक, अररिया जीरो माइल, गैयारी अंडरपास, रामपुर चौक, कुशियार पार्क रोड, मटियारी चौक होते हुए अररिया-पूर्णिया बॉर्डर पर करीब 10 बजे प्रवेश करेगी।जनसभा में एंट्री के लिए बनाए गए 11 गेट रंगभूमि मैदान कार्यक्रम की देखरेख का जिम्मा संभाल रहे कांग्रेस नेता राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि राहुल गांधी की जनसभा के लिए बनाया गया मुख्य मंच 80 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा है। इस पर 100 चेयर्स होंगे।जनसभा में एंट्री के लिए 11 गेट बनाए गए हैं। श्श्क्ढ गेट से मुख्य लीडर्स, जबकि श्क्ढ गेट से मीडिया की एंट्री होगी। लोगों के बैठने के लिए 70 हजार कुर्सियां लगाई जा रही हैं, जबकि 30 हजार लोग खड़े होकर रंगभूमि मैदान से राहुल गांधी को सुन सकेंगे।जनसभा को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने 2 लाख लोगों के जनसभा में पहुंचने का दावा किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की इस जनसभा में कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, के वेणुगोपाल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, दर्जनों एमपी, एमएलए और एमएलसी साथ रहेंगे। इसके अलावा, उन्होंने गठबंधन के साथियों दीपांकर भट्टाचार्य, डी राजा, सीताराम येचुरी, लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव नेता को भी आमंत्रित किया है।पुष्कर कुमार ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को लेकर 155 स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा, करीब 25 अतिरिक्त पॉइंट्स बनाए गए हैं। एक हजार से अधिक पुलिस बल की तैनाती रहेगी। राहुल गांधी जिन रास्तों से गुजरेंगे, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेड प्लस सुरक्षा होने के कारण डीएम और एसपी खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# जंगलराज से बिहार का बचाव

यह सही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अनेक नेताओं ने नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे बंद रखने का ऐलान किया था। यह नीतीश के परिवारवाद और घोटाले के आरोपों से घिरी राजद के पाले में जाने के बाद लिया गया था। लेकिन आज उसी बिहार को परिवारवाद, भ्रष्टाचार घोटालों से बचाने के लिए भाजपा को निर्णय बदलना पड़ा। यह निर्णय उस विचार के अनुरूप है कि राष्ट्र और जनहित पहले, पार्टी बाद में। बिहार का हित इसी में था। भाजपा ने भारत रत्न से विभूषित कपूर्री ठाकुर के विचारों पर अमल किया। बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कपूर्री ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। जबकि वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उप मुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बने थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। राजद प्रमुख अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश पर निर्णायक दबाब बना चुके थे। जातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाब ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। दूसरी तरफ नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे। नीतीश कुमार को आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए। भाजपा के साथ केंद्र में मैत्रीपूर्ण फिर मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सुशासन बाबू की छवि बनी थी। वह छवि राजद से हाथ मिलाते ही चौपट हो गई। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के सरताज बने। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं है। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे थे। कहने को तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे। लेकिन नीतीश के मुकाबले लगभग दो गुना संख्याबल था। ऐसी सरकारें खास अंदाज में चलती हैं। मुख्यमंत्री को अपने उप मुख्यमंत्री की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता था। भाजपा और जेडीयू की बात अलग थी। दोनों ने मिलकर चुनाव था। गठबंधन के नेता नीतीश कुमार थे। उन्हीं को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसी गठबंधन को जनादेश मिला था। इसमें भी जेडीयू का संख्याबल भाजपा से कम था। लेकिन भाजपा ने जनादेश का सम्मान किया। नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया। उस सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे। उनके बड़े भाई स्वास्थ्य मंत्री थे। दोनों मिल कर लालू यादव की विरासत को बढ़ाने जुटे थे। सुशासन बाबू यह देख कर बेचैन हो गए थे। उन्हें लगा भाजपा के साथ रहकर जो छवि निर्मित हुई थी, सब तार-तार हुई जा रही है। इसलिए नीतीश कुमार उस गठबंधन से पीछा छुड़ाकर भाजपा में वापस आ गए थे। नीतीश और लालू परिवार के बीच फिर अमर्यादित आरोपों की बौछार शुरू हो गई थी। ऐसा लगा जैसे नीतीश अब कभी लालू के कुनबे की तरफ पलट कर नहीं देखेंगे। लेकिन फिर बेतलवा डाल पर की कहावत चरितार्थ हुई थी। फिर हमप्याला हो गए। मगर इस बार राजद ने अपरोक्ष रूप में नीतीश कुमार को औकात बता दी और यह संदेश दिया कि उन्हें राजद के हिसाब से ही सरकार चलानी होगी। नीतीश ने भी इस संदेश को शिरोधार्य कर लिया। नीतीश को शुरूआत में ही बता दिया गया राजद कोटे के मंत्रियों पर लगे आरोपों पर वह मौन रहेंगे। सरकार में बिहार में नए कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इस पर नीतीश कुमार पूरी तरह लाचार दिखाई दिए। तब नीतीश ने कहा कि विवादित या आरोपी मंत्रियों पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव निर्णय लेंगे। बार-बार पाला बदलने के बाद नीतीश कुमार में इतना भी नैतिक साहस नहीं बचा था। उन्होंने मान लिया था कि राजद कोटे के सभी मंत्रियों के लिए तेजस्वी ही अघोषित मुख्यमंत्री हैं। नीतीश केवल अपनी कुर्सी और अपनी पार्टी के मंत्रियों के क्रियाकलाप देखेंगे। इसलिए नीतीश कुमार ने कहा कि कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह पर लगे आरोपों के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं थी। जबकि उनके खिलाफ अपहरण के एक मामले पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। यह अकेला मामला नहीं था। नीतीश सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा क्रिमिनल और हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। राजद की समस्या यह थी कि वह अच्छी छवि वाले विधायक लाए भी कहां से। इस पार्टी में ऐसे लोगों का ही वर्चस्व है। राजग में शामिल होना नीतीश कुमार के लिए प्रायश्चित की तरह है।

# हिन्दू समाज का धैर्य, ज्ञानवापी और ओवैसी

ANALYSIS



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिन्दू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वे कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राममंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वे बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिन्दुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण।ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। एएसआई हिन्दुत्व की गुलाम है।**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट ज्ञानवापी पर अब बहुत कुछ साफ बता रही है कि कैसे हिन्दू सनातन प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को वाराणसी से नष्ट किया गया और सत्ता के वर्चस्व में भय के वातावरण से बहुसंख्यक हिन्दुओं को इतना भयभीत कर दिया कि वह अपने ऊपर जबरन लादे गए इस कलंक को समय के कालखण्ड में मिटा नहीं सके। अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिन्दू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वे कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राममंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वे बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिन्दुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण।ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। एएसआई हिन्दुत्व की गुलाम है। वस्तुतः ओवैसी ने यह कहकर बता दिया है कि वे किसी भी हाल में हिन्दू सनातन धर्म के पक्ष में सामने आए सच को स्वीकार्य करनेवाले नहीं हैं। हिन्दुत्व और हिन्दुओं से उन्हें



इतनी अधिक नफरत है कि हिन्दुस्तान में रहते हुए वे उसी बहुसंख्यक हिन्दू समाज के मान बिन्दुओं का अपमान करते हैं, जिसके कारण से भारत वर्ष पूरे विश्व में जाना जाता है। वस्तुतः ज्ञानवापी मस्जिद पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आज अनेक साक्ष्यों के साथ बता रहा है कि कैसे एक प्राचीन वैभवशाली ज्ञान परंपरा और संस्कृति को इस्लामिक आक्रान्ताओं ने नष्ट कर दिया था और एक जागृत मंदिर को मस्जिद में बदल दिया गया । बहुसंख्यक हिन्दुओं के मान बिन्दुओं जिसमें कि वे देवता के स्वरूप को एक आदर्श के रूप में लेते हुए, उसकी स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कर उसकी आराधना करते हैं, उन्हें ही इतिहास में तमाम इस्लामिक आक्रान्ताओं ने खण्ड-खण्ड किया है। क्या ओवैसी ज्ञानवापी के अंदर के प्राप्त चिह्नों को नकार सकते हैं । वैसे कोई बड़ी बात नहीं वे कहने लगें कि तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं में सेंध लगाकर हिन्दू ही मूर्तियों को अंदर लेकर आ गए थे और उन्होंने ने ही अपने पक्ष को मजबूत करने क लिए वहां इन्हें स्थापित कर दिया। हो सकता है कल वे यह भी कहते नजर आएं कि अंदर दीवार में जो चिह्न मिले हैं, वह भी रात के अंधेरे में हिन्दुओं ने मस्जिद में घुसकर बना दिए हैं। कोई भरोसा नहीं अभी वे और उनके जैसे अन्य इस्लामिक कट्टरपंथी मुसलमान कितनी सीमा तक नीचे गिरेंगे। किंतु उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश और यहां का लोक सब देख रहा है। शांति से यदि मुसलमान ज्ञानवापी पर अपना दावा वापस ले लेते तो आज इस तरह से कोर्ट-कचहरी की जरूरत ही नहीं होती । जिन हिन्दुओं ने धर्म के आधार पर देश का विभाजन होने के बाद भी मुसलमानों को आत्मसात किया हो, सिर्फ आत्मसात ही नहीं अल्पसंख्यक मानकर उनके लिए विशेष रियायतें विधि में निर्धारित की हों, उन बहुसंख्यक हिन्दुओं के देश भारत में इस तरह का ओवैसी जैसे मुसलमानों के व्यवहार को क्या माना जाए, आज यह भी सोचने का गंभीर विषय है। वास्तव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं जो साफ बता रहे हैं कि कैसे ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई। एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट से स्पष्ट है कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद एक भव्य हिंदू मंदिर को ध्वस्त किए जाने के बाद उसके अवशेषों पर खड़ी की गई थी। सर्वेक्षण के दौरान दो तहखानों में हिन्दू देवताओं की मूर्तियों के अवशेष पाए गए हैं। ज्ञानवापी मस्जिद के निर्माण में स्तंभों सहित पहले से मौजूद मंदिर के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल किया गया था। मंदिर को तोड़ने का आदेश और तारीख पत्थर पर फारसी भाषा में अंकित है। 'महामुक्ति' लिखा हुआ एक पत्थर भी मिला है। मस्जिद के पीछे की पश्चिमी दीवार एक मंदिर की दीवार है। उस दीवार पर घण्टा, वल्लरी (लताओं का उकेरा गया चित्र) और स्वास्तिक का चिह्न मिले हैं। दीवार पर पत्थरों पर उकेरा गया ब्रह्म कमल का तोरण द्वार बना हुआ है। ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने की छत जिन खम्भों पर टिकी हैं वे सभी नागर शैली के मंदिर के स्तंभ हैं। इन साक्ष्यों से यह प्रतीत होता है कि 17वीं शताब्दी में औरंगजेब द्वारा जब आदि विशेश्वर का मंदिर तोड़ा गया था तो उसके पूर्व उक्त स्थान पर विशाल मंदिर ही था। सच यही है कि बहुसंख्यक हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य इतिहास में होता रहा है।

अब होना तो यह चाहिए कि न्यायालय को जो सबूत, मंदिर प्रमाण के लिए चाहिए थे वे आज मिल गए हैं, ऐसे में अब उसे हिन्दुओं के पक्ष में आदेश पारित कर देना चाहिए, ताकि वहां हिन्दू समाज भगवान महादेव का रुद्राभिषेक, पूजा-पाठ आरंभ कर पाए। जिस तरह से अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्षों की कठिन प्रतीक्षा एवं अनेक बलिदानों के बाद रामलला के रूप में प्राणप्रतिष्ठित होने का सुखद अवसर मिला है, वैसा ही अवसर अब काशी में प्राचीन विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार होकर हिन्दू समाज को मिलना चाहिए। देखा जाए तो आज भी ज्ञानवापी की तरफ मुंह कर बैठे नंदी को वर्षों से न्याय का इंतजार है। भारत में इसे आप दुर्भाग्य ही कहेंगे कि सत्य को अपनी परीक्षा देनी पड़ रही है और असत्य (ओवैसी) जैसे अट्टहास कर रहे हैं। बहुसंख्यक मुसलमानों से भी अपील है, वह ओवैसी जैसों की बातों में न आएं। सत्य को खुले ह्रदय से स्वीकार्य करें और ज्ञानवापी स्वेच्छा से हिन्दू समाज को सौंप दें।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# बापू, सेंट स्टीफंस कॉलेज और दलित बच्चे

महात्मा गांधी हमारे स्वाधीनता आंदोलन के सिर्फ नायक या समाज सुधारक मात्र ही नहीं थे। वे नौजवानों और विद्यार्थियों से मिलना-जुलना भी बेहद पसंद करते थे। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगातार जाया करते थे। वे पहली बार राजधानी दिल्ली 12 मार्च, 1915 को आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। वे वहां पर सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज के छात्रों और फैक्ल्टी से भी मिले। उनके तमाम सवालों के उत्तर दिए। उनसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से जुड़े बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उसके बाद वे 1918 में फिर दिल्ली आए तो पुनः सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत से हो गए। जब गांधी जी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या हुई तो ब्रज कृष्ण चांदीवाला बिड़ला हाउस में ही थे। 31 जनवरी,1948 को गांधीजी की अत्येष्टि होनी थी। गांधीजी को अंतिम बार स्नान उनके परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने रात को दो बजे करवाया था। हालांकि तब बापू के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी भी वहां ही थे। सेंट स्टीफंस कॉलेज में गांधीजी के नाम से एक अध्ययन केन्द्र भी चलता है। देश का यह शिखर कॉलेज गांधी जी और उनके सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज से प्रेरणा पाता है। दीनबंधु एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। अब गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों को मानने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) सेंट स्टीफंस कैम्बिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली से सटे हरियाणा के राई क्षेत्र में खुल रहा है। इस स्कूल को खोलने के पीछे मकसद यही है ताकि देश के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। संयोग से सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल वहां खुल रहा जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वे आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटूराम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है। इस बीच, गांधीजी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे। यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे मंदिर मार्ग के वाल्मिकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को जरूरत के मुताबिक फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे होकर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। कहना न होगा कि स्वच्छ भारत अभियान से देश में साफ-सफाई के लिए एक तरह की अद्भुत जागरुकता पैदा हुई। वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री मोदी स्वयं झाडू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे-पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन ही प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। अब स्वच्छता अभियान के असर देश के गांवों में भी दिखाई देने लगा हैं। गांधीजी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। खैर, गांधीजी वाल्मीकि मंदिर के जिस कमरे में पढ़ाते थे, वह अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। यहां एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। गांधीजी की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता, वे कुछ हद तक तो लिख-पढ़ सकें। इसी वाल्मीकि मंदिर में गांधीजी से विचार-विमर्श करने के लिए नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। वाल्मीकि समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केन्द्र की स्थापना हो जाए। गांधीजी की संभवतः महानतम जीवनी ह्यद लाइफ आफ महात्मा गांधीह्व के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मीकि मंदिर में ही मिलते थे। वे 25 जून,1946 को दिल्ली आए तो यहां पर बापू से यहीं मिलने पहुंचे थे । उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। ह्यद लाइफ आफ महात्मा गांधीह्व को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था। गांधीजी का बनारस से भी गहरा संबंध रहा। वे अपने जीवनकाल में 12 बार बनारस आए। उन्होंने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित किया था। वहां पर तब बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के राजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे। गुजराती वेशभूषा (धोती, पगड़ी और लाठी) में आए गांधीजी ने मंच से लोगों के सामने तीन बातें रखी थीं।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति जी ने श्री सतनाम सिंह संधू जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सतनाम जी ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जो विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय एकता को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है और भारतीय प्रवासियों के साथ भी काम किया है। मैं उन्हें उनकी संसदीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे विश्वास है कि राज्यसभा की कार्यवाही उनके विचारों से समृद्ध होगी।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



28 जनवरी की रात दिल्ली वाले घर से देर रात पैदल भागे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीब चालीस घंटे बाद राँची वाले सीएम आवास सुरक्षित एवं सकुशल लौट आने से लोगों ने राहत की सॉंस ली है। हेमंत जी को दिल्ली से लेकर झारखंड तक केंद्रीय एजेंसियों से बचते-बचाते, दौड़ते-भागते, हॉंफते-हांफते 1295 किमी की दूरी गिरते-पड़ते तय करने के भागमभाग में कितने कष्ट उठाने पडे.होंगे? ये बेचारे हेमंत ही समझ रहे होंगे और भगोड़ागिरी के दरम्यान दिल्ली जाने का सुझाव देने वाले अपने लोगों को भरदम गरिया रहे होंगे। लगता है कि अब दिल्ली की बात तो दूर हेमंत जी निकट भविष्य में झारखंड के बार्डर पार सड़क तो सड़क हवाई मार्ग से भी कहीं जाने की गलती सपने में भी नहीं करेंगे।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक है चरखा

दो अक्टूबर1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवनभर देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी की मंगलवार को 76वीं पुण्यतिथि है। उनकी 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था-सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाडू का सहारा। दूसरा- जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा- जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, ह्यआपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौन से हाथ में पकड़ा जाता है? इस पर बापू ने जवाब दिया, आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं? जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा।

# तरक्की की रफ्तार

इस सप्ताह सबकी निगाह देश की अर्थव्यवस्था पर है, तो यह स्वाभाविक ही है। बजट का समय खुद को सजग नागरिक बनाने का भी अवसर होता है। बजट पेश करने से पहले सरकार अपनी एक विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट भी पेश करती है, जिसे आर्थिक सर्वेक्षण कहा जाता है। हालांकि, इस बार देश में आम चुनाव की वजह से अंतरिम बजट पेश होना है, तो आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट चुनाव के बाद पेश होने वाले आम बजट से पहले पेश की जाएगी। फिर भी, वित्त मंत्रालय ने एक संक्षिप्त रिपोर्ट जारी की है। सुखद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किए जाने से दो दिन पहले 29 जनवरी को वित्त मंत्रालय ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था अगले साल 7 प्रतिशत के करीब जीडीपी विकास दर हासिल कर सकती है। यदि कोई प्रतिकूल स्थिति नहीं बनी, तो आगामी वित्त वर्ष में देश सात प्रतिशत से भी ज्यादा की विकास दर हासिल कर सकता है। सबसे बड़ी बात कि साल 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद की जा सकती है। गुरुवार को संसद में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश होना है और जिस तरह का अनुमान आंशिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगाया गया है, उससे यही लगता है कि यह अंतरिम बजट विकास को गति देने वाला होगा। अभी सब कुछ ठीक चल रहा है और आगामी तीन वर्ष में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्रालय की इस संक्षिप्त रिपोर्ट में फिर एक बार याद दिलाया गया है कि साल 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन पेश होने जा रहे अंतरिम बजट को लेकर भी उत्साहित हैं और उन्हें भी चुनाव बाद पेश होने वाले आम बजट का इंतजार होगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

THE PHOTON NEWS



# देश का सोने का आयात 26.7 फीसदी बढ़कर 35.95 अरब डॉलर हुआ

### -एक साल पहले की इसी अवधि में सोने का आयात 28.4 अरब डॉलर रहा था

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में देश का सोने का आयात 26.7 प्रतिशत बढ़कर 35.95 अरब डॉलर हो गया है। स्वर्ण आयात का देश के चालू खाते के घाटे (कैड) पर प्रभाव पड़ता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आयात में वृद्धि का कारण मांग का बेहतर होना था। एक साल पहले की इसी अवधि में सोने का आयात 28.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2023 में सोने का आयात 156.5 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब डॉलर का हो गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जहां से आयात की हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात लगभग 13 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका लगभग 10 प्रतिशत का स्थान है। देश के कुल आयात में इस कीमती धातु की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक की है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत का आयात शुल्क लगता है। सोने के आयात में वृद्धि के बावजूद देश का व्यापार घाटा इस वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 212.34 अरब डॉलर के मुकाबले घटकर 188.02 अरब डॉलर रह गया। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। इस अवधि के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 16.16 प्रतिशत घटकर 24.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले साल 26 दिसंबर को जारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत का चालू खाते का घाटा तेजी से कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत या 8.3 अरब डॉलर रह गया। इसका मुख्य कारण व्यापारिक व्यापार घाटा कम होना और सेवा निर्यात में वृद्धि होना है। चालू खाते का घाटा तब होता है जब आयातित वस्तुओं और सेवाओं और अन्य भुगतान का मूल्य किसी विशेष अवधि में किसी देश द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात और अन्य प्राप्तियों के मूल्य से अधिक हो जाता है।

# सोना और चांदी लगातार दूसरे दिन महंगा

**नई दिल्ली ।**



इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन मंगलवार के कारोबारी दिन सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62,400 रुपये और चांदी के 72,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में भी तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 56 रुपये की तेजी के साथ 62,423 रुपये के भाव पर खुला जो 82 रुपये की तेजी के साथ 62,449 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 172 रुपये की तेजी के साथ 72,549 रुपये के भाव पर खुला जो 40 रुपये की तेजी के साथ 72,417 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,032.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,025.40 डॉलर था जो 5.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,030.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.32 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.25 डॉलर था जो 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 23.28 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# आईरोबोट 350 कर्मचारियों की छंटनी करेगा

### - अमेजन-आईरोबोट के सौदे को समाप्त किए जाने के बाद लिया फैसला

**सैन फ्रांसिस्को ।**




उपभोक्ता रोबोट बनाने वाली कंपनी आईरोबोट ने लगभग 350 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो उसके कार्यबल का लगभग 31 प्रतिशत है और इसके संस्थापक और सीईओ कॉलिन एंगल भी पद छोड़ देंगे। यह छंटनी अमेजन-आईरोबोट के 1.7 बिलियन डॉलर के सौदे को नियामक बाधाओं के कारण पारस्परिक रूप से समाप्त किए जाने के बाद हुई। डील खत्म होने की खबर के बाद आईरोबोट के शेयर 10 प्रतिशत गिर गए। इस कार्यबल में कटौती के हिस्से के रूप में आईरोबोट को 2024 की पहली दो तिमाहियों में मुख्य रूप से विच्छेद और संबंधित लागतों के लिए 12 मिलियन डॉलर और 3 मिलियन डॉलर के बीच पुनर्गठन शुल्क दर्ज करने की उम्मीद है, इसमें अधिकांश पुनर्गठन शुल्क 2024 की पहली तिमाही में अनुमानित हैं। आईरोबोट बोर्ड के अध्यक्ष एंड्रयू मिलर ने कहा कि हमें एक स्टैंडअलोन कंपनी के रूप में अपने भविष्य के लिए अपने ऑपरेटिंग मॉडल और लागत संरचना को तेजी से संरेखित करना चाहिए। हालांकि हमारे लोगों को प्रभावित करने वाले निर्णय कठिन हैं, हमें अधिक टिकाऊ बिजनेस मॉडल और लाभप्रदता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आईरोबोट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य कानूनी अधिकारी ग्लेन वेनस्टीन को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है और मिलर को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईरोबोट को वर्ष 2023 में 891 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज करने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत कम है। समाप्ति शुल्क के लगभग 20 प्रतिशत के वित्तीय सलाहकार शुल्क के भुगतान के बाद कंपनी सावधि ऋण चुकाने के लिए 35 मिलियन डॉलर की समाप्ति शुल्क तुरंत लागू करेगी और शेष समाप्ति शुल्क को भविष्य के लिए उपयोग करने के लिए अलग रखा जाएगा।

# एआई से बढ़ रही गोपनीय चिंताएं, सतर्क हो रहीं कंपनियां

### 12 देशों के 2,600 गोपनीयता एवं सुरक्षा पेशेवरों से की गई बातचीत

**नई दिल्ली ।**




कंपनियों को जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (जेन एआई) के उपयोग पर बढ़ती गोपनीयता संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। एक अध्ययन के अनुसार 12 देशों के 2,600 गोपनीयता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनियां जेन एआई को बुनियादी तौर पर एक अलग प्रौद्योगिकी के रूप में देखती हैं, जिसमें तमाम नई चुनौतियों पर गौर करने की जरूरत है। 90 फीसदी से अधिक प्रतिभागियों का मानना है कि जेनएआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है। इस पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखना इसी पर निर्भर करता है। भारत के बारे में इस रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चलता है कि 92 फीसदी प्रतिभागियों का मानना था कि अगर वे अपने ग्राहकों के डेटा को पर्याप्त सुरक्षित नहीं रखेंगे तो वे उनसे खरीदारी नहीं करेंगे। सौ फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि बाहरी गोपनीयता प्रमाणपत्र ग्राहकों के खरीदारी निर्णय को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। भारत में 98 फीसदी प्रतिभागियों का कहना था कि डेटा का नैतिक उपयोग करना कंपनियों की जिम्मेदारी है। इसी प्रकार 96 फीसदी प्रतिभागियों ने सहमति जताई कि गोपनीयता एक व्यावसायिक अनिवार्यता है, न कि महज एक अनुपालन बोझ। करीब 95 फीसदी प्रतिभागियों ने संकेत दिया कि गोपनीयता के लाभ उसकी लागत के मुकाबले काफी अधिक हैं। 95 फीसदी प्रतिभागियों ने माना कि उन्हें अपने ग्राहकों को आश्वस्त करने के लिए काफी अधिक प्रयास करने की जरूरत है। 97 फीसदी ने कहा कि अगर डेटा का भंडारण अपने ही देश या क्षेत्र में किया जाए तो वह काफी सुरक्षित होगा। मगर 96 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि डेटा स्थानीयकरण से कारोबार की लागत बढ़ जाएगी। भारत में 88 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि गोपनीयता कानून का उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम मिले हैं: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली ।**





अंतरिम बजट से कुछ दिन पहले जारी समीक्षा में मंत्रालय ने कहा कि अब संभावना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तवर्ष 2024 के लिए 7 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धिदर हासिल करेगी, जबकि कुछ का अनुमान है कि यह वित्तवर्ष 25 में भी 7 प्रतिशत वास्तविक वृद्धि हासिल कर लेगी। यदि वित्त वर्ष 2015 के लिए पूर्वानुमान सही साबित होता है, तो यह महामारी के बाद चौथा वर्ष होगा, जब भारतीय अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से बढ़ेगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह एक प्रभावशाली उपलब्धि होगी, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और क्षमता की गवाही देगी। आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) द्वारा जारी द इंडियन इकोनॉमी- ए रिव्यू अपने दूसरे अध्याय में अन्य चीजों के अलावा कल्याण के नए दृष्टिकोण के बारे में बात करता है। समीक्षा का पहला अध्याय देश की अर्थव्यवस्था के अतीत, वर्तमान और भविष्य का अवलोकन प्रदान करता है जबकि दूसरा अध्याय सरकार की नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मापदंडों पर प्रगति पर विस्तृत नज़र डालता है। देश के मानव संसाधनों को संतुलित विकास और क्षमतापूर्ण कल्याण बताते हुए समीक्षा में कहा गया है कि पिछले एक दशक में भारत के कल्याण प्रतिमान में एक बड़ा परिवर्तन आया है, जो एक अधिक टिकाऊ, कुशल और सशक्त मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। इसमें कहा गया है कि इस बदलाव ने न केवल कल्याणकारी पहलों को क्षमता निर्माण आयाम प्रदान किया है, बल्कि देश में दीर्घकालिक मानव विकास के लिए एक मजबूत नींव भी रखी है।

## एलएंडटी को दुबई में मिला ठेका

**नई दिल्ली ।**

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को दुबई में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि इस परियोजना के तहत दुबई में सौर फोटोवोल्टकेनिक संयंत्र स्थापित करना शामिल है। एलएंडटी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहो कि हम उस क्षेत्र में ऊर्जा बदलाव को गति देने के लिए अपने नवीन नवीकरणीय ऊर्जा समाधान तथा परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने को प्रतिबद्ध हैं। लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।



## जियो ने पेश किया नया मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म जियो-ब्रेन

**नई दिल्ली ।** जियो प्लेटफॉर्म्स ने एक नया 5जी इंटीग्रेटेड मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जियो-ब्रेन पेश किया है। जियो ब्रेन सभी तरह के उद्योगों और व्यवसायों को एक इंटीग्रेटिड मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म आसानी से कंपनियों के मौजूदा नेटवर्क से जुड़ जाता है। इसके उपयोग के लिए कंपनियों को अपने मौजूदा नेटवर्क को बदले की जरूरत नहीं पड़ती। कंपनी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस यह इनोविटिव प्लेटफॉर्म सैकड़ों इंजीनियरों के प्रयासों और दो वर्षों के अनुसंधान के बाद विकसित हुआ है। मशीन लर्निंग को आसान बनाने के लिए जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म्स 500 से अधिक एप्लिकेशन्स से लैस है। इमेज़, वीडियो, टैक्स्ट, डॉक्यूमेंट्स के लिए एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर मौजूद है। वहीं इन-बिल्ट एआई एल्गोरिदम जैसी सुविधाएं भी जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स इसे 5जी और भविष्य की तकनीक 6जी की उत्पाद श्रृंखला के लिए मील का पत्थर मान रही है। उद्यमों में बदलाव और नेटवर्क के ओप्टिमैजेशन में जियो ब्रेन मदद करेगा, साथ ही 6जी विकास के लिए भी मंच तैयार करेगा, जहां मशीन लर्निंग को एक महत्वपूर्ण क्षमता माना जाता है।

## छोटे चाय उत्पादकों के लिए ब्रांडिंग जरूरी

**गुवाहाटी ।** वर्तमान समय में छोटे चाय उत्पादकों के लिए ब्रांडिंग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यह बात हाल ही में बाइसेन्टेनरी असम टी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2024 के उदघाटन के मौके पर असम और भारत में लघु चाय उत्पादकों की क्रांति विषय पर चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कही। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चाय बागान मालिकों के लिए यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, इसलिए उनके उत्पाद की ब्रांडिंग से उनके द्वारा उत्पादित खराब गुणवत्ता वाली पत्तियों के आरोप को दूर करने में मदद मिल सकती है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टीम ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) का कहना है कि गुणवत्ता बनाए रखना हमारे सामने एक बड़ा मुद्दा है। इसे दूर करने के लिए ब्रांडिंग सबसे महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि देश में सालाना उत्पादित होने वाली चाय में छोटे चाय उत्पादकों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन खराब गुणवत्ता वाली पत्तियों के आरोप उनके खिलाफ अक्सर लगते रहते हैं। उचित ब्रांडिंग काफी हद तक गुणवत्ता अनुपालन के मुद्दे से निपटने में मदद कर सकती है। चाय विनिर्माण कंसल्टेंसी ने कहा कि छोटे चाय उत्पादकों को ज्यादातर बैकएंड उत्पादक के रूप में देखा जाता है और उन्हें कम कीमत वसूली की समस्या का सामना करना पड़ता है, जो उनकी आय तथा आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

## मप्र, यूपी और बिहार में युवा बेरोजगारी दर घटी!

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय बजट से कुछ ही दिन पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा था कि राज्य स्तर पर युवा बेरोजगारी दर में गिरावट का नेतृत्व युवा आबादी की बड़ी हिस्सेदारी वाले राज्यों ने किया है, जैसे कि उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 2021 के जनसंख्या अनुमान के अनुसार 6.9 करोड़ युवा, बिहार 3.5 करोड़ युवाओं के साथ, और मध्य प्रदेश 2.3 करोड़ युवाओं के साथ। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश की युवा बेरोजगारी दर 2017-18 में 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7 प्रतिशत हो गई है, साथ ही इसी अवधि में युवा एलएफ्पीआर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गई है। इस प्रकार युवाओं को बढ़ावा देने वाले राज्य भी युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार भी बढ़ रहा है। पीएलएफ्एस के अनुसार युवा (आयु 15-29 वर्ष) बेरोजगारी दर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है, जबकि युवा एलएफ्पीआर 38.2 प्रतिशत से बढ़कर 44.5 प्रतिशत हो गया है। समीक्षा में कहा गया है कि इन छह वर्षों में नियोजित युवाओं का अनुपात 31 प्रतिशत से बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गया है, जो जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बावजूद एक बड़ी आबादी वाले देश के लिए एक उपलब्धि है।

## वित्तीय शर्तें पूरी नहीं करने पर जी और सोनी का मर्जर टूटा!

**नई दिल्ली ।**

सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ अपनी भारतीय कंपनी के 10 बिलियन डॉलर के मर्जर सौदे की कुछ वित्तीय शर्तों को पूरा करने में विफल रहने की वजह रद्द किया था। वहीं जी ने सोनी को लिखे एक पत्र में आरोपों से इनकार किया है और जापानी कंपनी पर मर्जर को रद्द करने में विश्वास की कमी का आरोप लगाया। बता दें कि अगर जी और सोनी का मर्जर हो जाता तो यह दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में खेल, मनोरंजन और समाचार के 90 से ज्यादा चैनलों का एक बड़ा मीडिया पावरहाउस तैयार हो जाता। सोनी ने 22 जनवरी को मर्जर संबंधी योजनाओं को समाप्त कर दिया था। सोनी ने कहा था कि वह ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि दो साल की बातचीत के बाद क्लोजिंग कंडीशन शर्तों से संतुष्ट नहीं है। हालांकि न तो सोनी और न ही जी ने टर्मिनेशन लेटर को सार्वजनिक किया। रॉयटर्स के अनुसार सोनी के नोटिस में कहा गया है कि ज़ी नकदी उपलब्धता समेत कुछ वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यावसायिक रूप से उचित प्रयास करने में विफल रहा। जबकि भारतीय नेटवर्क का कहना है कि व्यावसायिक बुद्धिमता की कमी के कारण सोनी ने यह निर्णय लिया है। जापान की कंपनी सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली सोनी पिक्चर्स ने इस बारे में ज़ी को नोटिस भेजा है। कंपनी ने सौदा खत्म करने के बदले ज़ी एंटरटेनमेंट से 9 करोड़ डॉलर भी मांगे हैं। जवाब में ज़ी के बोर्ड ने कहा कि वह शेयरधारकों के हित की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा। यदि दोनों कंपनियों का विलय हो जाता तो 10 अरब डॉलर की भारी भरकम मनोरंजन कंपनी तैयार हो जाती। आम मनोरंजन चैनलों के बाजार का तकरीबन 25 फीसदी हिस्सा उसी कंपनी के पास होता।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद , सेंसेक्स 800, निफ्टी भी 208 अंक नीचे आया

### निवेशकों को हुआ 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में ये गिरावट आई। आज कारोबार के दौरान वित्तीय , एफएमसीजी, फार्मा और आईटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हावी रही जिससे बाजार पर दबाव आया। इसके अलावा घरेलू बाजार में हुई बिकवाली से भी अधिकतर सेक्टरल इंडेक्स नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1.11 फीसदी करीब 801.67 अंक टूटकर 71,139.90 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.96 फीसदी तकरीबन 208.80 अंक नीचे आकर 21,528.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स के शेयर दो फीसद से ज्यादा ऊपर आये। इसके अलावा केवल स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा नीचे आये। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूटे। जानकारों के अनुसार निवेशकों ने 1 फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट को देखते हुए सतर्क रवैया अपनाया हुआ है। इसके अलावा 31 जनवरी को अमेरिकी फेड नीति के परिणामों को देखते हुए मुनाफावसूली पर भी जोर दिया।

मुनाफावसूली के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक जैसी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के लगभग 377.2 लाख करोड़ रुपये से घटकर लगभग 375.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे निवेशकों को एक ही सत्र में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पहले गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था। वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 59 अंक बढ़कर 72,000 पर खुला और 150 अंक की बढ़त के साथ 72,100 के स्तर पर देखा गया। वहीं एनएसई निफ्टी 50 21,800 के स्तर के करीब चला गया। हालांकि, बाजार में ज्यादा देर तेजी नहीं रही और सेंसेक्स कुछ समय में ही नुकसान के साथ नीचे आने लगा। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो हैंग सेंग 2 फीसदी फिसल गया। वहीं निक्केई, कोस्पी और ताइवान मामूली रूप से बढ़त में कारोबार कर रहे थे जबकि शंघाई कंपोजिट और स्ट्रेट्स टाइम्स नीचे थे। एसएंडपी 500 सोमवार को 0.76 फीसदी बढ़कर कल रात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। डॉव 0.59 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट 1.12 फीसदी चढ़ा। हांगकांग को छोड़कर ज्यादातर एशियाई इंडेक्स बढ़त में कारोबार कर रहे थे।

# बायजू राइट्स इश्यू के जरिए 20 करोड़ डॉलर जुटाएगी

**नई दिल्ली ।**




आर्थिक संकट का सामना कर रही शिक्षा-प्रौद्योगिकी फर्म बायजू 22-25 करोड़ डॉलर के उद्यम मूल्य पर इक्विटी राइट्स इश्यू के जरिए 20 करोड़ डॉलर जुटाने की तैयारी कर रही है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि कंपनी केवल इश्यू की इस किस्त के लिए कम मूल्यांकन पर इक्विटी जारी करेगी। मार्च, 2022 में वित्त जुटाने के समय बायजू का मूल्यांकन 22 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। कंपनी ने कहा कि थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) के निदेशक मंडल ने वृद्धि को रफ्तार देने और परिचालन स्थिरता हासिल करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपने सभी इक्विटी शेयरधारकों को राइट्स इश्यू जारी कर 20 करोड़ डॉलर की धनराशि जुटाने की आज शुरुआत की। सूत्रों के मुताबिक बायजू का संचालन करने वाली कंपनी टीएलपीएल का यह इश्यू फरवरी के आखिर तक बंद हो जाएगा। हालांकि कंपनी का मूल्यांकन काफी अधिक है और सिर्फ इस राइट्स इश्यू के लिए 22-25 करोड़ डॉलर का मूल्यांकन रखा गया है। इस इश्यू का उद्देश्य मौजूदा पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करना और सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों को पूरा करना है। बयान के मुताबिक बायजू के संस्थापकों ने सबसे बड़े शेयरधारकों के रूप में पिछले 18 माह में 1.1 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर कंपनी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। बायजू के संस्थापक बायजू रवीन्द्रन ने कहा कि जुटाई गई राशि का इस्तेमाल देनदारियों के निपटान एवं परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। बायजू अब परिचालन लाभप्रदता हासिल करने से एक चौथाई से भी कम दूर है। यह कंपनी की रणनीतिक पहल की प्रभावशीलता और उसके कारोबारी मॉडल की मजबूती को दर्शाता है।

## फंडिंग की खबर के बाद स्पाइसजेट के शेयर में तेजी

नई दिल्ली ।

विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग के साथ अपने बेड़े को अपग्रेड करने और लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद स्पाइसजेट के शेयरों में भी तेजी देखी गई। कंपनी का शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ खुला और एनएसई पर 6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.40 रुपये प्रति शेयर के उच्चतम स्तर को छू गया। एयरलाइन द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक पत्र के अनुसार अब उसके पास 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की पर्याप्त राशि है। इसमें सरकार से आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना के तहत किस्त के रूप में प्राप्त 160 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। कई परेशानियों से घिरी कंपनी को अब तक ईसीएलजीएस के तहत करीब 1,000 करोड़ रुपये मिले हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन ने तीन महीने में कुल 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जुटाया है। पत्र के अनुसार, कंपनी बेड़े को अपग्रेड करने, समय पर सेवाएं देने और ऑपरेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए लागत में कटौती के उपाय लागू करने पर ध्यान देगी।

# स्क्रिप्ट राइटिंग के करियर में अपार संभावनाएं हैं

यदि आप लेखन में दक्षता रखते हैं और आपको किताबें पढ़ने में भी गहरी रुचि है तो स्क्रिप्ट राइटर के तौर पर आप अपने शौक को करियर का रूप भी दे सकते हैं। जो युवा लिखने-पढ़ने के साथ मानवीय संवेदनाओं को पकड़ कर अभिव्यक्त करने की क्षमता रखते हैं उनके लिए भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।



## कार्यक्षेत्र

विज्ञापनों के लिए स्क्रिप्ट राइटर्स की सेवाएं विशेष तौर पर ली जाती हैं। अक्सर विज्ञापनों में ऐसे शब्दों या पंक्तियों का इस्तेमाल किया जाता है जो लोगों की जुबान पर चढ़ जाती हैं। ये सब स्क्रिप्ट राइटर के दिमाग की ही उपज होते हैं। ऐसी रोचक बातों को जिंगल्स कहा जाता है।

बेशक स्क्रिप्ट राइटर का काम सिर्फ जिंगल लिखना ही नहीं होता बल्कि और कई चीजें हैं जो स्क्रिप्ट राइटर करते हैं लेकिन अधिकतर की शुरूआत जिंगल्स से ही होती है। जाहिर है कि स्क्रिप्ट राइटिंग कहानियां और कविताएं लिखने से कुछ अलग होता है क्योंकि स्क्रिप्ट में लिखी गई हर बात का फिल्मांकन किया जाता है इसीलिए लेखक को यह सोचकर लिखना पड़ता है कि उसके द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं देखी जाएगी।

## कौशल

इसमें क्षेत्र में करियर बनाने के लिए छात्रों में रचनात्मकता का होना आवश्यक है। कम शब्दों में आपको उत्पादों की विशेषताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होता है। विज्ञापनों के लिए ऐसी जिंगल्स की रचना करनी पड़ती है कि सुनते या पढ़ते ही वह ग्राहक के जेहन में आ जाए। वैसे कोई डिग्री कोर्स तो नहीं होता पर ये जर्नलिज्म के अंतर्गत आता है।

कल तक विज्ञापन ग्राहकों की संतुष्टि के लिए बनाए जाते थे लेकिन आज जो विज्ञापन आ रहे हैं वे ग्राहकों के संतोष के साथ उसकी खुशी और मनोरंजन को भी महत्व दे रहे हैं। मानवीय भावनात्मक पक्षों को छूते विज्ञापन न सिर्फ देर तक याद रहते हैं बल्कि मन पर भी गहरा असर छोड़ते हैं।

जिस भी भाषा में आप स्क्रिप्ट राइटिंग करना चाहते हैं उसका गहन ज्ञान आपको होना चाहिए। आपको अधिक से अधिक पुस्तकों को भी पढऩा चाहिए ताकि आपको विभिन्न लेखकों की शैली की जानकारी भी प्राप्त हो सके। साथ ही फिल्मों तथा धारावाहिकों की स्क्रिप्ट पर गौर करने की आदत भी डाल लें। इसके बाद आप स्क्रिप्ट लेखन में हाथ आजमाएं।

## योग्यता

स्क्रिप्ट राइटिंग में सबसे अहम जरूरत रचनात्मकता की होती है जो पूर्णत- व्यक्ति की विश्लेषण और कल्पना क्षमता पर आधारित होती है लेकिन फिर भी इसके लिए पत्रकारिता का कोर्स कर लिया जाए तो बेहतर होता है। किसी भी विषय में 12वीं कक्षा पास करने के बाद पत्रकारिता में ग्रैजुएशन कर सकते हैं। जो छात्र ग्रैजुएशन कर चुके हैं वे किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता में एम.ए. भी कर सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
एमिटी स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, नई दिल्ली
इंडियन इंस्टीच्यूट आफ मास कम्युनिकेशन नई दिल्ली
जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश
माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश।



भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

# बेहद लाभदायक करियर है इमेज कंसल्टिंग

इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को अपने भीतर छुपी क्षमताओं को निखारने और साथ ही साथ उन क्षमताओं को सभी के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए अपनी अपीयरैंस (दिखावट) के प्रबंधन हेतु मार्गदर्शन किया जाता है। इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को परिधान पहनने व तैयार होने के ढंग, बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार एवं सॉफ्ट स्किल्स के बारे में शिक्षित किया जाता है।

इमेज कंसल्टैंट व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में कोचिंग प्रदान करते हैं। वे किसी एक व्यक्ति अथवा कम्पनियों को अपनी सेवाएं देते हैं। वे लोगों के लिए मुक्त कार्यशाला भी आयोजित करते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कार्यों में पर्सनल शॉपिंग, यूनिफॉर्म डिजाइन, इमेज मैनेजमैंट, पॉलिसी डिजाइन, स्टाइलिंग आदि भी शामिल हैं। भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

यह ऐसा करियर है, जिसमें व्यक्ति अन्य लोगों के विकास का मुख्य सहयोगी बनता है तथा अन्य लोगों को और अधिक सफल बनाने से उसे सफलता मिलती है। यह क्षेत्र उन महिलाओं को करियर बनाने का दूसरा मौका देता है जिन्होंने कुछ समय के लिए अपने पहले करियर को छोड़ रखा हो। इमेज कंसल्टिंग बिजनैस इंस्टीच्यूट भारत में इमेज कंसल्टैंसी की शिक्षा तथा प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान होने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान इमेज कंसल्टिंग एवं बिजनैस प्रोग्राम संबंधी अनोखे पेशेवर कोर्स करवाता है।

इस संस्थान की डायरैक्टर सुमन अग्रवाल भारतीय उपमहाद्वीप की वरिष्ठतम इमेज कंसल्टैंट मानी जाती हैं। उनकी कहानी भी एक उत्तम प्रेरणा स्रोत है। उन्हें कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी थी परंतु आज वह एक सफल उद्यमी तथा इस संस्थान की डायरैक्टर हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने 2009 में की। यूनाइटेड किंगडम स्थित फैडरेशन ऑफ इमेज प्रोफैशनल इंटरनैशनल द्वारा उन्हें इमेज मास्टर अवार्ड से नवाजा गया जिससे वह भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक वरिष्ठ इमेज कंसल्टैंट बन गईं। इमेज कंसल्टिंग में पहनावे के महत्व पर वह कहती हैं, ''80 प्रतिशत से अधिक संवाद दृश्य होता है और पहनावा इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भी आप किसी से मिलते हैं तो व्यक्ति का सबसे अधिक ध्यान सामने वाले के पहनावे पर ही जाता है। हालांकि यह बताना जरूरी है कि पहनावे के संबंध में कौशल एक इमेज कंसल्टैंट के पास होता है, वह सर्वश्रेष्ठ फैशन डिजाइनर समेत किसी अन्य पेशेवर के पास नहीं हो सकता है। महत्व बढिय़ा परिधानों का नहीं होता, बल्कि उस संदेश का होता है जो आप अपने पहनावे से सामने वाले को देना चाहते हैं। सही पहनावे को सुनिश्चित बनाने के लिए व्यक्ति को अपने काम, लक्ष्यों एवं मौके का ध्यान रखने के अलावा आकर्षक दिखने के लिए अपने शारीरिक ढांचे, रंग-रूप, चेहरे के आकार आदि पर भी गौर करना पड़ता है।'' उनके अनुसार इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक उत्तम एवं बेहद लाभदायक करियर साबित हो सकता है।



# सफलता के लिए ये तीन सूत्र हमेशा याद रखें...

किसी भी कार्य की सफलता के लिए भावना अच्छी होनी चाहिए। कार्य को प्रारम्भ करने के पीछे हमारा भाव क्या है। हम क्या करना चाहते हैं इसका महत्व है। सफलता के लिए भगवान का सुमिरन कर कार्य करें। भगवान का ध्यान कर किए जाने वाले कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। केवल परिश्रम से कुछ नहीं होता। कुछ लोग भगवान की असीम कृपा से कम परिश्रम में भी सफलता की ऊंचाइयों को छू लेते हैं। संतों ने सफलता के 3 मंत्र बताए। पहला भगवान का स्मरण, दूसरा धैर्य तथा तीसरा परमार्थ की भावना जुड़ी होनी चाहिए।

प्रत्येक मंदिर बाहर से स्वच्छ होना चाहिए और भीतर से पवित्र होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति भी बाहर से स्वच्छ और भीतर से पवित्र होना चाहिए। फिर कोई लम्बी साधना करने की जरूरत नहीं।

मां त्रिस्तरीय काम करती है। सृष्टि को उत्पन्न करती है, उसका परिपालन और उसका संघार करती है। अम्बा के 3 स्तर हैं, स्त्री शरीर अम्बा का ही अंश है। ऐसा मानकर उसका 3 स्तर पर सम्मान करना चाहिए। कन्या का सम्मान, धर्मपत्नी का सम्मान और मां का सम्मान। आनंद की अंतिम सीमा आंसू हैं। हम सबका जीवन फल होना चाहिए प्रेम। सत्य शायद हम चूक जाएं। करुणा छूट जाए लेकिन प्रेम बना रहे। यह जीवन का फल है।

# पत्राचार शिक्षा से बदलती युवाओं की तकदीर

आज सभी विषयों में ग्रैजुएशन तथा मास्टर डिग्री कोर्स के अलावा अनेक सर्टीफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा भी पत्राचार माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के रूप में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सभी संबंधित विषयों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना होता है। अधिकतर पत्राचार पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाते हैं और इनमें सभी विषय-विधाओं के 10+2 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश एक चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। पत्राचार शिक्षा ने हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन ला दिया है। पत्राचार माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का सहारा भी दिया जा रहा है। उपग्रह संचार, लो पावर ट्रांसमीटर्स की सहायता एवं सूचना सुपर-हाइवेज के माध्यम से देश भर में शिक्षा का प्रसार हो रहा है।

देश में अनेक मुक्त विश्वविद्यालय तथा उससे भी अधिक नियमित विश्वविद्यालय तथा कई अन्य संस्थाएं दूरस्थ अध्ययन कार्यक्रम चलाते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति कई श्रेणियों के शिक्षार्थियों, विशेष रूप से देरी से पढ़ाई शुरू करने वालों, जिन व्यक्तियों के घर के पास उच्चतम शिक्षा साधन नहीं है, सेवारत व्यक्तियों और अपनी शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे लचीले पाठ्यक्रम विकल्प देते हैं जिन्हें वे छात्र ले सकते हैं जिनके पास कोई औपचारिक योग्यता नहीं है किन्तु अपेक्षित आयु (प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष) के हो चुके हैं और लिखित प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। ये पाठ्यक्रम छात्र अपनी सुविधानुसार भी ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा केंद्र न्यूनतम पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश देते हैं। यह पात्रता नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होती है। पत्राचार शैक्षिक संस्थाएं छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के साथ-साथ संपर्क कक्षाएं भी उपलब्ध कराती हैं और परीक्षाएं संचालित करती हैं।

अधिकांश विश्वविद्यालय मुद्रित अध्ययन सामग्री के अलावा अपने स्थानीय केंद्रों पर मल्टीमीडिया साधनों से भी छात्रों को शिक्षित करते हैं। ये विश्वविद्यालय ग्रैजुएशन पाठ्यक्रम, मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, एम.फिल पीएच.डी. तथा डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी चलाते हैं जिनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम करियर उन्मुखी होते हैं।





# सिर पर गमछा बांध, ठेठ देसी अंदाज में किसानों से मिले राहुल

## –खटिया पर बैठकर की बातचीत, मोदी सरकार पर लगाया आरोप



**पूर्णिया (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज ठेठ देसी अंदाज में पूर्णिया के किसानों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खटिया पर बैठकर बहुत ही आत्मीयता से बातचीत की। बता दें कि इस समय राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार के पूर्णिया पहुंच गई है। यहां राहुल गांधी का ठेठ देसी अंदाज दिखाई दिया है। सिर पर गमछा बांधे राहुल गांधी ने खटिया पर बैठकर किसानों की बात सुनी और उनकी सभी समस्याओं के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। जानकारी मिली है कि कांग्रेस आज पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में बड़ी रैली का भी आयोजन कर रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार के सीमांचल में पहुंच गई है। जहां किसानों से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि किसानों को हर तरफ से घेरा जा रहा है। आपकी जमीन छीनी जा रही है। आपसे जमीन छीन ली जाती है और अडानी जैसे बड़े उद्योगपतियों को उपहार के रूप में दे दी जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि दूसरी ओर, जब खाद और बीज की बात आती है तो आप पर दबाव डाला जाता है। और आपका पैसा छीन लिया जाता है। राहुल ने पीएम मोदी के तीन काले कानूनों की भी आलोचना की।

राहुल ने किसानो से कहा कि मोदी जो कानून लाए और आपकी नाक के नीचे, जो आपका था उसे छीनने की कोशिश की। अच्छा हुआ कि देश के सभी किसान इसके खिलाफ खड़े हो गए और वे पीछे नहीं हटे, आपकी जान वापस आ गई नहीं तो आप सब बर्बाद हो गए होते। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि किसान देश की रीढ़ हैं लेकिन अरबपतियों के 14 लाख करोड़ रुपये माफ हो गए। अभी किसानों का कर्ज है माफ नहीं किया गया। यहां गौरतलब है कि सीमांचल में अपने गढ़ को मजबूत करने के लिए कांग्रेस आज पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक बड़ी रैली भी करने वाली है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, बिहार में महागठबंधन के सहयोगी राजनीतिक दल राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और सीपीआई (एमएल)-एल के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को पूर्णिया की रैली में आमंत्रित किया गया है।

## चंडीगढ़ में आप-कांग्रेस को पटखनी देकर भाजपा ने जीता मेयर चुनाव



चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के दखल के बाद मंगलवार को चंडीगढ़ में मेयर पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव में कांग्रेस-आप के आठ वोट खराब हो गए, इस कारण बीजेपी का उम्मीदवार जीत गया है, जबकि आप-कांग्रेस के प्रत्याशी की हार हुई है। इस चुनाव को इंडिया ब्लॉक का लिटमस टेस्ट माना जा रहा था। इसके बाद पहले ही टेस्ट में इंडी गठबंधन को हार मिली है। बीजेपी को चड़ीगढ़ के मेयर चुनाव में 16 वोट मिले हैं, जिसके बाद बीजेपी प्रत्याशी मनोज सोनकर की जीत हो गई। वहीं कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को सिर्फ 12 वोट मिले हैं। दरअसल कांग्रेस के पास 7 वोट थे, जबकि आप के पास 13 वोट थे। इसमें से 8 वोट निकिष्य हो गए हैं। चंडीगढ़ में नगर निगम चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार की जीत हो गई है।

## भाजपा नेता की हत्या करने वाले पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा



तिरुअनंतपुरम। भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवास की हत्या करने वाले प्रतिबंधित पीएफआई के 15 सदस्यों को जिला कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेता हत्याकांड में केरल की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। बता दें कि भाजपा नेता श्रीनिवास की 19 दिसंबर 2021 में जघन्य हत्या कर दी गई थी। अब जाकर कोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 सदस्यों के खिलाफ मौत की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार मावेलिकारा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद इस चर्चित हत्याकांड में अदालत ने फैसला सुनाया है। दरअसल इस हत्याकांड की देशभर में चर्चा हुई थी। साथ ही केरल की राजनीति में इसके बाद काफी गरमा गई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में नैसम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल कलाम उर्फ सलेम, जफरुद्दीन, मनशाद, जसीबा राजा, नवास, समीर, नजीर, जाकिर हुसैन, शाजी पूवनथुंगल और शेरनस अशरफ को दोषी ठहराया गया था। ये सभी लोग अब प्रतिबंधित किए जा चुके संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जुड़े हुए थे। केरल की अदालत ने इन सभी के खिलाफ सजा तय कर दी है।

## अब ऑनलाइन रिजर्वेशन में बच्चों का हाफ टिकट उपलब्ध

नई दिल्ली। रेलवे ने बच्चों के लिए ऑनलाइन रिजर्वेशन टिकट में कुछ बदलाव किया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, अब घर बैठे बच्चों के लिए रिजर्वेशन टिकट बुक कर सकते हैं। बच्चों के रेलवे रिजर्वेशन टिकट में ताजा बदलाव की नियमावली जारी कर दी गई है। पहले ऑफलाइन टिकट बुक करना होता था। डायरेक्टर (पीएम) ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सीट लेने और सीट नहीं लेने पर लिए जाने शुल्क में भी बदलाव नहीं है। एसीएम (आर) हरीश चतुर्वेदी का कहना है कि 1 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए सीट का पूरा किराया देना होगा। रेलवे के डिप्टी सीसीएम (आर) अतुल श्रीवास्तव और रिजर्वेशन एक्सपर्ट अजय कश्मीरी बताते हैं कि अभी तक 5 से 11 साल तक के बच्चों का आधा टिकट लेने के लिए रेलवे स्टेशन जाना पड़ता था। दरअसल अभी तक अगर रिजर्वेशन कराते समय बच्चे का टिकट बुक नहीं किया और बाद में उनका भी रिजर्वेशन करना है, लेकिन उन्हें अलग से सीट नहीं चाहिए, तो ऐसे में आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुकिंग के बाद बच्चों को आधे किराए पर टिकट बुक करने का कोई प्रावधान नहीं था। तब रेलवे स्टेशन जाकर ही आधा टिकट लिया जा सकता था। लेकिन अब क्रिस ने सॉफ्टवेयर को अपडेट कर दिया है।

### बच्चों के लिए क्या हैं नियम?

रेलवे के नियम के अनुसार 1 से 4 साल तक के बच्चे के लिए अलग से रिजर्वेशन कराने की जरूरत नहीं होगी। 5 साल से छोटे बच्चे बिना टिकट के ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं। वहीं अगर 5 से 12 साल का बच्चा सफर करता है तो उसके लिए आधी टिकट लेनी होगी। लेकिन अगर आप बच्चे के लिए अलग से बर्थ चाहते हैं तो उसके लिए पूरा किराया देना होगा। टिकिट सीधे आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे की सहायक कंपनी) वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग कर सकते हैं।

## यूट्यूबर दीपक नागर का कत्ल, अस्पताल में तोड़ा दम

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में घर से बुलाकर दोस्तों ने पहले शराब पार्टी की फिर मारपीट कर यूट्यूबर को घायल कर दिया। जिसके बाद घायल अवस्था में यूट्यूबर को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने गांव के ही 6 आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। बता दें कि मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में 28 जनवरी की रात में मनीष ने अपने घर पर पार्टी के लिए यूट्यूबर दीपक नागर को बुलाया। जहां पहले शराब पार्टी में सभी ने साथ शराब पी और उसके बाद मनीष व अन्य लोगों ने दीपक के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक अपने घर पहुंचा। जहां से परिजनों ने तुरंत ही दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने क्या बताया?

मामले में पुलिस ने बताया कि मनीष के घर पर पार्टी थी, जिसमें यूट्यूबर दीपक को भी बुलाया गया था। वहां पर उन लोगों ने पार्टी में शराब पी और फिर उसके बाद किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। लड़ाई में दीपक के सिर में पंच लग गया। घर पहुंचने के 1 से 2 घंटे के बाद दीपक की तबीयत खराब हो गई। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने पाया कि उसके सिर में ब्लड की क्लॉटिंग हो रही थी जिसके चलते उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

## भाजपा ने रांची में लगाए सीएम सोरेन के गुमशुदगी के पोस्टर

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस वक्त पूरे देश के लिए चर्चा हो रही है। सीएम सोरेन पर ईडी की गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया है कि सीएम सोरेन ईडी के डर से कहीं लापता हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को सीएम सोरेन रांची पहुंचे और दफ्तर में बैठक भी की है। इसी बीच झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोरेन पर कटाक्ष कर एक लापता पोस्टर ट्वीट किया, जिसमें मुख्यमंत्री के ठिकाने के बारे में जानकारी देने वालों को 11,000 रुपये का नकद इनाम देने का भी उल्लेख किया गया है। बता दें कि सोमवार को ईडी की टीम ने दिल्ली स्थित हेमंत सोरेन के घर पर रेड मारी थी। सोरेन उस वक्त वहां नहीं मिले लेकिन ईडी ने उनकी बीएमडब्ल्यू कार और लाखों रुपये के कैश को कब्जे में ले लिया है। दूसरी तरफ झारखंड भाजपा ने सोरेन को गुमशुदा घोषित करते हुए पोस्टर जारी कर इनाम का भी ऐलान किया है। मरांडी द्वारा ट्वीट किए गए पोस्टर में सोरेन को 5 फुट 2 इंच के व्यक्ति के रूप में वर्णित किया गया है, जो सफेद शर्ट, काली पतलून और चप्पल पहने हुए है। पोस्टर में दावा किया गया है कि सोरेन 40 घंटे से अधिक समय से लापता थे और उन्हें आखिरी बार रात 2 बजे अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ घूमते देखा गया था।

## साइबर सुरक्षा कंपनी ने किया 75 करोड़ भारतीयों के डाटा चोरी का खुलासा

नई दिल्ली। साइबर सुरक्षा कंपनी ने 75 करोड़ भारतीय ग्राहकों के डाटा चोरी का खुलासा किया है। इसके बाद दूरसंचार विभाग ने सर्विस ऑपरेटर से अपने सिस्टम का सिक्योरिटी ऑडिट कराने के लिए कहा है। मिली जानकारी के अनुसार विभाग ने ये निर्देश एक साइबर सुरक्षा कंपनी द्वारा 75 करोड़ भारतीय ग्राहकों की जानकारी में सेंध लगने के दावे के बाद जारी किया है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडसेक के दावे के अनुसार, उसके यूज़र्स ने पाया है कि हैक करने वाले डार्क वेब पर 75 करोड़ भारतीय मोबाइल यूज़र्स से जुड़ी जानकारी (1.8 टेराबाइट) या ब्योरा बेच रहे हैं। हालांकि क्लाउडसेक ने कहा कि हैकर ने किसी भी उल्लंघन में शामिल होने से इनकार किया है और कानूनी रूप से उसने अघोषित स्रोत के माध्यम से आंकड़े प्राप्त करने का दावा किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार परिचालकों से अपने सिस्टम के सिक्योरिटी ऑडिट कराने को कहा है। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि दूरसंचार परिचालकों ने अनौपचारिक रूप से विभाग को जानकारी दी है कि 'क्लाउडसेक रिपोर्ट में लीक जानकारी का जो दावा किया गया है, वह दूरसंचार ग्राहकों के पुराने आंकड़ों का संकलन लगता है।

अधिकारी ने कहा कि यह उनके सिस्टम में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कमजोरी के कारण नहीं है। साइबर सुरक्षा फर्म क्लाउडसेक के शोधकर्ताओं ने पाया कि साइबो क्रू के सहयोगी साइबोडिविल और यूनिट8200 ने हाल ही में बिक्री के लिए एक विशाल 'भारतीय मोबाइल नेटवर्क उपभोक्ता डेटाबेस' का विज्ञापन किया है। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, पता और आधार विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है। सरकारी साइबर सुरक्षा इकाई इंडियन कंप्यूटर एमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम से जुड़ी साइबर खुफिया कंपनी ने कहा कि मामला 23 जनवरी को सामने आया। इसके बाद क्लाउडसेक ने संबंधित अधिकारियों और संगठनों को सूचित किया है।

# जब तक जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी: ममता बनर्जी

**रायगंज (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिये आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है।

बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि



जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी। बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शांतनु ठाकुर के हालिया दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। ठाकुर ने कहा था कि पूरे देश में एक सप्ताह के अंदर सीएए लागू किया जाएगा।

रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक जनसभा के दौरान दिए गए ठाकुर के बयान ने विवादास्पद कानून को लागू किए जाने को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में सीएए को मंजूरी दी थी। कानून में 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है।

## देश में असली मुद्दा बेरोजगारी और मंहगाई : प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास देश के सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी का कोई समाधान नहीं है और 'मोदी की गारंटी' जैसी बातें ''सिर्फ जुमला हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीडियो भी साझा किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग इजराइल में नौकरी पाने के मकसद से कतारबद्ध नजर आ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं, तब सबसे पहले हम अपने नागरिकों को वहां से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं, लेकिन बेरोजगारी ने आज ये हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यहां, अपने देश में इन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा? लंबी-लंबी कतारों में दो-दो दिनों से खड़े युवा क्या हमारे देश के बच्चे नहीं हैं कि हम इन्हें खुशी से इतने भयानक युद्ध के बीच भेजने को तैयार हैं? उन्होंने कहा, गौर कीजिए, कितनी चालाकी से मोदी सरकार इस देश के युवाओं का व्यक्तिगत मसला बना रही है! प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि सरकार की इसमें क्या भूमिका है?

उन्होंने सवाल किया कि भारत सरकार ने इजराइल को भारतीय युवाओं की बलि लेने की स्वीकृति किस आधार पर दी है? उन्होंने कहा, ''हमारे इन युवकों के जान-माल की रक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? भगवान न करे अगर किसी के साथ कोई दुर्घटना हो गई तब किसकी जिम्मेदारी होगी? उन्होंने कहा, आज भारत का असली मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। भाजपा सरकार के पास इसका कोई हल नहीं है। देश के युवा अब यह बात समझ रहे हैं।

## संसद के बजट सत्र से पहले सभी निलंबित सांसद होंगे बहाल

नई दिल्ली। पिछले सत्र के निलंबित सांसदों के लिए खुशखबरी है कि अब सभी निलंबित सांसदों को सत्र से पहले बहाल कर दिया जाएगा। बता दें कि संसद का बजट सत्र कल से शुरू होने वाला है। इस सत्र से ठीक पहले सभी निलंबित सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, निलंबित सांसदों के निलंबन को रद्द करने के बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, 'सभी (निलंबन) रद्द किए जाएंगे। मैंने (लोकसभा) अध्यक्ष और (राज्यसभा) सभापति से बात की है, मैंने उनकी ओर से भी अनुरोध किया है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'यह अध्यक्ष और सभापति के क्षेत्राधिकार में आता है। इसलिए, हमने उन दोनों से अनुरोध किया है कि वे संबंधित विशेषाधिकार प्राप्त समितियों से बात करें, निलंबन रद्द करें और उन्हें सदन में आने का अवसर दें। दोनों इस पर सहमत हो गए। उन्होंने कहा कि निलंबित सांसद कल से सदन में भी आएंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले, 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे।

## बजट सत्र से पहले सरकार ने कहा, हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह संसद के आगामी बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। बजट सत्र की पूर्व संध्या पर मोदी सरकार द्वारा बुलाई गई पारंपरिक सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार संक्षिप्त सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

मालूम हो कि संसदीय चुनावों की घोषणा से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। केंद्रीय रक्षा मंत्री और लोकसभा में उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और उपनेता अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के के सुरेश, टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय, डीएमके के टीआर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के एसटी हसन, जेडी (यू) के रामनाथ ठाकुर और टीडीपी के जयदेव गल्ला शामिल थे।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और राज्य सरकार के प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया।

कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि देश में अलिखित तानाशाही कायम है। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया। तिवारी ने कहा कि उन्होंने विपक्षी दलों से सलाह के बाद ये मुद्दे उठाए हैं।

## वीआईपी के बच्चों की पढ़ाई सरकारी स्कूल और परिवार का इलाज -सरकारी अस्पताल में अनिवार्य होना चाहिए: वरुण गांधी

**पीलीभीत(एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद वरुण गांधी ने जनता से जुड़ा महत्वपूर्णमुददा उठाया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमें कोई भी वीआईपी अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में पढ़ाने को मजबूर हो जाए। जबकि परिवार को जब भी इलाज की जरुरत हो तो सरकारी अस्पताल में ही कराना पड़े। इस तरह का सख्त कानूना बनेगा तो सरकारी स्कूल हो या अस्पताल खुद व खुद सुधर जाएंगे। वीआईपी को भी पता चलेगा कि किन मुश्किलों के साथ आम आदमी को इलाज और शिक्षा मिल पा रही है।



वरुण गांधी ने कहा कि गांव के भीतर जो लोग अस्पतालों में इलाज के लिए जाते है, उनसे कहा जाता है आप बेहतर इलाज के लिए लखनऊ, दिल्ली जाइए। मैंने कहा इसका इलाज बहुत जल्दी हो सकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य का मामला है। उसको लेकर सांसद, विधायक, डीएम, एसपी और सभी वीआईपी के लिए सरकारी स्कूल में पढ़ाने व सभी के परिवार के इलाज सरकारी अस्पताल में कराए जाने का सरकार कानून बना दे तो सभी सिस्टम अपने आप सुधर जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अफसरों के सामने झुककर और डरते हुए शिकायत करना होती है। जबकि महात्मा गांधी और नेता सुभाषचंद्र बोस कहते थे कि देश आजाद होने के बाद आम जनता को किसी के आगे झुककर शिकायत नहीं करना पड़ेगी।वरुण गांधी ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, शहीद भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद से लेकर जहां एक दौर क्रांति नेतृत्व का था, लेकिन धीरे-धीरे आज देश में एक ऐसा नेतृत्व आया है जो अब देश की चिंता के साथ नेता अपनी चिंता भी करने लगे है। जो आज कल राजनिति में आ रहे है, वो अपना हित कर रहे है।

आज देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो ईमानदार हो।आज एक ऐसा भारत बनना चाहिए, जिसमें ऐसी भावना हो कि सबका हिस्सा हो और सबके सपनों की कीमत एक हो। वरुण गांधी ने कहा कि आजादी के समय महात्मा गांधी ने कहा था कि हिंदुस्तानियों को कभी भी किसी के सामने झुकना नहीं पड़ेगा। लेकिन यह आज सच साबित नहीं होता, क्योंकि आज इस आजाद देश में जब आप किसी पुलिस स्टेशन या अधिकारी के सामने जाते हैं तो अपने काम के लिए लोगों के आगे झुकना पड़ता है। जब हम अपनी बात झुक कर रखेंगे तो मैं यह पूछता हूं कि इस देश में नई व्यवस्था में नए राजा और अंग्रेज कहां से आ गए। मैं ऐसा देश देखना चाहता हूं कि आदमी अपनी बात बिना डर के रखे। इतने सारे लोग वरुण गांधी का कभी न कभी विरोध करते है, क्या कभी गांधी परिवार ने रंजिश के साथ से काम किया? क्या हमने दुश्मनी किसी के साथ निकाली? क्या हमने किसी पर केस लगवाया या किसी को हमने उठवाया? हमने कहा कि पीलीभीत मेरा परिवार है और हम उसके मुखिया है।

# राजस्थान के स्कूलों में हिजाब पर लग सकता है प्रतिबंध, राज्य में चढ़ा सियासी पारा

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में हिजाब को लेकर सियासी घमासान शुरु हो गया है। वजह ये है कि भाजपा विधायक ने एक स्कूल में दो तरह के बच्चे दिखाई देने पर कहा था कि कुछ हिजाब में और कुछ बिना हिजाब के। इससे स्कूल के ड्रेस कोड के कोई मायने नहीं रह जाते है। इसी बात पर मुस्लिम छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन कर दिया और संभावनाएं जताई जाने लगीं कि स्कूलों में हिजाब को प्रतिबंधित किया जा सकता है। बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ मुस्लिम छात्राओं की ओर से किए प्रदर्शन के बाद भजनलाल सरकार के मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा भी इस मामले में मुखर हो गए हैं। उन्होंने विधायक आचार्य के तर्क का समर्थन किया है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी शिक्षा विभाग से इस पर रिपोर्ट मांगी है।

दिलावर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मंगलवार दोपहर तक रिपोर्ट मांगी है कि किन किन राज्यों के स्कूलों में हिजाब पर बैन है। इस बारे में पूरी जानकारी मांगी गई है।कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने हिजाब पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे इस बारे में सीएम भजनलाल से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में समान ड्रेस कोड होना चाहिए। हिजाब का समर्थन करने वाली ताकतें नहीं चाहती कि मुस्लिम समुदाय के बच्चे शिक्षित बनें। उन्होंने कहा कि मुसलमानों का डीएनए हिंदुस्तानी है। मुगल आक्रांताओं के साथ हिजाब और बुर्का भारत में आया था। आज मुस्लिम देशों में भी कई जगह हिजाब प्रतिबंधित है। हिजाब को लेकर जयपुर में उपजे इस विवाद के बाद सोमवार को मुस्लिम छात्राओं ने सुभाष चौक थाने का घेराव कर जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके परिजन और मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने इस मामले में छात्राओं को 2 दिन का आश्वासन दिया है। स्कूली छात्राओं की मांग है कि हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य इस मामले में माफी मांगें। छात्राओं का आरोप है कि उनके स्कूल के वार्षिक उत्सव में आए विधायक ने उनसे हिजाब को लेकर बातें की। वहीं उन्होंने धार्मिक नारे भी लगवाए। वे ये बर्दाश्त नहीं करेंगी। बाद में इस मामले में विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बयान देते हुए कहा कि उनको स्कूल में दो तरह का माहौल नजर आया था। एक हिजाब में और दूसरा बिना



हिजाब के। उन्होंने तर्क दिया कि स्कूल का ड्रेस कोड तय है तो बच्चों को उसका पालन करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो फिर हमारे बच्चे भी अलग अलग कलरफुल ड्रेस या फिर लहंगा चुन्नी पहनकर आएंगे तो स्कूल कैसे चलेगा।

## सऊदी अरब में है दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत, नाम है माराया



सऊदी । दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत सऊदी अरब में है। इस इमारत का नाम माराया है, जो कि कांच से ढंकी इमारत है। बता दें कि दुनिया में एक से बढ़कर एक इमारतें हैं जो अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए जानी जाती हैं। हर प्रसिद्ध इमारतों में कुछ न कुछ खास बात होती है। ऐसी ही एक इमारत सऊदी अरब में है जो कि पूरी कांच की बनी है। इस बिल्डिंग का नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। ये दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत है जो कि सऊदी अरब के अलउला में स्थित है। इस बिल्डिंग का नाम माराया है। ये एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ दर्पण या प्रतिबिंब होता है। इस बिल्डिंग का वीडियो सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि 'माराया दुनिया की सबसे बड़ी कांच से ढकी इमारत है।' वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि शीशे की तरह चमकदार इस बिल्डिंग के पीछे पहाड़ियां दिख रही हैं। इस बिल्डिंग की दीवार लंबी हैं, जिस पर चारो तरफ शीशे ही शीशे लगे हुए हैं। बिल्डिंग के शीशे में रेत के टिले, पहाड़, सड़क पर चल रही गाड़ियां और लोगों की प्रतिबिम्ब बनते हुए दिख रहा है। वीडियो को सड़क पर जा रहे एक वाहन चालक ने रिकॉर्ड किया है। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को खबर लिखे जाने तक 22.3 मिलियन लोगों ने देखा और 78 हजार लोगों ने लाइक किया है। यह इमारत 9,740 ग्लास पैनलों से बनी है, जो इमारत के 105,000 स्क्वायर फुट को कवर करता है। इस बिल्डिंग को वास्तुशिल्प का चमत्कार कहा जाता है। माराया को कॉन्सर्ट हॉल, इवेंट्स स्पेस और मनोरंजन स्थल के रूप में बनाया गया है। कॉन्सर्ट हॉल में 500 सीटें हैं। यह बिल्डिंग चार मंजिला ऊंची है, जिसमें एंटरटेनमेंट वेन्यू, इवेंट, कॉन्फ्रेंस और डाइनिंग की सुविधाएं हैं। माराया कॉन्सर्ट हॉल, जैसा हॉल अन्य कहीं नहीं मिलेगा। ये कॉन्सर्ट हॉल 1777 वर्गमीटर का एक ऑडिटोरियम है, जहां 500 गेस्ट्स आराम से बैठ सकते हैं। इस कॉन्सर्ट हॉल में एक रॉयल सुइट भी है, जो रॉयल फैमिली के लोगों के लिए बुक रहता है।

## विवादित अबेई क्षेत्र में हुई झड़प, 54 लोगों की गयी जान

खार्तूम। सूडान और दक्षिण सूडान के बीच तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में 52 नागरिक और दो शांति सैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई (यूएनआईएसएफए) ने दी है। इस दौरान यूएनआईएसएफए ने एक बयान में अबेई में जारी अंतर-सांप्रदायिक झड़पों को लेकर चिंता जतायी और कहा कि शनिवार को एक और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक की मौत हो गयी। वहीं संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि वह झड़पों के कारण मारे गए, घायलों और विस्थापितों की संख्या की पुष्टि करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। मौजूदा समय में मृतक और घायल नागरिकों की संख्या क्रमश: 52 और 64 है। यूएनआईएसएफए ने नागरिकों और शांति सैनिकों के खिलाफ इन हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नीले हेलमेट के खिलाफ हिंसा अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र मिशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह शांति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास हो रहा है, जिसमें सक्रिय रूप से और मजबूती से नागरिकों की रक्षा करना, अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए त्वरित जांच की मांग दोहराना शामिल है। यहां गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की स्थापना 2011 में सुरक्षा परिषद द्वारा विवादित अबेई क्षेत्र की निगरानी के लिए की गई थी। बता दें कि मौजूदा समय में सूडान और दक्षिण सूडान के बीच सीमा पर 5,326 सैनिक तैनात हैं।

## चीन के शिनजियांग प्रांत में आया भूकंप

बीजिंग । पश्चिमोत्तर चीन में भूकंप आने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के किर्गिज़ स्वायत्त प्रान्त किज़लिसु के अहेकी काउंटी में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 6-27 बजे ये झटके महसूस किये गये। इस दौरान भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गयी। सीईएनसी ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।




## लेबनान में इजरायली हमले का कहर, 2 की मौत, 2 घायल

बेरूत । लेबनान की दक्षिणी सीमाओं पर इजरायल हमलों का कहर बरप रहा है। जानकारी के अनुसार इजरायल की ओर से किए गए हमले में सोमवार को हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के आठ कस्बों और गांवों पर 14 हवाई हमले किए गए और तीन घरों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 15 कस्बों और गांवों पर इजरायल की ओर से लगभग 100 गोले भी दागे गए, जिससे आठ मकान नष्ट हो गए और 25 अन्य को नुकसान पहुंचाया गया है। इधर लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-समाका, अल-मोटेला और ज़ारिट बैरक सहित कई इजरायली ठिकानों पर हमला किया। बता दें कि हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमलों का समर्थन करने के बाद गत आठ अक्टूबर से लेबनानी-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 239 लोग मारे गए हैं, जिनमें 173 हिजबुल्लाह सदस्य और 39 अन्य नागरिक शामिल हैं।

## आधे से ज्यादा जमीन खरीदकर गांववालों को परेशान कर रहा अरबपति

लंदन । ब्रिटेन के एक शख्स ने पैसे के दम पर एक गांव की ज्यादातर जमीनें खरीद ली और अब वह लोगों को परेशान करने पर तुला हुआ है। जानकार इस घटना पर कह रहे हैं कि पैसा हो तो इंसान क्या कुछ नहीं कर सकता। वो गरीब लोगों के जीवन में तमाम मुश्किलें भी खड़ी कर सकता है। जैसा कि इस शख्स ने किया है। जानकरी के अनुसार माइकल ब्रिच नाम के एक शख्स ने एक गांव की आधे से ज्यादा जमीन खरीद ली। अब वो उसे खिलौने की तरह इस्तेमाल कर रहा है, जिससे वहां रहने वाले आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह अरबपति ब्रिटेन का रहने वाला है। वो तब खबरों में आया था, जब उसने सोशल मीडिया साइट बेबो को 2008 में लगभग 800 मिलियन पाउंड में बेच दिया था और बाद में उसे लगभग 1 फीसदी कीमत पर वापस खरीद भी लिया था। अब ब्रिच उत्तरी डेवोन के छोटे से गांव वूलसेरी में जमीन खरीद रहा है। इसे खूबसूरत बनाने और किसानों की मदद करने के बजाय वो यहां की जमीन को वह खिलौने की तरह इस्तेमाल कर रहा है। अपना मन बहलाने के लिए उसने यहां एक फर्जी फिल्म सेट भी बना लिया है। बताया जा रहा है कि उसने इस जगह को फिल्म सेट जैसा दिखाने के लिए बड़ी हवेली जैसा घर बनाने की योजना बनाई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इससे उनके और अमीर लोगों के बीच जंग शुरू हो जाएगी। ब्रिच के यहां जमीन खरीदने के बाद से प्रॉपर्टी के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। अब लोगों को गांव छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि अब तक उसने कई कॉटेज, एक बड़ा फार्म, स्थानीय सुपरमार्केट, मछली और चिप की दुकान खरीदी है। उसने क्षेत्र में लगभग 65 नई नौकरियां भी पैदा की है। एक स्थानीय बुजुर्ग ने कहा, ये सब नकली है। वो जो कुछ बनवा रहा है, वह फिल्म सेट जैसा लगता है। ये पारंपरिक तौर पर खेती करने वाला गांव हुआ करता था। इसमें कोई फैन्सी चीज नहीं थी। लोग गांव छोड़कर जाने वाले हैं।




सियोल में लोग टीवी पर उत्तरकोरिया के बैलास्टिक मिसाइल दागे जाने की रिपोर्ट देखते हुए।

## इमरान और शाह महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को सिफर मामले में कोर्ट ने 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। इमरान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा हुई है। इमरान वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। स्पेशल कोर्ट के फैसले को इमरान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे पाकिस्तान में आम चुनाव लड़ना चाह रहते थे। माना जा रहा है कि अब दोनों नेताओं को 10-10 साल की सजा के बाद चुनाव लड़ने का रास्ता बंद हो गया है। इमरान और शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ सिफर का ये मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इमरान पर बेहद गुप्त जानकारी के निजी इस्तेमाल करने का आरोप है। सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान ने आरोप लगाया था कि उन्हें बेदखल करने के पीछे अमेरिका का हाथ है। इसके लिए इमरान ने आरोप लगाया था कि वाशिंगटन स्थित पाक एंबेंसी ने उन्हें एक केबल (टेप या गुप्त जानकारी) भेजा था। इमरान ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक विवादित राजनयिक बातचीत को सार्वजनिक कर दिया था।

# हम तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर... डोनाल्ड ट्रंप क्यों दे रहे डरावनी चेतावनी

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** जॉर्डन में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ा राजनीतिक युद्ध छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसका दोष जो बाइडेन पर मढ़ते हुए दावा किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमें तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर ले जा रहे हैं। उनका दावा अब जोर पकड़ रहा है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो आंतरिक विफलताओं से जूझ रहा है, सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए तेजी से बाहरी संघर्षों की ओर रुख कर रहा है।

अमेरिकी बेस पर हमले के लिए ईरान समर्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया। अमेरिकी बेस पर घातक ड्रोन हमले में तीन सैनिकों की मौत और लगभग 40 अन्य के घायल होने के बाद जीओपी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक दावेदार ने दावा किया कि कमांडर इन चीफ के रूप में जो बाइडेन के साथ हमारा देश जीवित नहीं रह सकता। बाइडेन ने हमलों के लिए कट्टरपंथी ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को दोषी ठहराया है। उन्होंने अमेरिकियों की मौतों और चोटों के लिए जिम्मेदार लोगों को हमारे द्वारा चुने गए समय पर और तरीके से जवाबदेह ठहराने की कसम खाई है।

संयुक्त राज्य अमेरिका पर यह निर्लज्ज हमला जो बिडेन की कमजोरी और आत्मसमर्पण का एक और भयानक और दुखद परिणाम है, ट्रम्प ने पीड़ितों के



परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करने के बाद लिखा। ट्रम्प ने यहां तक तर्क दिया कि यदि मैं राष्ट्रपति होता तो घातक हमला कभी नहीं होता, यहां तक कि मौका भी नहीं मिलता। जैसे इजराइल पर ईरान समर्थित हमास का हमला कभी नहीं हुआ होगा, यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं हुआ होगा, और अभी हमारे पास पूरी दुनिया में शांति होगी। इसके बजाय, हम तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर हैं।

## पड़ोस में हो रहीं गलत चीजों से मुंह नहीं फेर सकते, मालदीव के 'इंडिया आउट' अभियान पर बोले जयशंकर- कोई बच नहीं सकता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** लाल सागर में व्यापारी नौसेना के जहाजों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाजों की तैनाती के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत की अधिक क्षमता, उसकी अपनी रुचि और प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि वह वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करता है। भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई में एक बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 जहाज तैनात किए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की अधिक क्षमता, हमारा अपना हित और हमारी प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि हम वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पड़ोस में बुरी चीजें हो रही हैं तो हमें एक जिम्मेदार देश नहीं माना जाएगा और हम कहते हैं कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मालदीव में 'इंडिया आउट' अभियान पर जयशंकर ने कहा कि दिन के अंत में पड़ोसियों को एक-दूसरे की ज़रूरत होती है। उन्होंने



कहा कि इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर हमला करने के बाद मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है। जहाज ने सोमवार को ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज इमान पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था।

## भारत की तरह पाकिस्तान में भी नोटबंदी की तैयारी

**कराची (एजेंसी)।** पैसे को मोहताज मुल्क पाकिस्तान इन दिनों अपनी खराब आर्थिक नीतियों के कारण तंगहाली का सामना कर रहा है। अपनी मुद्री की गिरती कीमतों के बीच पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने घोषणा की है कि वह नकदी की कमी वाले देश में नकली मुद्राओं के खतरे से निपटने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ नए मुद्रा नोट पेश करेगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने बताया कि करेंसी नोटों को उन्नत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सुविधाओं के साथ शामिल किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तानी मुद्रा को आधुनिक बनाने के लिए विशिष्ट सुरक्षा संख्या और डिजाइन शामिल होगी। गर्वनर अहमद ने कहा कि परिवर्तन धीरे-धीरे होगा ताकि पाकिस्तान को व्यवधान और परेशानी की समस्याओं का सामना न करना पड़े जैसा कि अतीत में कुछ अन्य देशों में देखा गया है।

हालाँकि, कुछ वित्तीय विशेषज्ञों को आश्चर्य है कि क्या नए मुद्रा नोटों की शुरूआत में नकली और काले धन बाजार से निपटने के लिए 5,000 या उच्च मूल्य वर्ग के नोटों का विमुद्रीकरण भी शामिल हो सकता है। विशेषज्ञों के



अनुसार, नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था काले धन के अवैध उपयोग से काफी प्रभावित है, जो उच्च मूल्यवर्ग के नोटों के प्रचलन के कारण आसान है। बाजार जानकार ने कहा कि पाकिस्तान की मौद्रिक प्रणाली की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए यह सही कदम है, लेकिन क्या इसमें नोटबंदी भी शामिल होगी, यह देखना होगा।

उन्होंने केंद्रीय बैंक को लेकर पुष्टि की कि बाजार में नकली नोटों का चलन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगर नए करेंसी नोट प्रसारित किए जाते हैं, तब इससे प्रचलन में विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी और व्यवसायों को भी विश्वास मिलेगा। एक अन्य बैंकर ने कहा कि केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नई मुद्रा के कार्यान्वयन के दौरान जनता और व्यवसायों को कोई असुविधा न हो।

## चीन-पाकिस्तान के उड़ गए होश, जब अचानक तालिबान की बुलाई टॉप मीटिंग में पहुंच गया भारत, और फिर...

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को काबुल में तालिबान सरकार द्वारा अफगानिस्तान पर बुलाए गए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। यह बैठक, अगले महीने दोहा में संयुक्त राष्ट्र की सभा की पूर्ववर्ती बैठक है, जो क्षेत्रीय कूटनीति में एक उल्लेखनीय कदम है। काबुल में भारत की तकनीकी टीम के प्रमुख रामबाबू चेलप्पा ने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने में नई दिल्ली की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के संबंध में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेता है, और अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास के लिए हर प्रयास का समर्थन करता है।

अफगानिस्तान की 'क्षेत्रीय सहयोग पहल' नामक सम्मेलन में रूस, चीन, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष दूतों और राजनयिकों की उपस्थिति देखी गई। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अफगानिस्तान एक ऐसा देश है जो लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों से गुजरा है और शांति, सुरक्षा और स्थिरता हासिल की है। इसे संयुक्त राष्ट्र के किसी अन्य विशेष प्रतिनिधि की आवश्यकता नहीं है। मुत्ताकी ने तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान



की हालिया प्रगति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें सुरक्षा बलों को संगठित करना, खतरों को बेअसर करना, पोस्ता की खेती पर प्रतिबंध लगाना और प्रमुख विकास परियोजनाएं शुरू करना शामिल है।

उन्होंने प्रतिभागियों से आपसी हितों के आधार पर जुड़ाव और सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए आगामी दोहा बैठक में अफगानिस्तान की वर्तमान वास्तविकताओं का सटीक रूप से प्रतिनिधित्व करने का आग्रह किया। मुत्ताकी ने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए, मैं यहां उपस्थित सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे आगामी दोहा बैठक में आज के अफगानिस्तान की जमीनी हकीकत को दूर-दराज के पक्षों के सामने पेश करें, ताकि वे अफगानिस्तान के लिए यथार्थवादी, समझदार और स्वीकार्य दृष्टिकोण के साथ रचनात्मक जुड़ाव और सहयोग में प्रवेश कर सकें।

# पाकिस्तान के कई इलाकों पर किया गया कब्जा, बलूच आर्मी के आगे मुनीर की सेना ने घुटने टेके


**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। लेकिन उससे पहले ही पाकिस्तान में हमलों की बौछार हो गई है। पाकिस्तान में एक ही समय पर कई जगहों से हमले किए जा रहे हैं। अब तो पाकिस्तान के कई इलाकों पर कब्जा तक कर लिया गया है। भारत में बैठे लोगों को अंदाजा भी नहीं होगा कि पाकिस्तान पर कितना बड़ा हमला हुआ है। ईरान के हमले के बाद अब बताया जा रहा है कि अलग देश की मांग कर रही बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना पर बड़ा हमला कर दिया है। बलूचों का कहना है कि उन्होंने 50 पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है। पाकिस्तान की सेना इतनी डर गई है कि वो अपने सैनिकों की लाशें तक उठाने नहीं गई। पाकिस्तानी सेना ने तो इन्हें अपना सैनिक मानने से भी इनकार कर दिया है। बलूचिस्तान के माच और बोलन शहर पर कब्जे का दावा भी बीएलए की तरफ से किया गया है। बलूचों ने इन शहरों में हर तरफ बारूदी सुरंगे लगा दी हैं। पाकिस्तान की सेना अब इन इलाकों में घुसने से घबरा रही है।

### सुरक्षा बलों ने माच रेलवे स्टेशन पर हमले को नाकाम कर दिया

रॉकेट पास के पहाड़ों से दागे गए और माच शहर के विभिन्न इलाकों में विस्फोट हुए। रॉकेट दागने के बाद आतंकियों ने सेंट्रल जेल के पास सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला किया और माच रेलवे स्टेशन में भी घुस गए। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी जारी रहने के बाद लोगों को घर के अंदर रहने के लिए लाउडस्पीकर से घोषणा की गई। बलूचिस्तान में जेल महानिरीक्षक शुजा कासी ने पुष्टि की कि रॉकेट माच जेल की आवासीय कॉलोनी की दीवारों पर गिरे। उन्होंने कहा, मोर्टार गोले और रॉकेट कॉलोनी की दीवारों के करीब फटे। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में माच जेल में 800 कैदियों को रखा गया है, जिनमें कुछ मौत की सजा पाए कैदी भी शामिल हैं। मंत्री ने दावा किया कि आतंकवादी असलम अचो समूह से जुड़े थे, प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) समूह के माजिद ब्रिगेड ने बाद में हमले की जिम्मेदारी ली थी। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों और बलों के बीच गोलीबारी कुछ घंटों तक चली, इससे पहले कि दिन का उजाला होने से पहले वे आसपास के पहाड़ों में भाग गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### बीएलए पाकिस्तानी पुलिस पर हमला क्यों कर रही है?

यह हमला पाकिस्तानी हमलों का स्पष्ट प्रतिशोध था, जिसे देश ने जनवरी की शुरुआत में ईरान में विद्रोहियों के ठिकाने बताया था। बीएलए ने 18 जनवरी को ईरान में उनके



शिविरों पर पाकिस्तान के हमलों के बाद बलूचिस्तान और अन्य जगहों पर सुरक्षा बलों पर हमले शुरू करने की धमकी दी थी, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए थे। ये हमले पाकिस्तान में ईरानी हमले के जवाब में किए गए जो समान अलगाववादी लक्ष्यों वाले एक अलग बलूच समूह को निशाना बनाकर किए गए थे।

## टी20 प्रारुप में खेला जाएगा एशिया कप

**यूएई ओर ओमन मेजबानी की दौड़ में शामिल**

**मुम्बई ।**

अगले साल 2025 में होने वाला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। वहीं पिछला एशिया कप एकदिवसीय प्रारुप में खेला गया था जिससे कि एकदिवसीय विश्वकप के लिए खिलाड़ियों को अनुभव मिल सके। पिछली बार एशिया कप पहले पाकिस्तान में खेला जाना था पर अंत में इसे संयुक्त रुप से पाक और श्रीलंका में आयोजित किया गया था। इस बार इसकी मेजबानी ओमान और यूएई में से किसी एक को मिल सकती है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने टी20 विश्व कप 2026 की बेहतर तैयारी के लिए इस आयोजन को टी20 प्रारूप में ही खेलने का फैसला किया है। एसीसी की आगामी वार्षिक आम बैठक में इस पर फैसला होगा। यह बैठक इंडोनेशिया के बाली में दो दिनों में होगी। वहीं टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए यूएई और ओमान से बात हो रही है। पांच साल में दूसरी बार एशिया कप टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। एशिया कप में भारतीय टीम हमेशा ही हावी रही है और उसने अब तक 8 बार खिताब जीता है। वहीं श्रीलंका ने 6 बार जबकि पाक ने दो बार जीत दर्ज की है।




# सूरज पंवार ने 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया

**चंडीगढ़**

उत्तराखंड के सूरज पंवार ने मंगलवार को यहां इंडियन ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता में पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मानक हासिल कर लिया है। पंवार ने एक घंटा, 19 मिनट और 43 सेकेंड (1:19:43.08) का समय निकालकर रजत पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाइंग मानक 1:20:10 है। पिछले साल पेरिस क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:19:37.56 के समय के साथ अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया, और 1:19:55.00 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल फरवरी में नेशनल के दौरान बनाया था। सर्विन ने मंगलवार को 1:20:29 के समय के साथ कांस्य पदक जीता और पेरिस 2024 के लिए प्रवेश मानक को तोड़ने से चूक गए।

23 वर्षीय आकाशदीप, विकास सिंह और परमजीत बिष्ट के बाद पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए प्रवेश मानक को तोड़ने वाले चौथे भारतीय हैं। लेकिन पेरिस 2024 में एक कार्यक्रम में एक देश में केवल तीन रेसवॉकर हो सकते हैं और अब एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) को इस पर अंतिम फैसला करना है कि चार में से कौन पेरिस जाएगा। इस बीच, महिलाओं की स्पर्धा में पंजाब की मंजू रानी ने 1:34:16.67 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पायल (1:34:45.10) और मुनिता प्रजापति (1:35:36.16) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।35 किमी पुरुष और महिला दौड़ बुधवार को आयोजित की जाएगी।



# भारत की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमों को चीन के साथ एक ही समूह में रखा गया

**नई दिल्ली,**

एकल में एचएस प्रणय की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जबरदस्त जोड़ी को एक चुनौतीपूर्ण ड्रा में आगामी बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए हांगकांग और एशियाई पावरहाउस चीन के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। चैंपियनशिप का पांचवां संस्करण 13-18 फरवरी, 2024 तक शाह आलम, मलेशिया में होने वाला है। केवल शीर्ष दो टीमों के नॉकआउट चरण में पहुंचने के साथ, भारत को उस समूह में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है जिसमें क्षेत्र के सबसे मजबूत बैडमिंटन राष्ट्र में से कुछ शामिल हैं इसी तरह, प्रतिष्ठित पी.वी सिंधु की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम को चीन के साथ ग्रुप डब्ल्यू में रखा गया है। पुरुषों के समूह के विपरीत, महिलाओं के समूह में केवल दो टीमें शामिल हैं, जिससे भारत और चीन दोनों को नॉकआउट चरण में जगह मिल गई है। फ्रेंच ओपन में लगी चोट के कारण लगभग तीन महीने तक बाहर रहीं सिंधु इस टूर्नामेंट से वापसी करेंगी। महिला टीम में अश्विनी पोनप्पा, गायत्री गोपीचंद और नवोदित अनमोल खरब जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप प्रतिष्ठित थॉमस कप (पुरुष टीम विश्व कप) और उबेर कप (महिला टीम विश्व कप) के लिए क्वालीफायर के रूप में काम करती है। पोडियम फिनिश का लक्ष्य रखने वाली भारतीय टीमों के पास पिछले संस्करण से अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का मौका है, जहां पुरुष और महिला दोनों टीमें ग्रुप चरण में बाहर हो गई थीं। अपने थॉमस कप खिताब का बचाव करने की कोशिश कर रही पुरुष टीम के पास प्रणय, सात्विक और चिराग की मजबूत लाइनअप है। इस बीच, महिला टीम अपने पिछले क्वार्टरफाइनल को पार करना चाहती है। अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं के मिश्रण के साथ, भारत चैंपियनशिप के इस संस्करण में उत्कृष्ट प्रदर्शन का लक्ष्य रखेगा। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप भारतीय उस्ताद पी.वी सिंधु के लिए विशेष महत्व रखती है, जो चोट के कारण हुए अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी प्रतिस्पर्धा में लौट आई हैं। सिंधु का नेतृत्व, टीम की गहराई के साथ मिलकर, भारत के लिए महाद्वीपीय बैडमिंटन मंच पर अपनी छाप छोड़ने और 2024 में एक सफल अभियान की नींव रखने का अवसर प्रस्तुत करता है।



# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को ज्यादा ही आजादी दे दी : पनेसर

**ल्यूटन ।**

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ मिली जीत काफी बड़ी है और इसी ने भी इसकी कल्पना नहीं की थी। पनेसर के अनुसार भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को भी इसका अंदेशा नहीं था। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अब आने वाले मैचों में भारतीय टीम को मेहमान टीम को अधिक आजादी नहीं देनी होगी। उन्होंने माना कि विराट कोहली टीम में होते तो वह उनकी टीम के लिए जीत दर्ज करना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड टीम अब भी आगामी चार टेस्ट मैचों में असफलता के डर के साथ खेलेगी। मोंटी ने कहा कि इंग्लैंड की टीम हार से नहीं डरती, अगर वे हारते हैं तो भी नहीं डरते। इसलिए अगले चार मैचों में भी वे असफल होने से डरे बिना खेलेंगे। यह एक बहुत बड़ी जीत है, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह संभव होगा। सभी ने सोचा था कि इंग्लैंड 190 रनों से पीछे होन के बाद हार जाएगा पर ओली पोप ने शानदार पारी खेलकर बाजी पलट दी। ये सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी और रोहित इसका अंदाज नहीं लगा पाये थे। उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड की भारत पर पहले टेस्ट मैच में 28 रनों की जीत से ऐसा लगा जैसे उन्होंने विश्व कप जीत लिया हो। यह इंग्लैंड की विदेश में अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक थी। यह इंग्लैंड में एक बड़ी खबर है। ऐसा लगता है जैसे हमने विश्व कप जीत लिया है। इस स्पिनर ने कहा कि मेहमान टीम भारतीय क्रिकेटरों को देखकर सीख रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड टीम ने भारत की कमजोरियों को देखा है और इसी कारण उन्हें समझ आया कि उन्होंने मेजबान टीम को कैसे हराया जाये। मोंटी ने कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो भारत से सीख रही है, वे भारत को देखते हैं, वे देखते हैं कि गेंदबाज कैसे गेंद डालते हैं, वे देखते हैं कि वे कैसे बल्लेबाजी करते हैं और उनकी शारीरिक भाषा कैसी है। वे भारतीय टीम में किसी भी कमजोरी को देखते हैं और फिर वे समझना शुरू करते हैं कि वे क्या कर रहे हैं।

# घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले सरफराज अब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उतरेंगे

**इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शामिल**

**मुम्बई ।**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम की हार के साथ ही दो खिलाड़ी भी चोटिल हो गये। ऐसे में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में बदलाव करते हुए घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज सरफराज खान को शामिल किया गया है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में हार के कारण सीरीज में 1-0 से पीछे है। भारतीय टीम में पहला टेस्ट हारने के बाद बड़े बदलाव किए गए हैं पर ये ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने की वजह से करने पड़े हैं। जडेजा और राहुल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन सुंदर और सरफराज खान के नाम की घोषणा की है। वहीं आवेश खान को पिछले दिनों बाहर कर दिया गया था। इसलिए उनके स्थान पर सौरव कुमार को टीम में जगह दी गई है.



सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड रहा है। उन्होंने इसमें जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं ने उन्हें दूसरे टेस्ट मैच के लिए अवसर दिया है। इससे पहले इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ खेली जा रही अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में सरफराज ने 161 रन की शानदार पारी खेली थी। गौरतलब है कि 2020 रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज ने 301 रन बनाये थे।

## संक्षिप्त समाचार



## जडेजा और राहुल की कमी पूरी करना टीम इंडिया के लिए होगा मुश्किल

**मुम्बई ।** रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। राहुल और जडेजा ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था। ये दोनो ही टीम के अहम खिलाड़ी हैं। ऐसे में इनकी कमी पूरी करना भारतीय टीम के लिए मुश्किल होगा। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है जबकि विराट कोहली निजी कारणों से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की राह आसन नहीं रहेगी। चयनकर्ताओं ने दूसरे टेस्ट के लिए सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। वहीं रजत पाटीदार को इस मैच में राहुल की जगह बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है। वहीं जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारे जाने की संभावना है। भारतीय टीम इस मैच में चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज की जगह कुलदीप को रखा जा सकता है। वहीं सरफराज या वॉशिंगटन सुंदर को मध्यक्रम में उतारा जा सकता है। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की सहायक रही है। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। वहीं वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है।

## हरभजन ने कहा टर्निंग पिच भारतीय टीम पर पड़ सकती हैं भारी

**नई दिल्ली ।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम को आगाह किया है। हरभजन ने कहा कि भारत के लिए टर्निंग पिच बनाना नुकसानदेह भी साबित हो सकता है। इससे उसे इंग्लैंड से हार का सामना भी करना पड़ सकता है। हरभजन ने कहा, टीम अच्छी दिखाई दे रही है। उसके पास रोहित शर्मा जैसा बल्लेबाज है, इसके अलावा युवा बल्लेबाज भी हैं, ऐसे में अगर पिच अच्छी हुई तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे पर मुझे डर है कि भारतीय टीम टर्निंग पिच के कारण न हार जाये। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए जो बदलाव किए हैं वह खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण किये गये हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन सुंदर और सरफराज खान को रखा है। इंग्लैंड की टीम पहले मैच को जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे होने के कारण भी बढ़े हुए मनोबल के साथ दूसरे टेस्ट में उतरेगी। यह मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।



## दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर पहुंची

**आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष दस में दो भारतीय महिला क्रिकेटर शामिल**

**दुबई ।**

भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ ही संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर पहुंच गयी हैं। दीप्ति को हाल में किये अच्छे प्रदर्शन के कारण एक पायदान का लाभ हुआ है। वहीं भारत की ही रेणुका सिंह भी शीर्ष दस में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा को तीन स्थान का नुकसान हुआ है और वह दूसरे से गिरकर पांचवें स्थान पर फिसल गयी हैं। पाकिस्तान की सादिया भी दीप्ति के साथ ही संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन को चौथा स्थान मिला है। स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडरों में दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडरों की रैकिंग में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं बल्लेबाजों में भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ नंबर एक पर बनी हुई है जबकि उनकी ही साथी खिलाड़ी ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

# डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में 31 देशों की खिलाड़ी भाग लेंगी

**मुंबई,**

महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा आयोजित मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों की खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगी, जो छह साल के अंतराल के बाद टेनिस कैलेंडर में लौट आया है। यह डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन का तीसरा संस्करण है, जिसमें दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका (2017) और थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम (2018) सहित पिछले एकल चैंपियन शामिल हैं। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में एक रोमांचक लाइन-अप में एकल में तीन शीर्ष 100 खिलाड़ी और युगल स्पर्धा में छह शीर्ष 100 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो डब्ल्यूटीए .125च्च श्रृंखला का एक हिस्सा है। टूर्नामेंट क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट पर खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मैच 3 और 4 फरवरी से खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ की कार्रवाई 5 फरवरी से शुरू होगी। फाइनल 11 फरवरी को खेला जाएगा। अमेरिकी कायला डे, 2016 यूएस ओपन गर्ल्स सिंगल्स चैंपियन और विश्व नंबर 82, जापान की नाओ हिबिनो, तीन डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब के विजेता और पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक, 97 वें स्थान पर हैं, के साथ 32-खिलाड़ियों के क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी। मैदान में अन्य खिलाड़ियों में अमेरिकी केटी वोलिनेट्स, ऑस्ट्रेलियाई अरीना रोडियोनोवा और किम्बर्ली बिरेल और ब्राजील की लौरा पिगोसी शामिल हैं। सोलह वर्षीय रूसी अलीना कोर्नीवा, जो पिछले साल दुनिया में शीर्ष क्रम की जूनियर थीं, और लड़कियों का एकल खिताब जीतने के सिर्फ 12 महीने बाद 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल स्पर्धा के तीसरे दौर में पहुंचीं, भी इसमें नजर आएंगी। भारत की शीर्ष क्रम की युगल खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बारे और डच जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को युगल स्पर्धा में सीधा प्रवेश है। आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड की घोषणा होने की उम्मीद है। संजय खंडारे और प्रवीण दराडे, दोनों आईएएस और आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा, हम कुछ वर्षों के अंतराल के बाद विश्व स्तरीय टेनिस को मुंबई में वापस लाकर खुश हैं। डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन ने अतीत में कुछ बड़े नामों और उभरते सितारों को आकर्षित किया है, जिसमें दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी शामिल हैं, जिन्होंने 2017 में यहीं मुंबई में अपना पहला डब्लूटीए .125च्च खिताब जीता था। उन्होंने जोड़ा, ÷हमारे पास इस साल भी एक मजबूत क्षेत्र है, जिसमें कायला डे, नाओ हिबिनो और तमारा जिदानसेक के साथ-साथ उभरती हुई रूसी अलीना कोर्निवा भी शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि मुंबई में टेनिस प्रशंसक खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए झुंड में आएंगे।




## ऋषभ ने हादसे के दर्द भरे अनुभवों को याद किया

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गत वर्ष हुए कार हादसे से अब उबर गये हैं और फिटनेस हासिल करने के लिए जिम में भी अभ्यास में लग गये हैं। ऋषभ के आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की उम्मीदें हैं। वहीं एक कार्यक्रम के दौरान ऋषभ ने उस घटनाक्रम को याद करते हुए कहा कि हादसे के दौरान कुछ पल के लिए मुझे ऐसा लगा था कि अब मेरा समय दुनिया में समाप्त हो गया है। उस हादसे में इस क्रिकेटर को गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने घुटने का लिगामेंट भी फट गया था जिसके लिए दो बार सर्जरी हुई थी। इस क्रिकेटर ने उस दर्द भरे अनुभव के बारे में बताया है जिसमें उनकी जान जाते-जाते बची थी। इसमें उन्होंने साल 2022 के अंत में हुई घातक कार दुर्घटना को याद करते हुए कहा कि जीवन में पहली बार मुझे ऐसा लगा जैसे इस दुनिया में मेरा समय अब समाप्त हो गया है। दुर्घटना के दौरान मुझे घावों के बारे में पता था पर मैं भाग्यशाली था क्योंकि यह और भी गंभीर हो सकता था। मुझे लगा कि किसी ने मुझे बचा लिया है। अस्पताल में मैंने जब डॉक्टर से पूछा कि मुझे ठीक होने में कितना समय लगेगा, तो उसने कहा कि करीब डेढ़ साल। मुझे पता था कि मुझे इस रिकवरी समय को कम करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।



## ब्राजील फुटबॉल परिसंघ हस्तक्षेप को रोके : फीफा

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने कहा है कि सीबीएफ को अपनी फुटबॉल संस्था में हस्तक्षेप को रोकना होगा। साथ ही कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। फीफा के अनुसार अगले साल की शुरुआत में ही नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने की जगह एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन जल्दबाजी में किया तो उसे निलंबित किया जा सकता है। गौरतलब है कि रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण ही रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की ही दो शीर्ष अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बनाये रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के पक्ष में नहीं रहता है और इसलिए ब्राजील के फुटबॉल संघ पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है।





# वाणी के लिए धमाकेदार रहने वाला है साल 2024, एक या दो नहीं चार प्रोजेक्ट्स में आएंगी नजर

**वाणी कपूर ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए एक बयान में कहा, 2024 को लेकर मैं बहुत रोमांचित हूं। इस साल मैं चार अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में शामिल हूं। इनमें एक रेड 2 है, जिसमें मुझे शानदार एक्टर अजय देवगन के साथ काम करने का मौका मिला है।**

अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ये साल काफी शानदार होने वाला है। उनकी झोली में कई प्रोजेक्ट्स हैं और वे बड़े-बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। वाणी इस साल एक या दो नहीं, बल्कि पूरे चार प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी। इनमें से एक फिल्म है रेड 2, जिसमें वे अजय देवगन के साथ पहली बार काम कर रही हैं। इसके अलावा वेब सीरीज मंडला मर्डर्स के जरिए वे ओटीटी पर भी धमाल मचाएंगी। अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर वाणी काफी उत्साहित हैं।

### अजय देवगन के साथ आएंगी नजर

वाणी कपूर ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए एक बयान में कहा, 2024 को लेकर मैं बहुत रोमांचित हूं। इस साल मैं चार अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में शामिल हूं। इनमें एक है रेड 2 है, जिसमें मुझे शानदार एक्टर अजय देवगन के साथ काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म के जरिए न सिर्फ मुझे सीखने को मिलेगा, बल्कि बतौर कलाकार भी ये फिल्म मेरी अभिनय यात्रा को मजबूती देगी।

### बड़े सुपरस्टार के साथ करेंगी फिल्म

इसके अलावा वाणी ने एक और सुपरस्टार के साथ फिल्म करने को लेकर बात कीं, लेकिन इसकी डिटेल अभी सीक्रेट रखी गई हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैंने एक बड़े सुपरस्टार के साथ एक प्रोजेक्ट शुरू किया है, लेकिन अफसोस कि अभी इस प्रोजेक्ट को सीक्रेट रखा गया है, इसलिए मुझे इसकी जानकारी देने से भी रोका गया है।

### सर्वगुण संपन्न में जल्द आएंगी नजर

वाणी कपूर ने आगे फिल्म सर्वगुण संपन्न को लेकर बात की। इसमें वह लीड रोल कर रही हैं। फिल्म जल्द ही थिएटर में दस्तक देगी। वाणी ने कहा कि सालभर दर्शकों को वह अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगी। इसके अलावा वह 2024 में वाईआरएफ की सीरीज मंडला मर्डर्स में भी नजर आएंगी। इस थ्रिलर सीरीज में वह मुख्य चेहरा हैं।



# फैमिली स्टार में खास होगा मृणाल का किरदार

**अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत में अपने आगामी प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने विजय देवरकोंडा के साथ फैमिली स्टार नाम की फिल्म पर भी चर्चा की। मृणाल ठाकुर ने बहुत कम समय में अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। हिंदी पट्टी के साथ दक्षिण भारत में भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में वे अभिनेता नानी के साथ फिल्म हाय पापा में दिखाई दी थी। इस फिल्म में यशना के किरदार में उनको काफी पसंद किया गया है।**

### मजेदार होगा मृणाल का किरदार

अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत में अपने आगामी प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने विजय देवरकोंडा के साथ फैमिली स्टार नाम की फिल्म पर भी खुलासा किया। मृणाल ने बताया कि फिल्म में उनका किरादर काफी मजेदार है। अभिनेत्री ने कहा कि यह फिल्म उन सभी लोगों के लिए हैं, जिन्हें शिकायत है कि वे पर्दे पर अक्सर उन्हें रुला देती हैं।

### फिल्म में मिलेगा हर एक मसाला

उन्होंने बताया कि फैमिली स्टार मजेदार फिल्म है, जिसमें दर्शकों को वो सब चीजें देखने को मिलेंगी जो एक मनोरंजक फिल्म में होती हैं। मृणाल ने कहा, फिल्म में डांस है, खूबसूरत गाने हैं, खूबसूरत दृश्य हैं, मेरा मतलब है कि इसमें वह सबकुछ है जो लोग देखना चाहते हैं। मैं फिल्म से लोगों को चौंकाना और आश्चर्यचकित करना चाहती हूं। परशुराम सर के साथ काम करना मजेदार था।

### ये सितारे भी आएंगे नजर

निर्देशक की तारीफ करते हुए उन्होंने आगे कहा, वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मैं उनके लेखन की बहुत शौकीन हूं। मेरे लिए उनकी यात्रा बहुत प्रेरणादायक है। मैं वास्तव में फिल्म को लेकर उत्साहित हूं, क्योंकि यह परशुराम गारू के जीवन से भी संबंधित है। यह बहुत दिलचस्प है कि इसमें हमारे पास विजय और रोहिणी मैम हैं जो फिल्म में एक बहुत ही अभिन्न भूमिका निभा रहे हैं।

# फिल्मफेयर में 12वीं फेल को मिला बेस्ट फिल्म का खिताब

साल 2023 की सबसे चर्चित फिल्म 12वीं फेल का फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में भी दबदबा देखने को मिला। विक्रांत मैसी और मेधा शंकर स्टारर इस फिल्म को 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब मिला। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को बेस्ट फिल्म के साथ-साथ कई और कैटेगरी में भी अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फिल्म के साथ 12वीं फेल के लिए इसके निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा को बेस्ट डायरेक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है। वहीं, बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट मूवी एडिटिंग की कैटेगिरी में भी 12वीं फेल ने बाजी मारी है। इसके अलावा विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए फिल्म बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का अवार्ड मिला। गौरतलब है कि 12वीं फेल साल 2023 की सबसे सफल और चर्चित फिल्मों में से एक रही। अब 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में भी इस फिल्म ने धमाल मचाया है। कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई की। फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब सराहा। वहीं, सिनेमा जगत के दिग्गजों ने इसकी खूब तारीफ की थी। आईएमडीबी पर भी इसे 9.2 की रेटिंग मिली है, इसके साथ ही भारतीय सिनेमा की 250 फिल्मों की सूची में में 12वीं फेल आईएमडीबी पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली फिल्म है। 12वीं फेल मनोज कुमार शर्मा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो अपनी गरीबी और हर संघर्ष का सामना करते हुए आईपीएस अधिकारी बनते हैं। इस फिल्म में उनकी आईआरएस अधिकारी पत्नी श्रद्धा जोशी के साथ उनके सफर को दिखाया गया है, जो उनके कठिन समय में उनके पूरा साथ देती हैं।






# एनिमल पार्क होगी और भी ज्यादा हिंसक और खौफनाक

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की एनिमल लोगों के बीच बहुत फेमस हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ने के बाद ओटीटी पर रिलीज हुई। अब रणबीर कपूर ने एनिमल पार्क के बारे में बात की है और एनिमल को टॉक्सिक मर्दानगी के पॉजिटिव फैक्ट्स वाली फिल्म बताया है। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर एनिमल 2023 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी रिकॉर्ड कायम किया। जैसा कि हम जानते हैं कि फिल्म का सीक्वल एनिमल पार्क होगा, अब रणबीर ने एक नए इंटरव्यू में इसके बारे में बात की। नेटफ्लिक्स इंडिया के लिए एक्टर और स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी के साथ बातचीत के दौरान, रणबीर कपूर ने खुलासा किया कि इसे बनाने के दौरान एनिमल की कहानी कई लोगों को नहीं पता थी।

# करण जौहर ने किया नई फिल्म का ऐलान

फिल्ममेकर करण जौहर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। हालांकि करण की इस पोस्ट से फैंस थोड़ा कंफ्यूज हो गए हैं। क्योंकि उन्होंने लिखा है, ये कोई फिल्म अनाउंसमेंट नहीं है। उन्होंने ना तो फिल्म का नाम शेयर किया हैं और ना ही फिल्म की कास्ट के बारे में कोई जानकारी शेयर की है। करण जौहर ने इस फिल्म के बारे में फैंस को गेस करने के लिए कहा है। करण ने लिखा, ये कोई फिल्म अनाउंसमेंट पोस्ट नहीं है, लेकिन हो सकता है... अगर आपकी मदद मिले तो। हम पिछले एक साल से इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हमने इसे छुपा कर रखा है, इसकी डिटेल्स किसी से शेयर नहीं की है। उन्होंने लिखा, यहां तक कि फिल्म की क्रू को भी इसकी अहम डिटेल्स के बारे में कुछ नहीं पता है। ये डिसीजन डेब्यू डारेक्टर द्वारा लिया गया। अब फिल्म की कुछ बड़ी हिंट्स... फिल्म में एक साउथ का ऐसा सुपरस्टार है? जिसने हाल ही में सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म डिलीवर की है। करण ने लिखा, ये फिल्म तैयार है और जल्द ही रिलीज की जाएगी। कोई गेस? अगर आप फिल्म के टाइटल और बाकी डिटेल्स को सही गेस कर पाते हैं तो हमें आपकों फिल्म की झलक दिखाने के लिए बुलाने में बेहद खुशी होगी। विद लव टीम। करण जौहर की पोस्ट देखकर फैंस फिल्म को लेकर गेस करने लगे हैं और जमकर कमेंट कर रहे हैं। बहुत से यूजर्स ने इस फिल्म का नाम सरजमीं बताया है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म से इब्राहिम अली खान बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं।





# भविष्य में एआई की हमारे जीवन में बड़ी भूमिका होगी

**अभिनेता शाहिद कपूर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वे कृति सेनन के साथ स्क्रीन साझा करते दिखेंगे। इस फिल्म में शाहिद कपूर एक रोबोट साइंटिस्ट की भूमिका अदा कर रहे हैं। वहीं, कृति एक रोबोट सिफरा के किरदार में नजर आएंगी। ये फिल्म अगले महीने वैलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। हाल ही में शाहिद कपूर ने जिंदगी में एआई की भूमिका को लेकर बात की।**

### रोबोट और इंसान की प्रेम कहानी पर आधारित है फिल्म

फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक लव स्टोरी पर आधारित है। इस फिल्म में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में एक खूबसूरत और असंभव सी प्रेम कहानी को दिखाया जाएगा। हाल ही में शाहित और कृति इस फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में पिंक सिटी जयपुर गए। इवेंट में जब शाहिद से पूछा गया कि क्या भविष्य में एआई मानवीय भावनाओं पर कब्जा कर लेगा?

### एआई को लेकर एक्टर ने कही ये बात

सवाल का जवाब देते हुए शाहिद ने कहा, वास्तव में फिल्म इसी विषय पर आधारित है। फिल्में आपसे विश्वास की एक छोटी सी छलांग लगाने और संभावनाओं को देखने के लिए कहती हैं। शाहिद कपूर ने आगे कहा, राइट ब्रदर्स से पहले किसी को भी विश्वास नहीं था कि इंसान उड़ान भर सकते हैं उड़ सकते हैं और फिर उन्होंने कुछ किया और इससे सब कुछ बदल गया, है ना? अभिनेता ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम एक ऐसे समय की दहलीज पर हैं, जहां एआई बहुत बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। हमारे भविष्य को परिभाषित करने में यह मौलिक होगा। फरवरी में इस तारीख को होगी रिलीज इस फिल्म में कृति सेनन और शाहिद कपूर पहली बार साथ में स्क्रीन साझा करते दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना साह ने किया है। इसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र भी नजर आएंगे। ये फिल्म नौ फरवरी को रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लेकर शाहिद कपूर ने कहा कि ये बहुत ही मजेदार है, जो आपका भरपूर मनोरंजन करेगी।



# प्रियामणि-यामी एक साथ आएंगी नजर

कश्मीर की कहानियां सिनेमा प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करने से कभी नहीं चूकती और हालही में फ़िल्म आर्टिकल 370 का टीज़र रिलीज़ किया गया जिसके बाद से ही यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। यह फ़िल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इस जॉनर डिफाइनिंग फ़िल्म के टीज़र में दो पॉवरहाउस अभिनेत्रियां यामी गौतम और प्रिय मणि नज़र आईं। आपको बता दें कि यह जोड़ी पहली बार बड़े परदे पर नज़र आएंगी। इन दोनों अभिनेत्रियों ने विभिन्न प्रकार की फ़िल्मों में अपने दमदार प्रदर्शन के साथ इंडस्ट्री में आपने लिए एक जगह बनायी है। यामी को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाना जाता है, जिन्होंने विक्की डोनर, उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक और बाला जैसी फ़िल्मों में अपने प्रदर्शन से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वहीं प्रिया मणि ने जवान, परुथिवीरन जैसी फिल्मों में और द फ़ैमिली मैन जैसी वेब सिरीज़ में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। नेशनल अवार्ड विनिंग डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले ने अपनी आगामी एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा फ़िल्म के लिए इन दोनों सुप्रीमली टैलेंटेड कलाकारों को एक साथ लाया है। जबकि टीज़र ने दर्शकों को फ़िल्म की एक झलक दिखा दी है, फ़िल्म में यह दर्शाया जाएगा कि कैसे यामी जो एक इंटेलिजेंस अधिकारी की भूमिका निभाएंगी और उनके साथ प्रिया मणि जो एक पीएमओ ब्यूरोक्रेट की भूमिका में नज़र आएंगी। उनके जरिए हम घटनाओं की जटिल सिरीज़ और अविश्वसनीय परिस्थितियों को उजागर करते हैं जिसके कारण आर्टिकल 370 को अप्रभावी बनाने का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक परिणाम सामने आया। खैर, अलग-अलग जगहों से आने वाली दोनों अभिनेत्रियों को एक फ्रेम में देखना निश्चित रूप से दिलचस्प होगा! अब तक के दमदार प्रदर्शन के ट्रैक रिकॉर्ड और आर्टिकल 370 के सम्मोहक आधार के साथ, यामी और प्रिया मणि एक ऐसी फ़िल्म देने के लिए तैयार हैं जो महिला नायकों की पारंपरिक अपेक्षाओं से परे है। जियो स्टूडियोज़ और उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के मेकर की ओर से, आर्टिकल 370 एक हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है, जिसमें अभिनेत्री यामी गौतम अहम भूमिका में नज़र आ रही हैं और इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले ने किया है।



# बॉबी ने साझा किया सूर्या के साथ काम करने का अनुभव

साउथ सुपरस्टार सूर्या और बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल इन दिनों अपनी आने वाली पैन इंडिया फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में बॉबी देओल के जन्मदिन के मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने अभिनेता का पहला लुक जारी किया था, जिसमें खलनायक बने बॉबी का खतरनाक अंदाज देखने को मिला था। बॉबी देओल के किरदार उधिरन की पहली झलक सामने आने के साथ कंगुवा थोड़ा और रोमांचक हो गया है। वहीं अब अभिनेता ने सूर्या के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया है। एक ओर जहां बॉबी के इस नए अवतार को बेहद पसंद किया गया। प्रशंसकों ने अभिनेता के इस लुक पर खूब प्यार बरसाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं, वहीं अब अभिनेता ने भी फैंस से मिला प्यार का आभार जताया। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़ी कुछ बातों का खुलासा करते हुए सूर्या के साथ सेट पर काम करने का अनुभव भी साझा किया।

